# धर्मनिरपेक्षता देश के विश्वास की बुनियाद'

## भारतीय संदर्भ में समृद्धि और विकास की आधारभूत आवश्यकता'

धर्मनिरपेक्षता लोकतंत्र को सशक्त करने हेतु एक महत्वपूर्ण एवं शाश्वत सिद्धांत है' धर्मनिरपेक्षता भारतीय राजनीति का मूल आधार तत्व है' जिसमें राजनीतिक दलों को भारतीय संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका अंतर्निहित है' धर्मनिरपेक्षता धार्मिक उग्रवाद का बड़ा विरोधी भाव है' इसमें धर्म के प्रति विद्वेष का भाव नहीं होता है, बल्कि सभी धर्मों का समान आदर किया जाता है इस आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता सामाजिक और राजनीतिक सिद्धांत में प्रस्तुत सर्वाधिक जटिल शब्दों में एक है। धर्मनिरपेक्षता का अर्थ पाश्चात्य तथा भारतीय संदर्भ में अलग-अलग है' भारतीय धर्मनिरपेक्षता का




तात्पर्य समाज में विभिन्न धार्मिक मतों का अस्तित्व मूल्यों को बनाए रखने सभी मतों का विकास और समृद्धि करने की स्वतंत्रता का तथा साथ ही साथ सभी धर्मों के प्रति एक समान आदर तथा सहिष्णुता विकसित करना है' पश्चिमी संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता का तात्पर्य ऐसी व्यवस्था से है जहां धर्म और राज्यों का एक दूसरे के मामले में हस्तक्षेप न करना तथा व्यक्तियों और उसके अधिकारों को केंद्रीय महत्व दिया जाना शामिल है। यद्यपि भारतीय धर्मनिरपेक्षता मैं पश्चिमी भाव तो शामिल हैं साथ-साथ कुछ अन्य भाव भी शामिल किए गए हैं' धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति समाज या राष्ट्र अभाव होता है, जो किसी विशेष धर्म या अन्य धर्मों की तुलना में पक्षपात नहीं करता है'

भारतीय संदर्भ धर्मनिरपेक्षता की आजादी के बाद बड़ी स्वच्छ एवं स्वस्थ सार्वभौमिक परंपरा रही है इसमें किसी व्यक्ति से धर्म और संप्रदाय के नाम पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है' प्रत्येक नागरिक को इसके अंतर्गत स्वतंत्रता प्राप्त होती है कि वह अपनी इच्छा अनुसार किसी भी धर्म को अपनाएं एवं किसी भी व्यक्ति के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप न करें, भारत में धर्म और राजनीति को एक दूसरे से




अलग तथा पृथक रखने की हमेशा कोशिश की गई है' भारत में राज्य का अपना कोई धर्म नहीं है, यहां राज्य की नजर में सब एक समान है' भारत में धर्मनिरपेक्षता में सभी धर्मों को समानता का दर्जा प्रदान किया गया है।

सभी धर्मों के नागरिकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सभी धर्मों के नागरिकों को समान आदर व इज्जत से व्यवहार करें' भारतीय धर्मनिरपेक्षता राज्य के सभी धर्मों को विकास का समान अवसर देती है, इस प्रकार यह माना जा सकता है कि धर्मनिरपेक्षता सर्वधर्म समभाव पर विशेष महत्व देकर उस पर केंद्रित करती है' धर्मनिरपेक्षता के अंतर्गत तर्क और विवेक की प्रधानता होती है, सभी व्यक्ति को सब कुछ कहने और विचार करने की स्वतंत्रता होने के साथ-साथ वैज्ञानिक आविष्कारों को भी पूर्ण अधिकार के साथ प्रोत्साहित भी किया जाता है' भारतीय संदर्भ में धर्मनिरपेक्षता से विविधता में एकता को बल मिलता है' हालांकि कुछ राजनीतिक दलों ने समय-समय पर भारतीय धर्मनिरपेक्षता को सत्ता प्राप्त करने हेतु कमजोर करने की कोशिश की है, यह हमारी जिम्मेदारी तो है ही साथ ही आम जनता, राजनीतिक दलों,मीडिया एवं सभी प्रमुख राजनीतिक दलों की महती जिम्मेदारी है कि भारतीय संविधान के अनुरूप धर्मनिरपेक्षता का राजनीतिक, सामाजिक जीवन में पालन करें, जिससे हमारे देश का लोकतंत्र और अधिक सुदृढ़ होकर विश्व के लिए एक आदर्श प्रतिमान प्रस्तुत करें' आजादी के पूर्व तथा आजादी के पश्चात महात्मा गांधी, मौलाना अबुल कलाम आजाद, जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल, लाल बहादुर शास्त्री आदि नेताओं का धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के प्रति अटूट श्रद्धा एवं विश्वास था' स्वतंत्रता के पूर्व राष्ट्रीय आंदोलन से पहले ही सामाजिक धार्मिक सुधार आंदोलन ने धर्मनिरपेक्षता का मार्ग प्रशस्त कर दिया था,और स्वतंत्रता के बाद भारत में धर्मनिरपेक्षता की लोकतांत्रिक शासन प्रणाली अपनाई गई है, जिसके अंतर्गत व्यक्ति को समानता स्वतंत्रता व न्याय जैसे मानव अधिकार प्राप्त हैं' और इन अधिकारों में सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्वतंत्रता को माना गया है, इसके अभाव में राज्य में समानता व धर्म निरपेक्षता की स्थापना नहीं की जा सकती है' भारत की सबसे बड़ी विशेषता विविधता में एकता ही रही है, विविधता में एकता का मूल मंत्र ही धर्मनिरपेक्षता का है' भारत में अल्पसंख्यक भी इसी देश के निवासी हैं और इनको विश्वास दिलाने तथा इनकी रक्षा करने का मार्ग प्रशस्त धर्मनिरपेक्षता के अस्त्र के रूप में किया गया है' भारत देश निरंतर विकास के सोपान की तरफ अग्रसर है और एक वैश्विक महाशक्ति बनने की दिशा में प्रशस्त भी है।

इन परिस्थितियों में विश्व के समक्ष धर्मनिरपेक्ष था की एकता का आदर्श स्थापित करने की परम आवश्यकता है' भारतीय संविधान की प्रस्तावना के 42 वें संशोधन 1976 के अंतर्गत पंथनिरपेक्ष शब्द जोड़ा गया है, जिसका मतलब राज्य सभी मतों को समान रूप से रक्षा करेगा एवं स्वयं भी किसी मत को राज्य के धर्म के रूप में नहीं अपनाएगा' भारत का संविधान हमें विश्वास दिलाता है कि उसके साथ धर्म के आधार पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाएगा' भारत का संविधान पूर्ण रूप से भारतीय जनमानस की व्यक्तिगत, जातिगत स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए ही निर्मित किया गया है' न्यायपालिका तथा कार्यपालिका इस हेतु संपूर्ण रुप से प्रतिबद्ध भी हैं' किंतु भारतीय संदर्भ में सबसे बड़ी विडंबना यह है कि राजनीतिक दलों पर लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता को मजबूत करने की जिम्मेदारी है, वही लोग अपने स्वार्थ पर राजनीति के लिए मुद्दों को चुनावी हथियार बनाते हैं जिसका शिकार आम जनता को होना पड़ता है । इसके कारण समाज का माहौल बिगड़ जाता है' यह संपूर्ण रूप से एक चिंता का विषय है ।भारत में स्वतंत्रता के बाद से लोकतंत्र तथा धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत बड़े ही मजबूत रहे हैं और इसकी स्वस्थ परंपरा भी भारत देश में रही है। इसे हमेशा मजबूत एवं शाश्वत बनाने की आवश्यकता वर्तमान में प्रतीत होती है'

# अल्पसंख्यक अधिकार दिवस - संवैधानिक सुरक्षा से सामाजिक सद्भाव तक

**महेन्द्र तिवारी**

लोकतंत्र की सक्षमता और उसकी परिपक्वता का सबसे सटीक पैमाना यह होता है कि वह अपने अल्पसंख्यकों के साथ कैसा व्यवहार करता है। प्रतिवर्ष 18 दिसंबर को मनाया जाने वाला अल्पसंख्यक अधिकार दिवस केवल एक वार्षिक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह उस संकल्प को दोहराने का अवसर है जो हमारे संविधान निमार्ताओं ने आजादी की दहलीज पर लिया था। इसी दिन 1992 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 'अल्पसंख्यकों के अधिकारों की घोषणा' को अंगीकार किया था, जिसने वैश्विक स्तर पर एक ऐसे मानक की आधारशिला रखी जहाँ बहुमत के शोर में अल्पसंख्यक समुदायों की पहचान, भाषा और संस्कृति कहीं गुम न हो जाए।




भारत जैसे एक विशाल, बहुलवादी और विविधतापूर्ण देश में इस दिवस की प्रासंगिकता और भी गहरी हो जाती है क्योंकि यहाँ का लोकतंत्र अपनी संस्थागत मजबूती के लिए नहीं, बल्कि अपनी समावेशी समावेशिता के लिए जाना जाता है। भारतीय संविधान के निर्माण के समय से ही अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा को एक वैकल्पिक उदारता नहीं, बल्कि एक अनिवार्य संवैधानिक दायित्व के रूप में देखा गया। डॉ. बी.आर. अंबेडकर और संविधान सभा के अन्य सदस्यों ने यह स्पष्ट समझा था कि एक वास्तविक लोकतंत्र केवल संख्याओं का खेल नहीं है, बल्कि यह इस बात पर निर्भर करता है कि वह अपने सबसे छोटे समुदायों को कितना सुरक्षित महसूस कराता है। इसी विजन का परिणाम है कि आज भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29 और 30 अल्पसंख्यकों को अपनी विशिष्ट लिपि, संस्कृति और भाषा के संरक्षण के साथ-साथ अपनी पसंद के शैक्षणिक संस्थान स्थापित करने का अटूट अधिकार देते हैं। ऐतिहासिक रूप से देखा जाए तो भारत ने 1992 में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम पारित करके अपनी प्रतिबद्धता को कानूनी रूप दिया। 2004 में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय का अलग से गठन होना इस दिशा में एक और बड़ा कदम था, जिसने योजनाओं को कागजों से निकालकर धरातल पर लाने का प्रयास किया। मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन और पारसी समुदायों की विशिष्ट पहचान को सुरक्षित रखते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा में जोड़ना एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। आज जब हम इस दिवस को मनाते हैं, तो हमें यह स्वीकार करना होगा कि चुनौतियां केवल संवैधानिक ढांचों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे सामाजिक और आर्थिक वास्तविकताओं में भी समाया हुआ है। 2011 की जनगणना के आंकड़े बताते हैं कि मुस्लिम समुदाय में साक्षरता दर 68.5 प्रतिशत के आसपास है, जो राष्ट्रीय औसत से कम है। इसी तरह आर्थिक भागीदारी के मोर्चे पर भी कई विसंगतियां नजर आती हैं। सच्चर समिति (2006) की रिपोर्ट ने अल्पसंख्यकों की, विशेषकर मुसलमानों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का जो खाका खींचा था, वह आज भी नीति-निमार्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ बिंदु बना हुआ है। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम और नई शिक्षा नीति के माध्यम से इन अंतरालों को पाटने की कोशिश की गई है, लेकिन अभी एक लंबा सफर तय करना बाकी है। भारत के अल्पसंख्यक समुदायों ने देश के गौरव में जो योगदान दिया है, वह अतुलनीय है। चाहे वह पारसी समुदाय का औद्योगिक योगदान हो, सिख समुदाय का शौर्य और सेवा भाव हो, या फिर ईसाई मिशनरियों द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किया गया कार्य—इन सबके बिना आधुनिक भारत की कल्पना अधूरी है। लेकिन विकास के इस सफर में 'डिजिटल डिवाइड' और महामारी के बाद उत्पन्न हुई आर्थिक असमानता ने नई जटिलताएं पैदा कर दी हैं। कोविड-19 के दौर में जिस तरह से हाशिए पर खड़े समुदायों के रोजगार और शिक्षा प्रभावित हुए, उसने हमें याद दिलाया कि समावेशी विकास के लिए केवल नीतियां पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि उनके क्रियान्वयन में संवेदनशीलता और गति की भी आवश्यकता है। इसके साथ ही, हाल के वर्षों में बढ़ते धार्मिक ध्रुवीकरण और लिंचिंग जैसी घटनाओं ने एक असहज वातावरण सृजित किया है, जो देश के सांप्रदायिक सद्भाव के ताने-बाने के लिए चिंता का विषय है। अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का वास्तविक महत्व तभी सार्थक होगा जब हम केवल प्रतीकात्मक सेमिनार और प्रकाशनों तक सीमित न रहकर, जमीनी स्तर पर एक सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित करें।

वैश्विक संदर्भ में देखें तो अल्पसंख्यक अधिकार अब केवल किसी एक देश का आंतरिक मामला नहीं रह गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी 10) का उद्देश्य भी असमानता को कम करना है। भारत ने हमेशा से 'वसुधैव कुटुंबकम' के विचार को प्राथमिकता दी है, लेकिन इस वैश्विक छवि को बनाए रखने के लिए घरेलू स्तर पर आंतरिक सुरक्षा और सामाजिक न्याय के पैमानों को और अधिक सख्त करना होगा। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को अधिक स्वायत्तता और संसाधन प्रदान करना समय की मांग है ताकि वह केवल एक सलाहकार संस्था बनकर न रह जाए। इसके अलावा, डेटा की कमी एक बड़ी बाधा है; बिना सटीक और अद्यतन अल्पसंख्यक-विशिष्ट जनगणना के, कल्याणकारी योजनाओं का सटीक लक्ष्यीकरण असंभव है। आज के डिजिटल युग में शिकायत निवारण प्रणालियों को अधिक सुलभ और पारदर्शी बनाना अनिवार्य है, ताकि सुदूर इलाकों में बैठा कोई भी अल्पसंख्यक नागरिक अपने अधिकारों के हनन पर तुरंत आवाज उठा सके।

अल्पसंख्यक अधिकार दिवस वास्तव में बहुमत और अल्पमत के बीच एक स्वस्थ सेतु बनाने का दिन है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि एक सुदृढ़ राष्ट्र वही होता है जहाँ धर्मनिरपेक्षता केवल एक राजनीतिक नारा न होकर एक सामाजिक संस्कार हो। "सबका साथ, सबका विकास" और "सबका विश्वास" के नारे को चरितार्थ करने के लिए यह आवश्यक है कि हम उन समुदायों के भय को दूर करें जो स्वयं को असुरक्षित महसूस करते हैं। कौशल विकास, छात्रवृत्ति योजनाओं का बेहतर विस्तार और अंतर-धार्मिक संवाद के माध्यम से ही हम उस बहुलवादी समाज को बचा सकते हैं जिसके लिए हमारे पूर्वजों ने संघर्ष किया था।

अंततः, अल्पसंख्यक अधिकारों का संरक्षण कोई विशेष सुविधा नहीं है, बल्कि यह उस न्यायपूर्ण समाज की नींव है जहाँ पहचान को खतरा नहीं, बल्कि सम्मान का प्रतीक माना जाता है। भारत की विविधता ही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है, और इस शक्ति को सुरक्षित रखना हम प्रत्येक नागरिक का साझा दायित्व है। समावेशी भारत की ओर बढ़ते कदम ही हमारे लोकतंत्र को दुनिया के सामने एक मिसाल के रूप में पेश करेंगे।

# भारतीय जनता पार्टी की नवीन खोज

**मृत्युंजय दीक्षित**

गहन विचार मंथन के बाद भाजपा के नए अध्यक्ष की खोज नितिन नवीन जी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के साथ पूर्ण हो गई है। भारतीय जनता पार्टी का यह निर्णय हर किसी को चौंका रहा है। भाजपा के नये अध्यक्ष नितिन को यह उपलब्धि पार्टी के उन सभी धुरंधरों को पछाड़ते हुए मिली है जिनके नाम मीडिया के सभी मंचो पर चला करते थे। भाजपा की राजनीति के तौर तरीकों को अगर ध्यान से देखा जाए तो यह स्पष्ट हो रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह की अगुआई में चौंकाने वाले निर्णय ही हो रहे हैं और नितिन नवीन की खोज भी उसी कड़ी का एक हिस्सा है। नितिन ऐसे समय में भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए हैं जब बंगाल से लेकर तमिलनाडु, केरल, असम जैसे राज्यों में विधानसभा चुनाव निकट आ रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी का यह निर्णय कोई सामान्य घटना नही है यह पार्टी के भीतर भरोसा, संगठनात्मक परिवर्तन और अग्रगामी राजनीति का एक दर्पण है जो नई पीढ़ी के निर्माण को उत्सुक रहती है।

नितिन के चयन में एक प्रमुख संयोग यह है कि उनकी और भाजपा दोनों की आयु 45 वर्ष है। माना जा रहा है कि नितिन वर्ष 2026 की जनवरी में विधिवत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होंगे। नितिन नवीन का चयन भाजपा में पीढ़ीगत बदलाव की ओर बड़ा कदम है। पार्टी ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चुनने के लिए अनुभव, अनुशासन और वैचारिक निष्ठा को प्राथमिकता देते हुए एक युवा चेहरे को प्राथमिकता देकर अपनी भविष्य की रणनीति स्पष्ट कर दी है।




45 वर्षीय नितिन नवीन बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीट से लगातार पांच बार विधायकऔर तीन बार मंत्री रह चुके हैं। नितिन क्षेत्र और संगठन मे लगातार अपनी छाप छोड़ते आए हैं। 2015 में लालू नीतीश गठबंधन का दौर था और भाजपा को भारी पराजय का समाना करना पड़ा था उस समय भी नितिन भारी मतों से चुनाव जीतने में सफल रहे थे। वर्ष 2020 में कांटे की टक्कर में शत्रुघ्न सिन्हा के पुत्र लव सिन्हा को 84 हजार से भी अधिक मतों के अंतर से हराया। वर्ष 2023 में जब सभी राजनैतिक विश्लेषक यह मान बैठे थे कि छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल सरकार ही बनेगी उस समय भाजपा के चुनाव प्रभारी नितिन की रणनीति ने सभी विश्लेषकों को हैरत में डालते हुए छत्तीसगढ़ में भाजपा की ऐतिहासिक वापसी करा दी थी। नितिन नवीन की नियुक्ति से यह संकेत मिल रहा है कि भाजपा नेतृत्व आगामी चुनावों में बंगाल से लेकर पूर्वोत्तर के राज्यों तक विशेष ध्यान केंद्रित करना चाहती है।

यह तथ्य भी जानने योग्य हैं कि 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना के समय अटल बिहारी बाजपेयी 55 वर्ष की आयु में पार्टी के प्रथम अध्यक्ष बने और अटल -आडवाणी की वैचारिक मजबूती ने भाजपा को शिखर तक पहुंचाया । मुरली मनोहर जोशी से लेकर वैंकेया नायडू तक पार्टी के अध्यक्ष बने । भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी 77 वर्ष की आयु में भी अध्यक्ष रहे। 52 वर्षीय नितिन गडकरी भी पार्टी अध्यक्ष रहे। 2014 में 49 वर्षीय अमित शाह ने पार्टी की कमान संभाली और उसी वर्ष पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। मोदी-शाह की जोड़ी ने ऐसा करिश्मा दिखाया कि पूरा भारत भगवामय हो गया। नितिन के चयन में संभवतः आयु का भी ध्यान रखा गया क्योंकि जिन नेताओं के नाम मीडिया के माध्यम से सामने आ रहे थे उन सभी नेताओं की उम्र अधिक थी और वह उग्र होते राजनीतिक परिदृश्य में पद के साथ न्याय न कर पाते ।

नितिन नवीन को अध्यक्ष बनाकर भाजपा बंगाल को साधने का प्रयास कर सकती है । विश्लेषकों का मानना है कि नवीन जिस कायस्थ समाज से आते हैं उसका बंगाल में अच्छा खासा वोट तथा प्रभाव है। पार्टी उनके समाज को नेतृत्व में भागीदार होने का संदेश देना चाहती है। देशभर में कायस्थ सामाज की संख्या डेढ़ से दो करोड़ तक बताई जा रही है जो कुल आबादी का एक फीसदी से कुछ अधिक है। पश्चिम बंगाल में कायस्थों की आबादी 27 लाख है। बंगाल के अधिकतर हिस्सों में कायस्थ फैले हुए हैं। घोष, बोस, दत्ता, गुहा और अन्य उपनामों से इन्हें जाना जाता है। यह समुदाय बंगाल के संपन्न और प्रभावशाली समुदायों में से एक है। कोलकाता के आसपास इनकी बड़ी आबादी रहती है। बंगाल विधानसभा चुनावों में उनकी बड़ी भूमिका रहेगी। नितिन की नियुक्ति केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं अपितु राष्ट्रीय राजनीति में भविष्य की दिशा तय करने वाला कदम भी माना जा रहा है।

## समर्पित से न करते किनारा...!

किस-किस को दिखाओगे
बाहर का रास्ता,
पहले से ही हो रही पार्टी
की हालत खस्ता।
वह 'सत्य की ओर' ही तो
कर रहे थे इशारा,
समर्पित रहें मो. मुकीम से
न करते किनारा।
प्राथमिक सदस्यता से
निष्कासित कर दिया,
पार्टी विरोधी गतिविधियों
को 'चस्पा' किया।
यह दल आज भी मुश्किल
दौर से गुजर रहा,
नए नेतृत्व की जरूरत का
आगाज कर रहा।
पार्टी प्रमुख नेता के रूप में
आवश्यक मेहनत,
दौड़-भाग;लोगों से जुड़ाव
संभव सब सहमत।
पार्टी में खरगे सलाहकार
की भूमिका निभाएं,
वह किसी सक्रिय 'युवा
नेतृत्व' को आगे लाएं।
(संदर्भ-कांग्रेस ने पूर्व
विधायक को निष्कासित
किया )

## 23 दिसंबर किसान दिवस पर विशेष-

# सब का पेट भरने वाला किसान कहीं स्वयं भूखा तो नहीं... ?

**सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"**

भारत एक कृषि प्रधान देश है। यहां की लगभग अस्सी प्रतिशत आबादी खेती किसानी पर ही निर्भर है। अर्थात हमारे देश का अधिकतर वर्ग किसान की श्रेणी में आता है! फिर भी हमारे देश में प्राकृतिक संसाधनों, ऊर्जा, औद्योगिक वातावरण, कुशल श्रम सभी कुछ आवश्यक तत्वों के होते हुए भी आज का किसान इतना दयनीय है कि वह धीरे-धीरे किसानी जैसे जीविकोपार्जन से निराश होकर अन्य जीविकोपार्जन के लिए साधन खोजने पर विवश हो गया है। कहीं सबका पेट भरते भरते वह स्वयं ही तो भूखा नहीं रह जा रहा है ?यह यक्ष प्रश्न आज व्यवस्था के लिए अत्यंत विचारणीय है,और इसका समाधान निकालना अत्यंत आवश्यक है।

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री ने एक नारा दिया था - "जय जवान जय किसान"! अर्थात देश की रक्षा करने वाले सैनिक जवान हमारे लिए सम्माननीय हैं ,तो वहीं देश का पेट भरने वाले किसान भी उतने ही आदरणीय हैं। शायद उसे वक्त किसी ने भी यह नहीं सोचा होगा कि एक सैनिक तो एक देश विशेष की रक्षा के लिए दूसरे देश के इंसान को मौत के घाट उतार कर अपनी देश भक्ति का परिचय देता है। वहीं एक किसान तो बिना कोई भेदभाव किया हर इंसान के लिए अन्न उपजाता है। अर्थात वह पूरे इंसानियत की सेवा करता है। इस मायने में किसान तो देवतुल्य हो जाता है। आज यह हालत है कि इस देवता की हालत ही सबसे दयनीय है।

देश की सबसे बड़ी समस्या है किसानों की गरीबी व पिछड़ापन। इस पिछड़ेपन के कई कारण हैं। इन किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य का नही मिलना, दूसरे कृषि के उन्नत एवं सस्ते साधनों का अभाव होना, तीसरे किसानों और सरकार के बीच सीधा संबंध ना होना। यही तीन मुख्य कारण हैं जो हानिकारक साबित हो रहे हैं। बीच के व्यापारी- दलाल आदि इनका शोषण कर सरकार को भी आर्थिक चपत लग रहे हैं। सरकार को चाहिए कि वह सीधे किसानों से उनके उपज का विक्रय करने की व्यवस्था करें! तभी उन्हें बिचौलियों एवं व्यापारियों की बनी हुई इस गलत व्यवस्था पर काबू पाने में आसानी हो सकती है। क्रय विक्रय के बीच बिचौलियों की भूमिका सर्वथा खत्म कर देनी आवश्यक है। एक बहुत बड़ी विवशता आज किसानों के साथ चल रही है। वह यह कि प्रत्येक व्यवसायी या विक्रेता को अपने विक्रय वस्तु का विक्रय मूल्य निर्धारण करने का अधिकार दिया गया है। पर किसान को अब भी उसके उपज का विक्रय मूल्य निर्धारित करने का अधिकार नहीं मिल पाया है। जबकि वह अपनी उपज के तैयार होने के दौरान के सभी जोखिम, प्राकृतिक विपदाओं को स्वयं अकेले के बलबूते पर ही झेलता है। परिणामस्वरूप एक किसान को उसके उपज का उचित पारिश्रमिक नहीं मिल पाता जो उसके लिए घाटे का सौदा बन जाती है। और वह पुनः इन व्यापारियों या ठेकेदारों के पास एक कर्जदार के रूप में उनका चिर ऋणी बना दिया जाता है। किसान का यह अप्रत्यक्ष शोषण न जाने कब से चला आ रहा है। इस परंपरा को अब बंद करने के लिए अब सरकारी स्तर पर कुछ ठोस पहल होना चाहिये। अगर देश का विकास करना है तो इस अधिसंख्य वर्ग के विकास के लिये सार्थक पहल उतनी ही जरूरी है, जितना अन्य व्यावसायिक कार्य।

सरकारी उपक्रमों से भी किसानों को अपने कृषि कार्य के उचित संपादन के लिये खाद, बीज, ऋण, हल, बैल व अन्य साधनों को मुहैया नहीं करवाया जा रहा है। हां ये भी सच है कि इन्हें वह सब प्राप्त होता है पर ऊंचे ब्याज दर के बाद और वह फिर जब अपनी पूरी मेहनत और ईमानदारी के बाद भी ऋण को नहीं पटा पाता है तो उसके जीविका का मुख्य स्त्रोत खेत और खलिहान ही जप्त किया कर लिए जाते हैं ।

किसानों की दयनीय हालात को दूर करने के लिए कृषि का भरपूर विकास किया जाना भी अब अत्यंत आवश्यक हो गया है। कृषि के विकास के लिए जरूरी है कि सिंचाई व्यवस्था, उन्नत बीज, पशुपालन, पर्याप्त खाद एवं उर्वरक तथा प्रभावी कीटनाशक एवं अन्य संसाधन उपलब्ध हों। किसानों का मानसिक विकास भी आवश्यक होगा। जब तक इनमें नूतनता को ग्राह्य करने की शक्ति पैदा नहीं हो जाएगी इनकी आधुनिकीकरण में रुचि नहीं होगी। कृषक को स्वावलंबी बनाने के लिए जरूरी है कि कृषि भूमि को छोटे-छोटे टुकड़े होने से बचाया जाए। यदि कृषि भूमि अपना खर्च बर्दाश्त नहीं कर सकती है, तो फिर वह अनुपयोगी हो जाएगी। और अंतत उसे ( जीविका) त्याग कर किसान मजदूरी करने या रोजी-रोटी के लिए अन्य उपाय अपनाने को बाध्य हो जाएगा। इनका पिछड़ापन दूर करने के लिए शिक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। साथ ही निर्बल वर्ग के अधिकारों को सरकार की ओर से संरक्षण भी जरूरी है।

किसानों की प्रगति पर दृष्टि डालने से ऐसा एक भी पहलू नजर नहीं आता, जिस पर हम गर्व कर सकें। मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ की ही बात करें तो प्रदेश में सब कुछ होने के बावजूद भी किसान अपेक्षाकृत प्रगति नहीं कर पाया है। जिसका एक ही कारण है कुप्रबंधन। सक्षम प्रबंधन खराब से खराब स्थिति में भी प्रगति के द्वार खोल देता है। पंजाब व हरियाणा के किसानों की प्रगति इस बात का प्रत्यक्ष उदाहरण है। गुजरात व महाराष्ट्र में हुई प्रगति भी क्षमता पूर्ण प्रबंधन से ही संभव हो सकी है। वहीं दूसरी तरफ सिंचाई का उदाहरण लें, हमारे कुछ प्रदेशों की सिंचाई क्षमता राष्ट्रीय औसत से काफी कम है। सिंचाई के भरपूर साधनों के बावजूद हम सिंचाई के मामले में राष्ट्रीय औसत से अभी काफी पीछे हैं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में पेंशनर्स की समस्याओं के निस्तारण हेतु पेंशनर दिवस का आयोजन

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 17 दिसम्बर 2025: जनपद गौतम बुद्ध नगर में आज विकास भवन सभागार में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने की।

इस अवसर पर जनपद के वरिष्ठ पेंशनर्स आर.एन. चौधरी (92 वर्ष), राजेश पांडेय (87 वर्ष), कृष्णपाल सिंह (97 वर्ष), महेश प्रसाद (93 वर्ष) और हरीश चन्द्र अग्रवाल (87 वर्ष) को फूल माला और शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने पेंशनर्स के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने पेंशनर्स की शासकीय सेवा में दीर्घकालीन निष्ठा और योगदान की सराहना की और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं लंबी उम्र की कामना की।

कार्यक्रम में मुख्य कोषाधिकारी शिखा गुप्ता ने पेंशन दिवस के महत्व और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिवस शासकीय सेवा में वर्षों तक निष्ठा और समर्पण देने वाले पेंशनर्स के सम्मान तथा उनके हितों की रक्षा के लिए आयोजित




किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि पेंशन केवल वित्तीय सहायता नहीं, बल्कि उनके दीर्घकालीन योगदान का सम्मान है।

पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रघुराज सिंह चौहान और अन्य पेंशनर्स ने इनकम टैक्स, चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल, आर्म्स लाइसेंस नवीनीकरण, पेंशन निर्धारण, शिक्षा विभाग से संबंधित लंबित प्रकरण सहित अन्य समस्याएं प्रस्तुत कीं। इन सभी विषयों पर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, पेंशनर्स ने आठवें वेतन आयोग में पूर्व पेंशनर्स को शामिल करने की मांग को लेकर ज्ञापन भी सौंपा।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कोषाधिकारी शिखा गुप्ता द्वारा किया गया। समापन अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एवं वरिष्ठ कोषाधिकारी ने सभी पेंशनर्स के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए उनका धन्यवाद किया।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, वरिष्ठ कोषाधिकारी शिखा गुप्ता, एसीएमओ डॉ. हरिमोहन गर्ग, वरिष्ठ लेखाकार शरद रस्तोगी, राजीव त्यागी, शिल्पी शर्मा, कोषागार कार्यालय का स्टाफ, संबंधित विभागीय अधिकारी और जनपद के सम्मानित पेंशनर्स उपस्थित रहे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# शादी और नववर्ष समारोहों में मदिरा परोसने हेतु लाइसेंस अनिवार्य, उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 17 दिसंबर 2025: जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने जनपद के समस्त अध्यक्ष, आरडब्ल्यूए, स्वामी एवं प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि बैन्क्वेट हॉल, फार्म हाउस, रेस्टोरेंट, क्लब, सोसाइटी क्लब, रिजॉर्ट, मैरिज हॉल, कम्युनिटी सेंटर, होटल आदि में आयोजित शादी, नववर्ष उत्सव और अन्य पार्टियों में मदिरा परोसने के लिए आबकारी विभाग से समारोह (अकेजनल) बार अनुज्ञापन एफएल 11 प्राप्त करना अनिवार्य है।

उन्होंने यह स्पष्ट किया कि समारोहों में केवल उत्तर प्रदेश राज्य में अनुमन्य मदिरा का ही सेवन सुनिश्चित किया जाए। इसके अनुपालन के लिए जनपद स्तर पर निरीक्षण टीमों का गठन किया गया है, जो आकस्मिक रूप से समारोह स्थलों का निरीक्षण करेंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि उपभोग की जा रही मदिरा राज्य में अनुमन्य है या नहीं। जिला आबकारी अधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि किसी समारोह में अन्य प्रांत की मदिरा पाई जाती है या बिना समारोह बार लाइसेंस के मदिरा परोसी जाती है, तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम एवं भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड बनवाने का सुनहरा अवसर

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 17 दिसंबर 2025: मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत प्रत्येक परिवार को चिन्हित अस्पतालों में पांच लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना में परिवार के हर सदस्य का अलग-अलग कार्ड बनाया जाता है, जिससे पाँच लाख तक का लाभ कोई एक व्यक्ति या पूरा परिवार मिलकर ले सकता है।

उत्तर प्रदेश शासन के निदेशानुसार 25 नवंबर 2025 से 25 दिसंबर 2025 तक आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड का विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान में अधिक से अधिक पात्र परिवारों को कार्ड बनवाने के लिए आशा वर्कर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सहायक, कोटेदार, स्कूल के शिक्षक, प्रधान, सचिव तथा जन सूचना केंद्र संचालक से सहयोग की अपील की गई है।

पात्र परिवार आयुष्मान भारत ऐप डाउनलोड करके, ऑनलाइन आवेदन करके, लाभार्थियों को सूचीबद्ध अस्पताल भेजकर या टोल-फ्री नंबर 14555 तथा 1800-1800-4444 पर कॉल करके कार्ड बनवा सकते हैं।

**योजना के प्रमुख बिंदुओं के अनुसार:** सभी अंत्योदय कार्ड धारक (गुलाबी/लाल राशन कार्ड वाले परिवार) शत-प्रतिशत पात्र हैं। 70 वर्ष से अधिक उम्र वाले सभी व्यक्ति और उत्तर प्रदेश सरकार के सभी कर्मचारी भी पूर्णतः पात्र हैं। अन्य राशन कार्ड धारक अपनी पात्रता ऑनलाइन चेक कर कार्ड बनवा सकते हैं।

कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड और राशन कार्ड आवश्यक दस्तावेज हैं। लाभार्थी अपनी पात्रता आयुष्मान भारत ऐप, ऑनलाइन, टोल-फ्री नंबर या नजदीकी सूचीबद्ध अस्पताल में जाकर और जन सूचना केंद्र संचालक की मदद से जाँच सकते हैं।

इस प्रक्रिया में आशा, आंगनवाड़ी, पंचायत सहायक, कोटेदार और स्कूलों के शिक्षक भी सहायता कर सकते हैं। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# खादी एवं ग्रामोद्योग विकास सतत रोजगार प्रोत्साहन नीति से ग्रामोद्योगों के लाभार्थियों को मिल रहा रोजगार

लखनऊ, 17 दिसंबर 2025: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में प्रथम बार वित्तीय वर्ष 2017-18 में खादी एवं ग्रामोद्योग विकास सतत रोजगार प्रोत्साहन नीति लागू की गई। इस नीति के अंतर्गत पूंजी निवेश के माध्यम से ग्रामोद्योग स्थापित कर रोजगार सृजन, अवस्थापना सुविधाओं का विकास, उद्योग/व्यापार में अनुकूल वातावरण और नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। नीति के तहत विपणन, ब्रांडिंग, पैकेजिंग, प्लाजा और ऑनलाइन विपणन जैसे कार्य भी शामिल हैं।

**मुख्य प्रगतियाँ और योजनाएँ:**

सोलर चर्खा वितरण एवं प्रशिक्षण: पंजीकृत खादी संस्थाओं के माध्यम से कत्तिनों को निःशुल्क सोलर चर्खा उपलब्ध कराया जाता है। पिछले सात वर्षों में 5832 कत्तिनों को सोलर चर्खा प्रदान कर 11664 व्यक्तियों को रोजगार मिला। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1000 कत्तिनों को सोलर चर्खा वितरण किया जा रहा है।

दोना मेकिंग मशीन वितरण: आर्थिक रूप से कमजोर और बेरोजगार ग्रामीण कारीगरों को प्रोत्साहित करने के लिए 2029 लाभार्थियों को 2018-19 से 2024-25 तक टूलकिट्स उपलब्ध कराए गए, जिससे 6087 व्यक्तियों को रोजगार मिला। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 580 लाभार्थियों को टूलकिट्स प्रदान कर 1740 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है।

पॉपकार्न मेकिंग मशीन वितरण: 2021-22 से संचालित इस योजना के तहत 2024 लाभार्थियों को टूलकिट्स उपलब्ध कराए गए, जिससे 6072 व्यक्तियों को रोजगार मिला। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 750 लाभार्थियों को टूलकिट्स देकर 2250 व्यक्तियों को रोजगार दिया जा रहा है।

तुलसी माला मेकिंग मशीन वितरण (मथुरा): भारतीय औद्योगिकी संस्थान नई दिल्ली द्वारा विकसित मशीन के माध्यम से मथुरा में 195 चयनित लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में निःशुल्क मशीनें दी गईं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हुए।

ग्रामोद्योग समाधान सेल: खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा उद्यमियों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण करने हेतु मुख्यालय पर समाधान सेल और जनपदीय कार्यालयों में हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। विभाग ने इसका मोबाइल एप और वेब पोर्टल भी विकसित किया है, जो प्ले स्टोर पर उपलब्ध है।

इस नीति के माध्यम से न केवल रोजगार सृजन हुआ है बल्कि ग्रामोद्योगों के विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी मदद मिली है। सौजन्यः सूचना विभाग, उत्तर प्रदेश

# किसान सम्मान दिवस पर लगेगा योजनाओं और तकनीक का मेला

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 17 दिसंबर 2025: जिलाधिकारी मेधा रूपम ने जनपद के समस्त कृषकों को सूचित किया कि स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह (पूर्व प्रधानमंत्री) के जन्मदिवस के अवसर पर सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजनांतर्गत किसान सम्मान दिवस एवं कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के तहत मिलेट्स रेसिपी एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम के साथ 23 दिसंबर 2025 को कृषि विज्ञान केंद्र छोलस, दादरी में प्रातः 10:30 बजे से आयोजित होगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस किसान मेले का मुख्य उद्देश्य कृषकों को फसलों की नवीनतम कृषि तकनीकों की जानकारी उपलब्ध कराना और आधुनिक कृषि पद्धतियों के माध्यम से फसल उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों और संबंधित फर्मों द्वारा स्टाल लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से किसानों को कृषि योजनाओं, उन्नत बीज, आधुनिक उपकरण, मिलेट्स आधारित उत्पादों और नवीन तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि वे आयोजन में समय पर प्रतिभाग करें और अपने स्टाल अनिवार्य रूप से स्थापित करें, ताकि जनपद के अधिक से अधिक कृषक सरकार की योजनाओं और तकनीकी नवाचारों का प्रत्यक्ष लाभ उठा सकें। उन्होंने कृषकों से अपील की कि वे इस किसान सम्मान दिवस में अधिकाधिक संख्या में सहभागिता करें और कार्यक्रम का पूर्ण लाभ उठाएं। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन में किसान दिवस हुआ संपन्न

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 17 दिसंबर 2025: जनपद के कृषकों की कृषि संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित किसान दिवस का आयोजन आज विकास भवन, सभागार कक्ष में जिलाधिकारी के निदेशानुसार मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम में प्रगतिशील कृषकों ने अपनी समस्याओं को बैठक में रखा और कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री विषय पर जागरूकता का प्रचार-प्रसार किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी सहकारी समितियों पर उर्वरक/यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने खंडेरा, छौलस आदि गांवों में जलभराव की समस्या के समाधान हेतु सिंचाई विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में 3590 मैट्रिक टन यूरिया बिक्री केंद्रों पर उपलब्ध है और भविष्य में भी किसी प्रकार की कमी नहीं होगी।

किसान दिवस कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र से जुड़े विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें सिंचाई, ऊर्जा, कृषि उत्पादन शाखा, उद्यान, मत्स्य, दुग्ध उत्पादन और पशुपालन शामिल थे। इसके साथ ही एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक भी कार्यक्रम में मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अंत में उप कृषि निदेशक, गौतम बुद्ध नगर, राजीव कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी कृषकों और अधिकारियों/कर्मचारियों का धन्यवाद करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। सौजन्यः सूचना

# प्रदेश सरकार माध्यमिक शिक्षा को बढ़ावा देते हुए विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं का कर रही विकास

समाज जागरण

लखनऊ, 17 दिसंबर 2025: प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में माध्यमिक शिक्षा को अधिक सुदृढ़ और समावेशी बनाने के लिए प्रदेश सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। माध्यमिक शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक शिक्षा, संज्ञानात्मक, सामाजिक, भावनात्मक तथा मनोदैहिक कौशल में दक्ष बनाना और उन्हें उच्च शिक्षा व कौशल विकास के लिए तैयार करना है। वर्तमान में प्रदेश में 29,216 माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं।

सरकार ने तकनीकी और रोजगार परक शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में अनेक विकासात्मक कार्य किए हैं। प्रदेश में 41 नए इंटर कॉलेज, 215 राजकीय हाई स्कूल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है और 60 नए इंटर कॉलेजों की स्वीकृति दी गई है। वर्तमान में 280 नए राजकीय इंटर कॉलेज/हाई स्कूल संचालन में हैं। इसके अलावा, पूर्वांचल का प्रथम और प्रदेश का दूसरा सैनिक स्कूल जनपद गोरखपुर में स्थापित किया गया है।

**प्रोजेक्ट अलंकार:** राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएँ प्रदान करने हेतु 480 विद्यालयों में पुस्तकालय, 272 प्रयोगशाला, 1116 मल्टीपरपज हाल, 577 शौचालय, 1006 पेयजल सुविधा, 464 अतिरिक्त कक्षा-कक्ष, 1167 विद्यालयों में चहारदीवारी और 184 विद्यालयों में विद्युतीकरण किया गया है। इस परियोजना के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में 98.31 करोड़, 2023-24 में 422 करोड़, 2024-25 में 508.58 करोड़ और वर्ष 2025-26 में 479.49 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**सहयोगी अनुदान:**

वर्ष 2023-24 में 152 विद्यालयों को 25.53 करोड़, वर्ष 2024-25 में 316 विद्यालयों को 57.55 करोड़ और वर्ष 2025-26 में 86 विद्यालयों को 1.98 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया।

**खेल और तकनीकी शिक्षा:**

राजकीय इंटर कॉलेजों में खेल जागरूकता हेतु इण्डोर मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 23 कॉलेजों के लिए 49.68 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए और 2025-26 में 50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। विद्यार्थियों में तकनीकी और व्यवहारिक ज्ञान बढ़ाने हेतु 778 क्ळ लैब स्थापित की गई हैं और 1236 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास स्थापना कायार्धीन है। वर्ष 2023-24 में 101 विद्यालयों में अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की गई।

**पी.एम. श्री विद्यालय योजना:**

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप 145 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को पी.एम. श्री विद्यालय के रूप में चयनित किया गया। मिशन रोजगार के तहत योग्य शिक्षकों की नियुक्ति के लिए लिखित परीक्षा और साक्षात्कार प्रक्रिया सम्पन्न कर 8966 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र/पदस्थापन आदेश प्रदान किया गया है, जिनमें 6808 सहायक अध्यापक, 1939 प्रवक्ता और 219 प्रधानाचार्य शामिल हैं।

प्रदेश सरकार के इन प्रयासों से माध्यमिक शिक्षा में न केवल गुणवत्तापरक शिक्षा सुनिश्चित हो रही है बल्कि विद्यार्थियों के लिए समावेशी, तकनीकी और रोजगार परक अवसर भी विकसित हो रहे हैं। सौजन्यः सूचना विभाग, उत्तर प्रदेश

# इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस चोरी कर पार्ट्स की तस्करी करने वाले 04 अभियुक्त गिरफ्तार, करीब ₹2 करोड़ का सामान बरामद

समाज जागरण

नोएडा: दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की चोरी और उनके पार्ट्स की तस्करी करने वाले 04 अभियुक्तों को नोएडा पुलिस (@noidapolice) ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से लगभग 02 करोड़ मूल्य का चोरी का सामान बरामद किया है। बरामद सामान में 60 आईफोन, 28 आईपैड, 01 एप्पल टीवी, 10 अन्य मोबाइल फोन, 265 मोबाइल पार्ट्स, टैबलेट तथा दो पहिया वाहन शामिल हैं। पुलिस के अनुसार अभियुक्त दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले स्थानों को चिन्हित कर मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की चोरी और स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देते थे। इसके अलावा ये अभियुक्त जनसभाओं और सार्वजनिक आयोजनों में समर्थक बनकर भीड़ का फायदा उठाते हुए मोबाइल फोन चोरी कर लेते थे।

# मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में कबड्डी, बास्केटबॉल व जिम के लिए प्रशिक्षकों की तैनाती

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 17 दिसंबर 2025: जिला खेल कार्यालय गौतम बुद्ध नगर ने मलकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अंशकालिक प्रशिक्षकों की नियुक्ति की है। यह नियुक्तियां समिति द्वारा साक्षात्कार के उपरांत जिलाधिकारी के आदेशों के क्रम में की गई हैं।

**नियुक्त प्रशिक्षकों में शामिल हैं:**

बास्केटबॉल प्रशिक्षक: विजय कुमार
कबड्डी प्रशिक्षक: सुमित कुमार
जिम प्रशिक्षक: शुभम नागर
महिला जिम प्रशिक्षक: मनीषा गौतम

प्रभारी जिला खेल अधिकारी डॉ. परवेज अली ने बताया कि खेल और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अब तक खिलाड़ी बिना प्रशिक्षक के जिम अभ्यास कर रहे थे, वहीं कबड्डी खिलाड़ियों को भी प्रशिक्षक के अभाव में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। बास्केटबॉल प्रशिक्षक की मांग भी खिलाड़ी लंबे समय से कर रहे थे।

डॉ. अली ने विश्वास जताया कि अब अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में खिलाड़ी बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारी अधिक प्रभावी ढंग से कर पाएंगे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# शाहबुद्दीन को आगरा/हाथरस का प्रभारी बनाए जाने पर कांग्रेस नेताओं का आभार व्यक्त

समाज जागरण

मुजफ्फरनगर/पश्चिम उत्तर प्रदेश: उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस पश्चिम प्रदेश के महासचिव शाहबुद्दीन को जनपद आगरा एवं हाथरस का प्रभारी नियुक्त किए जाने पर उन्होंने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

शाहबुद्दीन ने इस अवसर पर उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस पश्चिम अध्यक्ष आदरणीय श्री पारस शुक्ला, भारतीय युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी आदरणीय श्री विशाल चौधरी तथा वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं मुजफ्फरनगर शहर कांग्रेस कोऑर्डिनेटर आदरणीय श्री एडवोकेट दिनेश अवाना सहित सभी शीर्ष नेताओं का धन्यवाद किया।

उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। शाहबुद्दीन ने विश्वास दिलाया कि वे आगरा एवं हाथरस जनपदों में संगठन को मजबूत करने, युवाओं को पार्टी से जोड़ने और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य पूरी सक्रियता से करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि युवा कांग्रेस की मजबूती ही संगठन की भविष्य की ताकत है और वे पार्टी नेतृत्व की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे।

# कूटरचित दस्तावेजों से ऑनलाइन ठगी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार, भारी मात्रा में डिजिटल उपकरण बरामद

बांदा: कूटरचित दस्तावेजों का दुरुपयोग कर ऑनलाइन ठगी करने वाले 02 अभियुक्तों को थाना बांदा पुलिस (@bandapolice द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 08 मोबाइल फोन, 12 एटीएम कार्ड, 08 सिम कार्ड, 05 आधार कार्ड, पैन कार्ड, स्वाइप मशीन, 15 अकाउंट किट और एक फिंगर प्रिंट स्कैनर बरामद किया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त कूटरचित आधार कार्ड और पैन कार्ड, अवैध रूप से तैयार दफकोड एवं ऋळ नंबर का इस्तेमाल कर लोगों को ऑनलाइन सस्ते सामान बेचने का झांसा देते थे। ऑनलाइन भुगतान प्राप्त करने के बाद वे पीड़ितों से संपर्क तोड़ लेते थे और ठगी की वारदात को अंजाम देते थे।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 17 दिसंबर 2025: अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को लेकर प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में कार्य कर रहा है। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी वित्त राजस्व एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौतम बुद्ध नगर, अतुल कुमार की अध्यक्षता में आईआईएमटी नॉलेज पार्क, ग्रेटर नोएडा के सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की गई। बैठक में समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार 04 नवंबर 2025 से 26 दिसंबर 2025 तक बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। प्राप्त प्रपत्रों का संग्रहण कर उनका डिजिटाइजेशन और मैपिंग का कार्य लगातार किया जा रहा है। नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृतक एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा नाम-पता संशोधन जैसे कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जा रहे हैं और एएसडी सूची का पुनः रिव्यू किया जा रहा है ताकि निर्वाचक नामावलियां पूरी तरह



अद्यतन हों।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचक नामावलियों में विद्यमान लॉजिकल एवं एएसडी डिस्क्रेपेन्सी को समाप्त करने हेतु सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लॉजिकल और एएसडी डिस्क्रेपेन्सी का आवंटन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट और सुपरवाइजर्स के मध्य इस प्रकार किया जाए कि समयबद्ध, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी कार्यवाही के माध्यम से सभी विसंगतियों का पूर्ण समाधान सुनिश्चित हो।

उन्होंने यह भी बताया कि आगामी शनिवार एवं रविवार को पुनः बूथ डे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समस्त बीएलओ अपने बूथ पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त सुझाव, आपत्तियाँ और दावों का निस्तारण किया जाएगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, बीएलओ के कार्यों की नियमित एवं प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जाए और किसी स्तर पर शिथिलता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने और फील्ड स्तर पर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्य गुणवत्ता, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ पूर्ण किए जाएं ताकि जनपद की निर्वाचक नामावलियां पूर्णतः शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन तैयार हो सकें।

सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# जिलाधिकारी ने देर रात किया रैन बसेरों की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 17 दिसंबर 2025: शीत लहर को दृष्टिगत रखते हुए निराश्रितों एवं असहायों के लिए रैन बसेरों में सुविधाओं की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी मेधा रूपम ने आज सामुदायिक केंद्र, सेक्टर डेल्टा-2, ग्रेटर नोएडा एवं परी चौक, ग्रेटर नोएडा वर्क सर्किल-4 स्थित रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रैन बसेरों में ठहरे लोगों से संवाद कर उपलब्ध कराई जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ठहरे प्रत्येक व्यक्ति को बिस्तर, कंबल, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा सहित सभी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं।

मेधा रूपम ने स्पष्ट किया कि शीत लहर के दौरान कोई भी व्यक्ति खुले में न सोए। इसके लिए चारपायी या तखत पर गद्दे बिछाने, चादरें एवं




कंबल साफ रखने, शौचालय और पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खुले स्थानों पर रहने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें रैन बसेरों तक पहुँचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने रैन बसेरों के आसपास अलाव की व्यवस्था की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि ठंड से बचाव हेतु अलाव नियमित रूप से जलाए जाएं तथा इसके लिए पर्याप्त ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को रैन बसेरों एवं आसपास की व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी का भी निर्देश दिया, ताकि शीत ऋतु के दौरान किसी भी व्यक्ति को असुविधा न हो और उन्हें सुरक्षित, स्वच्छ एवं सम्मानजनक आश्रय मिल सके।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर, आशुतोष गुप्ता, तहसीलदार सदर, प्रतीक चौहान, नायब तहसीलदार, ज्योत्सना सहित प्राधिकरण एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# परिवहन आयुक्त के निर्देश पर निर्माणाधीन एआरटीओ कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे राजेश कुमार

- एआरटीओ कार्यालय का भी किया निरीक्षण
- घने कोहरे में वाहन चालकों को दुर्घटनाओं से बचाने के एआरटीओ को दिए निर्देश



**समाज जागरण**

सम्भल। परिवहन आयुक्त किंजल सिंह के द्वारा अधिकारियों को शीतकालीन भ्रमण के दिये गये निदेशों के कम में उप संभागीय परिवहन कार्यालय संभल का निरीक्षण संभागीय परिवहन अधिकारी, मुरादाबाद राजेश कुमार सिंह द्वारा किया गया।

राजेश कुमार द्वारा निरीक्षण के दौरान कार्यालय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति चेक की गई, साथ ही बकाया की गाड़ियों को नोटिस व वसूल पत्र प्रेषित करने तथा लम्बे समय से थानों में निरूद्ध वाहनों की नीलामी की कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया गया। शीत ऋतु में विशेष अभियान चलाकर, ओवर स्पीड़ वाहन न चलाने, कोहरे के दृष्टिगत वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाने, वाहनों में फॉग लाइट का प्रयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाईल फोन का प्रयोग न करने, शराब पीकर वाहन न चलाने का व्यापक प्रचार प्रसार कर जनता को जागरूक व प्रेरित किया जाये तथा ऐसा न करने पर नियमानुसार अभियोगो में अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा प्रवर्तन की कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। कार्यालय भवन की साफ सफाई एवं पत्रावलियों के रख रखाव उचित ढंग से किये जाने हेतु निर्देशित करते हुए कार्यालय में स्थापित पटलों का निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित आवेदकों से उनके आवेदनों के निस्तारण के सम्बंध में जानकारी की गयी। इसके अतिरिक्त निमार्णाधीन सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय भवन किसौली में जाकर निरीक्षण किया गया, जहाँ पर निमार्णाधीन भवन कार्य बंद पाया गया। इस सम्बंध में उन्होंने उच्च स्तर पर इस सम्बंध में पत्राचार करने की बात कही।

# किसान को नैनो उर्वरकों के प्रयोग से आएगी लगत में कमी अमित पटेल क्षेत्राधिकार

**समाज जागरण**

संभल। जनपद संभल के क्षेत्राधिकार इफको अमित पटेल ने एक इंटरव्यू में बताया कि जनपद संभल में किसान भाइयों द्वारा मुख्य रूप से रबी सीजन में आलू की फसल की खेती की जाती हैं जिसमें फास्फेटिक उर्वरकों मुख्यत ठढङ 12:32:16 की माँग अधिक होती है आलू की बुवाई समाप्त हो चुकी है और फसल में सिंचाई की जा रही हैं हमारे कुछ किसान भाइयों द्वारा आलू की खड़ी फसल में सिंचाई के बाद ठढङ 12:32:16 ऊपर से डाल रहे हैं जो कि फसलों हेतु लाभकारी नहीं है इतना अधिक पैसे लगा कर उर्वरकों को खेत में डालना ये लागत तो बढ़ती ही है इसके साथ साथ श्रम और समय भी खराब होता है , प्रिय किसान भाइयो जैसा कि आप जानते ही है कोई भी फास्फेटिक उर्वरकों का प्रयोग फसल बुवाई के समय ही कर दिया जाता हैं , ऊपर से खड़ी फसल पर फास्फेटिक उर्वरकों का प्रयोग नहीं करना चाहिए क्यों कि फास्फेटिक उर्वरक मृदा में बहुत कम चलायमान होते है ये जिस स्थान पर पड़ते हैं वहीं पड़े रहते है मृदा के कड़ों के साथ फिक्स हो जाते हैं यदि कुछ मात्रा जड़ के संपर्क में आती हैं उसका ही पौधा उपयोग अधिकतम 15-18% उपयोग कर पता हैं , फसल में जब पत्तियां आ जाए तो किसान भाइयो नैनो उर्वरकों का प्रयोग करे जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि होगी और फसल में कीट पतंगों में काफी हद तक कमी होती है कोई भी रोग फसल पर ज्यादा प्रभाव नहीं डाल पाता हैं नैनो उर्वरकों में नैनो डीएपी 5 मिली/लीटर यानी नैनो बोतल की 3 ढक्कन एक पानी की टंकी में डाले जिससे फसल उत्पादन और फसल की गुणवत्ता में वृद्धि होगी, नैनो डीएपी के साथ किसान भाई नैनो यूरिया समान मात्रा का प्रयोग एक साथ मिलाकर कर सकते है जिससे नत्रजन की भी प्रतिपूर्ति फसल में होगी और लगत में कमी आएगी इसके साथ साथ में जो किसान भाई जल विलय उर्वरकों का प्रयोग करते हैं वह नैनो उर्वरकों के साथ मिलाकर कर सकते हैं किसान भाइयों अधिक उत्पादन करने से ही मात्र अधिक लाभ नहीं प्राप्त होता हैं लगत को कम करके अधिक उत्पादन प्राप्त करना है अच्छी खेती करने में समझदारी है

# कलक्ट्रेट सभागार में कानून व्यवस्था की समीक्षा, डीएम-एसपी ने दिए सख्त निर्देश

**समाज जागरण**

बहजोई।कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के अन्तर्गत निरोधात्मक कार्यवाहियों को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एनडीपीएस, गैंगस्टर, आबकारी आदि पर भी चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया।

गैंगस्टर के वांछित अभियुक्तों तथा लंबित अभियोग गैंगस्टर, जिला बदर, प्रस्तावित गैंग चार्ट, आदि पर चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गैंगस्टर की कार्रवाई की प्रगति बढ़ाई जाए।

जिलाधिकारी ने समस्त थाना अध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी स्थानों पर ट्रैक्टर ट्राली एवं अन्य वाहनों को चेक किया जाए और वहां पर एक ट्रैफिक पुलिस को भी लगाया जाए और ट्रैक्टर ट्रोलियों पर रिफ्लेक्टर तथा हेलमेट आदि का वितरण भी किया जाए।

पुलिस अधीक्षक ने पंचायत चुनाव को लेकर थाना वार तैयारी के लिए निर्देश दिए उन्होंने कहा कि फर्जी मुकदमा की गहन विवेचन की जाए।

पुलिस अधीक्षक ने एन.एस ए एवं गो तस्करी की कार्रवाई के विषय में भी निर्देशित किया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, सहायक पुलिस अधीक्षक / क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक भाटी, अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप कुमार,सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार एवं उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार एवं उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, उप जिलाधिकारी संभल रामानुज,सहित समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थानाध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के महानायक को भावभीनी श्रद्धांजलि

**समाज जागरण लखीमपुर-खीरी**



श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के महानायक, पूज्यपाद संत राम विलास दास वेदांती जी महाराज को लखीमपुर में सादर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में प्रभु श्रीराम से प्रार्थना की गई कि वे वेदांती जी महाराज को अपने चरणों में स्थान प्रदान करें।

लखीमपुर के अधिवक्ता साथियों द्वारा आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता एकल अभियान के प्रचारक ओमप्रकाश ने की, जबकि आचार्य संजय मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभा में श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में वेदांती जी महाराज की सक्रिय एवं ऐतिहासिक भूमिका को भावपूर्वक स्मरण किया गया।

इस अवसर पर आचार्य संजय मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2008 में पूज्य वेदांती जी महाराज उनके विद्यालय पर पधारे थे तथा उन्होंने संकटा देवी मंदिर में भी कुछ समय प्रवास किया था। उन्होंने कहा कि उस दौर में वेदांती जी कारसेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहे थे और आज अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण उनकी तपस्या, संघर्ष और समर्पण का ही प्रतिफल है। मंदिर निर्माण के पीछे उनकी भूमिका को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

श्रद्धांजलि सभा में देवव्रत पांडे, निजाम शुक्ला, सिद्धार्थ बाजपेई, रामसागर वर्मा, वीरेश वर्मा, अरुण सिंह सहित अनेक अधिवक्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर पूज्य संत वेदांती जी महाराज के श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में दिए गए अतुलनीय योगदान को नमन किया।

# संभल के महत्व का डंका संभल वासियों को ही बजाना होगा - मीनू रस्तोगी

**समाज जागरण**



संभल। हिंदू जागृति मंच की बैठक में संभल के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व के विशेष प्रचार प्रसार की योजना बनाने, व्यापक जनसंपर्क करने, प्रकाशित ऐतिहासिक पौराणिक ग्रंथों के माध्यम से भगवान कल्कि अवतार स्थली संभल के महत्व का डंका बजाने का निर्णय लिया गया।

कोट पूर्वी में स्थित संस्था के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल की निवास पर संपन्न हुई हिंदू जागृति मंच की बैठक में अपनी बात रखते हुए महिला मंच की जिलाध्यक्ष मीनू रस्तोगी ने कहा कि हाल ही में भगवान कल्कि अवतार संबंधी उत्पन्न किए गए भ्रम को दूर करने की जिम्मेदारी संभल वासियों को ही उठानी पड़ेगी। संभल के महत्व का डंका संभल वासियों को ही बजाना होगा। इसके अंतर्गत उन्होंने प्रेस वार्ता करने, ज्ञानी, विद्वान, विदुषी, इतिहासकारो के संभल में विशेष सम्मेलन आयोजित करने तथा संभल माहात्म्य, ऐतिहासिक पौराणिक ग्रंथों के माध्यम से संभल की हिंदू जागृति मंच के सभी सदस्यों से उठाने का आह्वान किया। हिंदू जागृति मंच के प्रदेश महामंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने कहा कि जिन ग्रंथों में भगवान श्री कल्कि विष्णु का अवतार स्थली संबंधी वर्णन किया गया है। उन सभी ग्रंथों ऐतिहासिक पुस्तकों तथा संतों के साथ संभ्रांत जन संत महात्मा इतिहासकार और समाजसेवियो की उपस्थिति में पत्रकार वार्ता आयोजित करने का निर्णय लिया गया। प्रेस वार्ता आयोजित करने की जिम्मेदारी संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा को सौंपी गई। बैठक में सुमन कुमार वर्मा, अमित कुमार गुप्ता, अमन सिंह, सुभाष चंद्र शर्मा, श्याम शरण शर्मा, अमन सिंह, विनोद कुमार अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल,ऊषा अग्रवाल, शोभा गुप्ता, बबीता भारद्वाज, आशा गुप्ता, शुभ्रा गुप्ता, शालिनी रस्तोगी, ज्योति गुप्ता, बबीता भारद्वाज, सुमन लता शर्मा, सुभाष चंद्र मोंगिया, हनी शर्मा, अंकुर रस्तोगी, उमेश सैनी आदि ने व्यापक विचार विमर्श के उपरांत तय किया कि हिंदू जागृति मंच द्वारा 27 दिसंबर को विशाल प्रेस वार्ता आयोजित की जाएगी। 4 जनवरी को 12 घंटे निरंतर चलने वाला कवि सम्मेलन आयोजित होगा। जिसमें 100 से अधिक कवि और कवयित्री भाग लेंगे। इसके अलावा गुरु गोविंद सिंह जयंती, संभल तीर्थ भ्रमण, हिंदू सम्मेलन आदि अनेक कार्यक्रम आयोजित करने की सहमति बनी। बैठक की अध्यक्षता अरुण कुमार अग्रवाल ने की, संचालन विकास कुमार वर्मा ने किया।

# शीतलहर के बीच प्रशासन सक्रिय, कंबल व गर्म वस्त्र बांटे

**समाज जागरण लखीमपुर-खीरी**

शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह ने शहर के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण कर शीत से बचाव के लिए की गई राहत व्यवस्थाओं का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान एडीएम ने अलावों में प्रयुक्त ईंधन की उपलब्धता, उनकी निरंतरता एवं सुरक्षा व्यवस्था की जांच की और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में अलाव बुझने न पाए। उन्होंने रैन बसेरों में साफ-सफाई, पर्याप्त रोशनी, पेयजल तथा ठहरने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने जरूरतमंद एवं बेसहारा गरीब लोगों को कंबल व गर्म वस्त्र वितरित कर उन्हें राहत प्रदान की। साथ ही उन्होंने रात्रिकालीन समय में विशेष निगरानी रखने के निर्देश देते हुए कहा कि शीतलहर के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एडीएम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि राहत कार्यों में कोताही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षा व्यवस्था की सख्त समीक्षा, डीएम ने परिषदीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**समाज जागरण लखीमपुर-खीरी**



जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने विकास खंड नकहा के चार परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं में पठन-पाठन की गुणवत्ता, विद्यालय परिसर की स्वच्छता, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।

डीएम ने कक्षाओं में जाकर शिक्षकों से सीधे संवाद किया और बच्चों से प्रश्न पूछकर उनके शैक्षणिक स्तर का आकलन किया। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित किया जाए और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता हो।

निरीक्षण के दौरान जहां भी कमियां पाई गईं, वहां संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के सख्त निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा और सभी परिषदीय विद्यालयों में निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन अनिवार्य होगा।

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने विद्यालयों में बच्चों को परोसे जाने वाले मिड-डे मील की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों को केवल शुद्ध, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन ही उपलब्ध कराया जाए। भोजन की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एसडीएम गोला ने परिषदीय विद्यालयों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं में खामियों पर जताई नाराजगी

**समाज जागरण लखीमपुर-खीरी**

कड़ाके की ठंड के बीच तहसील गोला की उप जिलाधिकारी (एसडीएम) प्रतीक्षा त्रिपाठी ने विकास खंड कुंभी के बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम ने नगरा सलेमपुर स्थित परिषदीय विद्यालय तथा ग्राम पंचायत गोला देहात के मजरा गांव बहेरा स्थित सरकारी स्कूल में पहुंचकर शैक्षणिक एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन (मिड-डे मील) की गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर एसडीएम ने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित रसोइयों को भोजन की गुणवत्ता में तत्काल सुधार लाने के सख्त निर्देश दिए।

इसके साथ ही विद्यालय परिसर में सफाई व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं पाई गई, जिस पर उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

कम छात्र उपस्थिति को लेकर भी एसडीएम ने असंतोष व्यक्त किया और संबंधित प्रधानाचार्यों को बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ नियमित उपस्थिति भी अत्यंत आवश्यक है।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने बच्चों से संवाद कर उनकी समस्याओं को भी जाना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विद्यालयों में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

# फर्जी किसान संगठनों पर रोक लगाने की मांग, भाकियू (अराजनीतिक) ने सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण लखीमपुर-खीरी**

किसानों की आड़ में अवैध गतिविधियों में संलिप्त तथाकथित किसान संगठनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी



गोला को सौंपा।

इस अवसर पर भाकियू (अराजनीतिक) के जिला अध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन ने कहा कि कुछ फर्जी किसान संगठनों के लोग किसान हितों की आड़ में व्यापारियों से अवैध धन उगाही, गरीबों की भूमि पर कब्जा, टोल प्लाजा पर अव्यवस्था फैलाने तथा थानों पर अनावश्यक धरना-प्रदर्शन कर पुलिस एवं प्रशासन पर दबाव बनाने जैसे गंभीर कृत्यों में संलिप्त पाए जा रहे हैं।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती हैं, बल्कि वास्तविक किसानों, व्यापारियों और विकास कार्यों के लिए भी अत्यंत हानिकारक हैं। उन्होंने मांग की कि ऐसे तथाकथित किसान संगठनों एवं उनके पदाधिकारियों की गहन जांच कराई जाए और जिन व्यक्तियों का आपराधिक इतिहास पाया जाए, उन्हें चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने कहा कि किसान संगठनों की आड़ में होने वाली अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना आवश्यक है, ताकि किसान आंदोलन की गरिमा बनी रहे और समाज में शांति एवं विकास का वातावरण कायम हो सके। भाकियू (अराजनीतिक) ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए शीघ्र एवं न्यायोचित निर्णय की अपेक्षा जताई। इस मौके पर रेशम सिंह, राजेश शुक्ला, संजय सिंह, गुरमुख सिंह, कराज सिंह, मोहम्मद उस्मान, हिमांशु पाल सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अटल जयंती पर सुशासन विषय पर भाषण व काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित

**समाज जागरण लखीमपुर-खीरी**

भगवानदीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्या प्रो. गीता शुक्ला की अध्यक्षता में शासन द्वारा निर्देशित कार्यक्रम के अंतर्गत भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती/जन्म शताब्दी वर्ष के समापन अवसर पर ह्लसुशासन के महत्वह्न विषय पर भाषण प्रतियोगिता एवं उनकी प्रमुख कविताओं पर आधारित एकल काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

काव्य पाठ प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया, जिसमें अनुष्का भारद्वाज (बीए तृतीय सेमेस्टर) ने प्रथम स्थान, नैंसी



गुप्ता (बीए प्रथम सेमेस्टर) ने द्वितीय स्थान तथा राधिका साहू (बीए तृतीय सेमेस्टर) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं भाषण प्रतियोगिता में आस्था (बीए पंचम सेमेस्टर) प्रथम, शिवांगी सिंह (बीए पंचम सेमेस्टर) द्वितीय तथा रुश्दा परवीन (बीए पंचम सेमेस्टर) तृतीय स्थान पर रहीं।

कार्यक्रम का संचालन नोडल प्रभारी एवं अर्थशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य वीना चौरसिया तथा अंग्रेजी विभाग की सहायक आचार्य डॉ. राखी चौहान द्वारा किया गया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्या प्रो. गीता शुक्ला ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई के सुशासन के विचार का मूल मंत्र ह्लसबका साथ, सबका विकासह्न है, जो पारदर्शिता, जवाबदेही और लोक-कल्याणकारी राज्य की स्थापना पर आधारित है। उन्होंने अटल जी को एक कुशल राजनेता के साथ-साथ संवेदनशील कवि बताते हुए कहा कि उनकी कविताएं जीवन और राजनीति के उतार-चढ़ाव के बीच उनके दृढ़ संकल्प और मानवीय दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करती हैं।

कार्यक्रम में प्रो. रेखा पाण्डेय, डॉ. सुरचना त्रिवेदी, शिवांगी सक्सेना, डॉ. प्रीती सिंह, सविता शुक्ला एवं विमलेश सहित महाविद्यालय की शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं की सहभागिता रही।

# खेल महोत्सव सीजन-2 का तीसरा दिन रहा उत्साहपूर्ण, खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**समाज जागरण लखीमपुर-खीरी**



स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अंतर्गत नगर पालिका परिषद लखीमपुर एवं क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वावधान में मेमोरियल मैदान में आयोजित लखीमपुर खेल महोत्सव सीजन-2 के तीसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का सफल एवं रोमांचक आयोजन किया गया। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से खेल मैदान उत्साह और जोश से सराबोर रहा।

**क्रिकेट प्रतियोगिता**

क्रिकेट प्रतियोगिता में माही 11 एवं ऑफिशियल 11 के मध्य मुकाबला खेला गया, जिसमें माही 11 ने 106 रनों से शानदार जीत दर्ज की। इस मैच में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सौरभ कुमार, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज करण और सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक लवकुश रहे, जबकि मैन ऑफ द मैच का खिताब आनंद प्रकाश को प्रदान किया गया। दूसरा क्रिकेट मुकाबला डाबला 11 एवं डेंजर बॉयज के बीच खेला गया, जिसमें डाबला 11 ने 144 रनों से विजय प्राप्त की। इस मैच में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज विराट, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज वैभव, सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक आकाश रहे तथा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी आकाश को दिया गया।

**कबड्डी प्रतियोगिता**

कबड्डी प्रतियोगिता के अंतर्गत जूनियर बालिका वर्ग में युवराज दत्त कॉलेज एवं आर. इंडियन पब्लिक स्कूल, निघासन के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें युवराज दत्त कॉलेज की टीम विजयी रही।

बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने अगले चरण में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला डॉ. रवि मेमोरियल कबड्डी टीम एवं बेहड़ा लाल टीम, मितौली के बीच खेला गया, जिसमें बेहड़ा लाल टीम मितौली ने रोमांचक जीत दर्ज की।

**हॉकी प्रतियोगिता**

हॉकी प्रतियोगिता गुरु नानक इंटर कॉलेज प्रांगण स्थित गुरु नानक स्पोर्ट्स अकादमी में आयोजित की गई।

बॉयज अंडर-17 वर्ग में अजमानी इंटरनेशनल बनाम लालपुर स्टेडियम का मुकाबला लालपुर स्टेडियम ने 7-1 से जीता।

अंडर-14 वर्ग में गुरु नानक स्पोर्ट्स अकादमी बनाम लालपुर स्टेडियम के मैच में लालपुर स्टेडियम ने 5-2 से जीत दर्ज की।

वहीं अंडर-17 वर्ग में गुरु नानक इंटर कॉलेज बनाम गुरु नानक स्पोर्ट्स अकादमी के मुकाबले में गुरु नानक स्पोर्ट्स अकादमी ने 2-0 से विजय प्राप्त की।

क्रिकेट एवं कबड्डी प्रतियोगिताओं के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों और टीमों को सदर विधायक योगेश वर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी संजय कुमार, क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष कपिल श्रीवास्तव, सेवक सिंह अजमानी, इंद्रेश गुप्ता (जीवन ट्रांसपोर्ट), खेल महोत्सव के संयोजक आशीष सिंह चौहान, कनिष्क बरनवाल, इंजीनियर दुर्गेश वर्मा, आशीष श्रीवास्तव, जितेंद्र अवस्थी, विनय मौर्य, जेई समरा सईद, सभासदगण, समस्त खेल प्रभारी एवं नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पशुओं को चारा डालने गई वृद्ध महिला पर सांड ने हमला कर किया घायल

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नहटौर पशुशाला में पशुओं को चारा डालने गई वृद्ध महिला पर आवारा सांड ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। महिला को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम टपरोला निवासी शकुंतला देवी पत्नी स्व. जयपाल सिंह अपनी पशुशाला में पशुओं को चारा डालने गई थी। बताया जाता है कि पशुशाला में पहले से ही एक आवारा सांड घुसा हुआ था। जब वृद्धा ने उसे भगाने का प्रयास किया तो सांड ने उस पर हमला कर दिया। वृद्धा की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और सांड को वहां से भगाया। घायल शकुंतला देवी को तुरंत सीएचसी नहटौर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया। ग्रामीणों के बताया कि यह आवारा सांड गांव में आतंक मचा रहा है। कई पशुओं पर भी हमला कर चुका है और ग्रामीणों के आवागमन में भी बाधा डाल रहा है। ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रशासन ने सांड को पकड़वाने की मांग की है।

# साइबर अपराध के प्रति विद्यार्थी रहे सतर्क

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर झालू। नांगल जट्ट इंटर कॉलेज में बुधवार को साइबर अपराध एवं मिशन शक्ति कार्यक्रम उच्चाधिकारियों के नेतृत्व में चलाया गया जिसमें चलाकर छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति सतर्क रहने की जानकारी देने के साथ-साथ मिशन शक्ति के बारे में भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर उप निरीक्षक गुरु चरण गिल, उप निरीक्षक संदीप कुमार, कांस्टेबल हिमांशु शर्मा, कांस्टेबल विकास कुमार तथा हेड कांस्टेबल सुधा रानी आदि के साथ-साथ विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत जागरुकता अभियान चलाया गया

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद/ मंडावली। मंडावली क्षेत्र के पंचायत घर में मिशन शक्ति पेज 5.0 के तहत महिला एवं बाल सुरक्षा के उद्देश्य से साइबर अपराध के विषय में जागरूकता अभियान चलाया गया। छात्र- छात्राओं तथा महिलाओं को आत्मरक्षा के महत्व, सतर्कता एवं जागरुकता की जानकारी दी गयी।

बुधवार को मंडावली के पंचायत घर पर मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत पुलिस ने 1090, 1930 जैसी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन की जानकारी दी। एस एस आई योगेन्द्र सिंह ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान महिलाओं को सशक्त और आत्मविश्वासी बनाने में एक मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में महिला उपनिरीक्षक रुचि , एस आई राहुल कुमार, महिला कांस्टेबल मानसी,हेड कांस्टेबल जयवीर सिंह का. गौरव आर्य आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने और उनके अधिकारों के संबंध में जागरूक किया गया। उन्हें मोबाइल या सोशल मीडिया के माध्यम से लड़कियों को परेशान करने, अश्लील संदेश भेजने जैसी शिकायतों के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त, महिलाओं के साथ मारपीट और लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव के तरीकों पर भी चर्चा की गई।कार्यक्रम में साइबर अपराधों के बारे में भी अवगत कराया गया और साइबर अपराध होने के बाद की कानूनी कार्यवाही की जानकारी दी गई। इस दौरान ग्राम प्रधान पति माजिद हुसैन सहित अनेक संख्या में छात्र-छात्राएं एवं महिला उपस्थित रहीं।

# गरीब कन्याओं के विवाह में मिसाल बने सज्जन चौधरी को मिला जेम्स ऑफ इंडिया अवार्ड

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले मखमूलपुर गांव निवासी समाजसेवी सज्जन चौधरी को,जेम्स ऑफ इंडिया अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की सहायता करने और अब तक 100 से अधिक कन्याओं के विवाह संपन्न कराने जैसी अनुकरणीय सेवाओं के लिए प्रदान किया गया। सम्मान समारोह नई दिल्ली स्थित कंस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित




हुआ, जहां देश के प्रतिष्ठित न्यायविद एवं भारत के मुख्य न्यायाधीश ,सीजेआई,संजीव खन्ना ने सज्जन चौधरी को सम्मानित करते हुए उनके सामाजिक योगदान की सराहना की।सम्मान प्राप्त करने के बाद सज्जन चौधरी ने कहा कि यह पुरस्कार केवल उनका नहीं, बल्कि उन सभी लोगों का है जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने भविष्य में भी गरीबों, असहायों और जरूरतमंद कन्याओं की सहायता करते रहने का संकल्प दोहराया। बुधवार को गांव में पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया गया.

## जर्जर सड़क ने बढ़ाई मुश्किलें, दलित बस्ती के लोगों का प्रदर्शन

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

नगर के मोहल्ला रायजादगान में वर्षों से जर्जर पड़ी सड़क के निर्माण को लेकर बुधवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। मोहल्ले के दर्जनों महिला-पुरुषों ने हंगामा करते हुए सड़क के पुनर्निर्माण की मांग की और पालिका प्रशासन को शिकायती पत्र सौंपा। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि हरिजन चौपाल से लेकर पुलिया तक की सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। यह सड़क दलित बस्ती की आबादी के बीच से होकर गुजरती है और वार्ड नंबर एक व वार्ड नंबर तीन को जोड़ती है। करीब 20 वर्ष पूर्व बनी यह सड़क समय के साथ पूरी तरह जर्जर हो गई, लेकिन इतने वर्षों में न तो किसी जनप्रतिनिधि ने ध्यान दिया और न ही पालिका प्रशासन ने सड़क निर्माण कराया।




स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में सड़क पर पानी भर जाता है और कीचड़ से हालात और भी खराब हो जाते हैं, जिससे आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। टूटी सड़क के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को खासा दिक्कत झेलनी पड़ रही है।इस दौरान किरणपाल, सीताराम, श्यामपाल, प्रवीण कुमार, सूरज, अनीश, राजा, बल्लू , तेजपाल , रामपाल सहित अन्य लोगों ने एकजुट होकर पालिका प्रशासन से शीघ्र सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो पालिका प्रशासन के समक्ष हड़ताल कर आंदोलन किया जाएगा।

## बाल विवाह की रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग) भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से प्राप्त निदेशों तथा डीएम के आदेशों के अनुपालन में बुधवार को जाकिर मैमोरियल इंटर कॉलेज, कैराना में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री मोहम्मद मुशफेकीन ने किया।

उन्होने बताया कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान 27 नवंबर से 8 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों एवं सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में महिला कल्याण



विभाग से अजरा खान ने बताया कि बाल विवाह वह अपराध है, जिसमें लड़की की आयु 18 वर्ष से कम तथा लड़के की आयु 21 वर्ष से कम होने पर विवाह कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह से बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षिक विकास पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। मौके पर रतन सिंह, कुलदीप शर्मा ने कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ को बाल विवाह न करने तथा समाज में इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मारूफ चौधरी उपस्थित रहे।

## भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने किया कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारियों ने बुधवार को शामली कलक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कुछ तथाकथित किसान संगठनों में आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों की सक्रियता का आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। उन्होने ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एडीएम सत्येन्द्र सिंह को सौंपा।

ज्ञापन में पदाधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री के सशक्त नेतृत्व में प्रदेश की कानून-व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ है और आम जनता स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रही है। इसके बावजूद वर्तमान समय में कुछ तथाकथित किसान संगठनों में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोग पदों पर आसीन हो गए हैं, जो किसान हितों की आड़ में व्यापारियों से अवैध धन उगाही, गरीबों की भूमि पर कब्जा, टोल प्लाजा पर अव्यवस्था फैलाने तथा थानों पर अनावश्यक धरना-प्रदर्शन कर प्रशासन पर दबाव बनाने जैसी गतिविधियों में संलिप्त बताए



जा रहे हैं। जिलाध्यक्ष कालेन्द्र मलिक कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती हैं और वास्तविक किसानों, व्यापारियों व विकास कार्यों को नुकसान पहुंचा रही हैं। साथ ही कुछ संगठन युवाओं को भ्रमित कर गलत दिशा में ले जा रहे हैं, जिससे समाज में अराजकता और अनुशासनहीनता बढ़ रही है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि ऐसे किसान संगठनों और उनके पदाधिकारियों की गहन जांच कराई जाए, आपराधिक इतिहास वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए तथा किसान संगठनों की आड़ में हो रही अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए, ताकि किसान आंदोलन की गरिमा बनी रहे और प्रदेश में शांति व विकास का माहौल कायम रह सके। इस अवसर पर उपेन्द्र मलिक, मोहर सिंह, इस्तेकार, सुधीर, सुखबीर सिंह, आकाश तोमर, मांगा तोमर, विरेन्द्र सिंह, सुभाष मलिक, फिरोज आदि मौजूद रहे।

## वीवी इंटर कालेज परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। जिला सेवायोजन कार्यालय शामली एवं वीवी इंटर कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को शहर के वीवी इंटर कॉलेज परिसर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने किया। उन्होने अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए रोजगार मेलों को युवाओं के लिए उपयोगी बताते हुए अधिक से अधिक प्रतिभाग करने का आह्वान किया। मेले के दौरान करियर काउंसलिंग भी आयोजित की गई, जिसमें छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों व रोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि मेले में



विभिन्न कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के बाद कुल 179 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। अंत में मुख्य विकास अधिकारी ने चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# स्कूली बच्चों को दिलाई नशा-मुक्ति की शपथ

**समाज जागरण**

कैराना। नशे के बढ़ते खतरे से समाज को बचाने के लिए चलाए जा रहे ह्यऑपरेशन सवेराः नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओरह्न अभियान के तहत स्थानीय पुलिस ने स्कूली छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के साथ ही नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। बुधवार को गांव मन्नामाजरा स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस टीम ने बच्चों को नशे के घातक परिणामों से अवगत कराया। मुख्य फोकस रहा कि युवा पीढ़ी को नशे की लत से दूर रखकर उन्हें स्वस्थ और अनुशासित जीवन की राह पर लाया जाए।पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि नशीले पदार्थ न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को तबाह करते हैं, बल्कि मानसिक संतुलन बिगाड़कर परिवार, शिक्षा और पूरे सामाजिक ताने-बाने को कमजोर कर देते हैं। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि वे खुद तो नशे से दूर रहें ही, साथ ही अपने दोस्तों और आस-पास के लोगों को भी इस खतरे के प्रति सतर्क करें।

# पत्नी और दो बेटियों के हत्यारे पिता को पुलिस ने भेजा जेल

### -हत्यारे के कब्जे से तीन तमंचे दस जिंदा व सात खोखा कारतूस बरामद

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में पत्नी व दो बेटियों की हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीन अवैध तमंचे दस जिंदा व सात खोखा कारतूस बरामद किए हैं। तीनों मृतकों के शवों का पीएम होने के महिला के परिजन शवों को अपने गांव ले गए, ओर गमगीन माहौल तीनों शवों को सुपुर्द ए खाक कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी फारूख ने अपनी पत्नी ताहिरा की बिना बुर्का पहनकर अपने घर चले जाने से नाराज होकर नौ दिसंबर की रात्रि को गोली मारकर हत्या कर दी थी गली की आवाज सुनकर 14



वर्षीय बेटी आफरीन की आंख खुल गई थी। फारूक ने अपनी बेटी आफरीन को भी गोली मार दी थी। जैसे ही आफरीन को गोली मारी तो आठ वर्षीय सहरीन की भी आंख खुल गई थी आरोप है कि फारूक ने सहरीन की गला दबाकर हत्या कर दी थी, और तीनों शवों को घर के आंगन में खोदे गए सेफ्टी टैंक में डालकर मिट्टी डाल दी थी और ऊपर से ईंटें बिछा दी थी। कई दिन बीत जाने के बाद परिवार को शक हुआ तो परिवार के लोगों ने फारुख से पत्नी और बच्चों के बारे में पूछताछ की फारूक ने बताया था कि उसने अपनी पत्नी और बच्चों को कोतवाली क्षेत्र के गांव लिलोन में किराए के मकान में रख रखा है। फारूक अपने परिवार के लोगों को लेकर लिलोन पहुंचा तो वहां कुछ नहीं मिला। देर शाम को फारुख के पिता दाऊद ने फारूक पर पत्नी व दो पोतियों की हत्या करने का शक जताते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को जानकारी देकर फारुख को हिरासत में ले लिया और कड़ाई से पूछताछ की तो फारुख टूट गया। फारूक ने पुलिस को बताया कि उसने पत्नी सहित दो बेटियों की हत्या कर घर के आंगन में बने सेफ्टी टैंक में दबा रखा है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सेफ्टी टैंक की खुदाई कराई थी सेफ्टी टैंक के अंदर से पुलिस ने तीनों शवों को बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया था। मौके पर मृतक महिला के परिजन भी आ गए थे। जिन्होंने जमकर हंगामा किया था। सूचना पर एसपी एनपी सिंह भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से तीन अवैध तमंचे दस जिंदा कारतूस और सात खोखा कारतूस बरामद किए है। पुलिस ने मृतक महिला ताहिरा के पिता आमिर अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी गांव नरा थाना मंसूरपुर की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को जेल भेज दिया है। वही मृतक महिला और उसकी दोनों बेटियों के शवों का पीएम होने के बाद मृतक महिला के परिजन तीनों शवों को अपने गांव ले गए और गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया।

## अवैध संबंधों के शक में तो नहीं की पत्नी और बेटियों की हत्या

**समाज जागरण कांधला**

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी फारूक का अपनी पत्नी के साथ लगभग एक माह पहले विवाद हो गया था। विवाद के बाद फारूक की पत्नी ताहिरा बिना बुर्के के अपने मायके चली गई थी। फारुख की पत्नी ताहिरा को फारूक का चचेरा भाई मुस्तफा पुत्र इदरीश अपनी जिम्मेदारी पर लेकर गांव में आया था। ताहिरा को लाने के दो-तीन दिन बाद ही मुस्तफा की बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के गांव ओसिक्का में पीट पीट कर हत्या कर दी थी। गांव में चर्चा है कि फारुख को शक था कि उसकी पत्नी के चचेरे भाई मुस्तफा से अवैध संबंध है। इसी के चलते फारूख ने 27 नवंबर को मुस्तफा की हत्या की थी, हालांकि मृतक के परिजनों ने मृतक के ससुरालियों पर ही हत्या का आरोप लगाया था। ग्रामीणों का दबी जुबान से कहना है कि अगर मुस्तफा हत्याकांड की बारीकी से जांच की जाए तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा।

## ग्रामीणों ने की हत्यारे को फांसी दिए जाने की मांग

**समाज जागरण कांधला**

गांव गढ़ी दौलत में जघन्य हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपी फारुख के खिलाफ ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपी को फांसी की सजा दी जाए। फारुख ने गांव को कलंकित करने का काम किया है। मीडिया ने जब फारुख से कैमरे के सामने हत्या करने की बात पूछी तो फारूख ने केवल हां और ना में जवाब दिया। हत्यारोपी के चेहरे पर साफ दिखाई दे रहा था कि उसे हत्या करने का कोई अफसोस नहीं है।

## पत्नी के मायके से वापस आने के बाद शुरू की थी हत्या की प्लानिंग

**समाज जागरण कांधला**

फारूक ने अपनी पत्नी हत्या की प्लानिंग पत्नी के मायके से वापस आने के बाद से ही शुरू कर दी थी। फारूख ने पहले कैराना क्षेत्र से तीन अवैध तमंचे और बीस कारतूस खरीदे थे। फारूख ने हत्याकांड को अंजाम देने से तीन दिन पहले तक लगातार कई कई राउंड फायर किए थे। पुलिस पूछताछ में फारूख ने बताया है कि उसने तीन खोखे फायर करने के बाद फेंक दिए थे, बाकी सात खोखे अपने पास रख लिए थे।

## थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार की सख्ती के सामने टूट गया था हत्यारोपी

**समाज जागरण कांधला**

गांव गढ़ी दौलत में हुए जघन्य हत्याकांड को लेकर अगर पुलिस ढिलाई बरतती तो बड़ा बवाल हो सकता था। जैसे ही पुलिस को फारुख के पिता दाऊद ने अपनी पुत्रवधू और दो पोतियों के गायब होने की सूचना दी तो पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए फारूख को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में फारूख ने कई बार पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया, लेकिन थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार की सख्ती के आगे फारूख टूट गया और हत्या करना कबूल करते हुए तीनों शवों को बरामद कराया। अगर पुलिस मामले को हल्के में ले लेती तो गांव में बड़ा बवाल हो सकता था।

# हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे अधिवक्ता-व्यापारी

**-पश्चिम यूपी में हाईकोर्ट बेंच बनवाए जाने की मांग**
**-संघर्ष समिति के आह्वान पर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने हड़ताल व व्यापारी ने दुकानें बंद कर किया प्रदर्शन**

**समाज जागरण**

शामली कैराना।(फुरकान जंग) केंद्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर बार एसोसिएशन कैराना के अधि वक्ताओं ने हड़ताल कर व व्यापारियों ने अपनी दुकाने बंद कर बाजार में प्रदर्शन किया। इस दौरान सभी ने पुरजोर तरीके से पश्चिम यूपी में हाईकोर्ट बेंच बनवाए जाने की मांग की है। बुधवार को बार एसो सिएशन कैराना के अध्यक्ष रामकुमार वशिष्ठ व महासचिव राजकुमार चौहान के नेतृत्व में अधिवक्ता कचहरी परिसर में इकट्ठा हुए। सभी अधिवक्ताओं ने अपने चैंबर बंद कर दिए, जिसके बाद अधिवक्ता सीधे रजिस्ट्रार कार्यालय पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने रजिस्ट्रार कार्यालय पर ताला लगाकर नारेबाजी की। इसके बाद सभी अधिवक्ता पानीपत खटीमा राजमार्ग से होत हुए पालिका मार्किट के सामने से नगर के मुख्य चौक



बाजार में पहुंचे। इस दौरान अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट बेंच व अधिवक्ता एकता जिंदाबाद के नारे लगाए। चौक बाजार में व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारियों ने अधि वक्ताओं को अपना समर्थन दिया। इस दौरान व्यापार मंडल के पदा धिकारियों व बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पुरजोर तरीके से पश्चिमी यूपी में हाईकोर्ट बेंच बनवाए जाने की मांग की है। बार एसो सिएशन के महासचिव ने कहा कि पश्चिम यूपी में हाईकोर्ट बेंच बनवाए जाने की मांग करीब 50 साल से चली आ रही है, लेकिन समस्या आज भी ज्यों की त्यों बनी हुई है। यह मांग पूरी कराने के लिए सभी वर्गों को एकजुट होकर संघर्ष करना पड़ेगा।

व्यापार संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि यह मांग आम जनता, व्यापारियों सहित सभी वर्गों के हितों में लाभकारी है। पश्चिमी यूपी में हाईकोर्ट बेंच बनने के बाद सभी को सस्ता व सुलभ न्याय मिल सकेगा। सभी ने अधिवक्ताओं के संघर्ष में अपना समर्थन देने का वादा किया। इस दौरान बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता इंतजार अहमद, ब्रह्मसिंह, शैलेंद्र चौधरी, खड़क सिंह चौहान, शगुन मित्तल, शफक्कत खान, व्यापार मंडल के पदाधिकारी प्रदीप गोयल, संजय राजवंशी, रामकुमार सिंघल आदि मौजूद रहें।

## हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से रहे विरत

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)केंद्रीय संघर्ष समिति द्वारा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर बुधवार को बंद का आह्वान किया गया, जिसे टैक्सेशन बार एसोसिएशन शामली ने पूर्ण समर्थन दिया। इस दौरान बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विचित्र विजय गुप्ता एडवोकेट के नेतृत्व में अधि वक्तागण राज्य कार्यालय झिंझाना रोड , शामली पर एकत्र हुए तथा कार्यालय बंद कर धरना-प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना को जनहित में आवश्यक बताते हुए



शीघ्र निर्णय की मांग की। धरना-प्रदर्शन में महासचिव अंकित सिंह, विवेक जैन, सत्यपाल सिंह, नितिन कुमार, निर्भय सिंधु, अंकित गुप्ता, अंकित सिंधु, मयंक गोयल, रजनीश नामदेव, राहुल पंछी, रजत जैन, सचिन गर्ग, रंजन भाटिया, पीयूष बंसल, श्रवण सिंधु, निखिल सिंधु, रमन चौहान सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## नेशनल शुटिंग चैंपियनशिप कंपीटिशन में जनपद के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

**समाज जागरण**

शामली। एमपी शूंटिंग एकेडमी भोपाल में 11 दिसंबर से आयोजित 68वें नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप कंपटीशन में शामली राइफल क्लब के निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक सहित टीम इंडिया ट्रायल के लिए क्वालीफाई किया। शामली राइफल क्लब अध्यक्ष मुकेश चौधरी ने बताया कि पिछले दो वर्ष से एमपी शूंटिंग अकैडमी भोपाल में निशानेबाजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे ग्राम महावतपुर निवासी निखिल पुंडीर ने 68 वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में पॉइंट 22 राइफल थ्री पोजीशन इवेंट में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए 577 के स्कोर के साथ ही टीम वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके साथ ही निखिल ने अपने प्रदर्शन के आधार पर टीम इंडिया ट्रायल के लिए




क्वालीफाई किया। 10 मीटर एयर राइफल वर्ग में ग्राम मुंडेट कला निवासी अक्षित निर्वाल ने 624.1 के शानदार स्कोर के साथ, शामली निवासी विधान प्रताप सिंह ने 618.1, ऋत्विक पाल 613.4, दरगाहपुर निवासी युआंक सरोहा ने 612.8,कसेरवा खुर्द निवासी शोभित शर्मा ने 605.8 स्कोर के साथ टीम इंडिया ट्रायल के लिए क्वालीफाई किया। संस्कार सिंघल 602.6, आयुष मोघा 599.5, निखिल भारद्वाज 593.9 स्कोर के साथ ही राष्ट्रीय खिलाड़ी बनने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता 31 दिसंबर तक चलेगी। जिसमें अभी शामली के अन्य खिलाड़ियों के मैच अगले सप्ताह तक होंगे।

## आर्य जाट महासभा की आपात बैठक का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। आर्य जाट महासभा शामली की एक आपात बैठक भैंसवाल रोड स्थित जाट भवन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूराम पंवार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में महासभा अध्यक्ष सुनील निर्वाल के रिश्तेदार अवि पंवार




मालैंडी, महासभा सदस्य नरेश पाल टिटौली के पुत्र रोहन देशवाल तथा भैंसवाल निवासी ओमपाल सिंह डायरेक्टर के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। इस अवसर पर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। शोक सभा में बाबूराम पंवार, दिव्य प्रभाकर, रामपाल सिंह देशवाल, नितिन निर्वाल, डॉ. ओमपाल सिंह, विपिन गौहरनी, अभय राणा उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर मारपीट करने पर रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। मोहल्ला आलदरम्यान निवासी तैय्यब ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि रविवार को वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ कांधला शादी में गया था। घर पर उसकी पुत्रवधु अकेली थी। आरोप है कि तभी सनवीर व उसकी मां सायरा उसके घर में घुस आए तथा उसकी पुत्रवधू हिना के साथ लात–घूंसों से मारपीट की। बाद में आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पेंशन धारकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग )गर्वनमेंट पेंशनर वैलफेयर आगेर्नाइजेशन के पदाधिकारियों ने बुधवार को डीएम कार्यालय पहुंचकर पेंशनर्स दिवस के अवसर पर पेंशन धारकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संगठन के जिलाध्यक्ष विनोद अत्री ने बताया कि गर्वनमेंट पेंशनर वैलफेयर आगेर्नाइजेशन की शाखा जनपद शामली में वर्ष 2014 से कार्यरत है। उन्होंने शासनादेश का हवाला देते हुए नवनिर्मित कोषागार में पेंशनर्स कक्ष की समुचित व्यवस्था, बैठने की सुविधा, पंखा-कूलर तथा पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही पेंशनर्स कक्ष को संगठन के पदाधिकारियों को दिखवाने का अनुरोध किया गया। पदाधिकारियों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय कैशलैस स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत पेंशनर्स के हेल्थ कार्ड/आयुष्मान कार्ड न



बनने की समस्या उठाई। उन्होंने मांग की कि जिन पेंशनधारकों के कार्ड नहीं बने हैं, उनकी आवेदन प्रक्रिया कोषागार कार्यालय से ही कराई जाए और स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। कुछ गंभीर रूप से बीमार पेंशनर्स कार्ड न बनने के कारण इलाज से वंचित रहे। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ नागरिकों के लिए बिजली विभाग और बैंकों में अलग काउंटर या लाइन की व्यवस्था कराने, सभी पेंशनर्स के पहचान पत्र बनवाने तथा जीवन प्रमाण पत्र ऑनलाइन जमा करने के बावजूद पेंशन रोके जाने की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की गई। इस अवसर पर ओमबीर सिंह, सरोज तोमर, देवेन्द्र दत्त, लियाकत अली, निर्मला राठी, सत्या शर्मा, महेन्द्र सिंह, ओमवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# घटिया सड़क निर्माण पर सभासदों का आक्रोश कलेक्ट्रेट में डीएम से कार्रवाई मांग

नगर पालिका में भ्रष्ट निर्माण का आरोप जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ जांच नहीं तो आंदोलन की चेतावनी घटिया सड़क पर सभासदों का अल्टीमेटम



**समाज जागरण बागपत।**
नगर पालिका परिषद बागपत द्वारा कराए जा रहे करीब 1 करोड़ रुपए के सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं और घटिया सामग्री के प्रयोग को लेकर बुधवार को सभासदों का गुस्सा खुलकर सामने आ गया। वार्डों में हो रहे कथित भ्रष्ट सड़क निर्माण के विरोध में नगर पालिका परिषद बागपत के कई सभासद कलेक्ट्रेट पहुंचे और एडीएम शिव नारायण को ज्ञापन सौंपकर संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। भाजपा सभासद भवीचंद के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे सभासदों ने आरोप लगाया कि जल निगम कार्यालय से सतीश गुप्ता के मकान तक तथा खत्ता रोड से संजय कश्यप के मकान तक बनाई जा रही सड़क में मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। सड़क निर्माण से पहले न तो पुरानी सड़क की सफाई की गई और न ही मिट्टी हटाई गई। बिना तैयारी के सीधे तारकोल बिछा दिया गया, जिससे सड़क कुछ ही दिनों में उखड़ने लगी है। जहां जाली लगाई जानी थी वहां जाली नहीं लगाई गई और कई स्थानों पर लोहे की तार सड़क से बाहर निकली हुई है, जो राहगीरों के लिए गंभीर खतरा बनी हुई है। सभासदों का कहना है कि सड़क की मोटाई भी मानक के अनुसार नहीं रखी गई और घटिया सामग्री से केवल लीपापोती की जा रही है। इससे न सिर्फ सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है, बल्कि आम जनता की जान के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। मोहल्ले के लोगों में इसको लेकर भारी रोष व्याप्त है। सभासदों ने एडीएम को ज्ञापन देकर मांग की कि पूरे सड़क निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो तथा भुगतान तत्काल रोका जाए। साथ ही खराब बनी सड़क को उखाड़कर मानक के अनुसार दोबारा निर्माण कराया जाए। सभासदों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर संजय रूहेला, बिजेंद्र, तालिब कुतबी, सहदेव आदि मौजूद रहे।

# गौरीपुर मोड़ के पास नाला अटने से सड़क पर हुआ जल भराव

**समाज जागरण बागपत।**






दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर गौरीपुर मोड़ के पास पेट्रोल पंप के निकट नाला अटने से यहां पर जल भराव हो गया है, जिस कारण लोगों को आने-जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन कोई भी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। इससे यहां के लोगों में काफी रोष व्याप्त है। सुप्रसिद्ध समाजसेवी हाजी याकूब ने बताया कि यहां पर नाले की कभी कोई साफ- सफाई नहीं होती। नाला कूड़ा-करकट, दोने, पन्नी, पत्तल से अट जाता है। उसके बाद घरों का व दुकानों का गंदा पानी सड़कों पर भर जाता है, इससे यहां पर आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। कहा कि गंदगी के कारण यहां पर काफी बदबू हो रही है और दुकानदारों का दुकानों पर बैठना भी मुश्किल हो गया है। केवल इतना ही नहीं गंदगी व जल भराव होने की वजह से यहां पर मक्खी-मच्छर पनप रहे हैं, जिस कारण संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना हुआ है। बताया कि कई बार वह इसकी शिकायत ग्राम प्रधान व अन्य अधिकारियों से भी कर चुके हैं, लेकिन कोई भी सुनने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने निर्णय लिया कि यदि जल्द से जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह इसको लेकर जिलाधिकारी बागपत समेत अन्य संबंधित अधिकारियों का घेराव कर धरना- प्रदर्शन करेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# आदर्श पब्लिक स्कूल में अग्निशमन विभाग की टीम ने सिखाये आग बुझाने के तरीके

**समाज जागरण बागपत।**
कस्बा खेकड़ा के आदर्श पब्लिक स्कूल में अग्निशमन अधिकारी मुकेश शर्मा के निर्देशन में अग्निशमन की टीम ने मॉकड्रिल शिविर का आयोजन किया।जिसमें बच्चों को आग से बचाव की जानकारी दी। उन्हें आग लगने पर आग को



नियंत्रित करने वाले उपकरणों की जानकारी दी। रसोई घर में रखे गैस सिलेंडर के आग पकड़ लेने पर बचाव की जानकारी दी। मौके पर उसका प्रदर्शन भी किया। आग लगने पर बिना घबराए प्रबंध के तौर तरीके बताए। आग बुझाने के कई उपायों की जानकारी दी। इसके अलावा भूकंप , बाढ़ आदि की स्थिति से निपटने के तरीके सिखाए। आग लगने पर तत्काल ही विद्युत विभाग को सूचना देनी चाहिए , ताकि कोई अनहोनी ना हो जाए। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या कोमल शर्मा , बच्चे व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# भारतीय वैश्य परिवार महासंघ ने मेहंदी प्रतियोगिता कराई

बेटियां परिवारों की शान होती है -नीरज त्यागी बेटियां घरों का उजाला होती है- नीरज त्यागी



**समाज जागरण बागपत।**
सूजरा गांव में भारतीय वैश्य परिवार महासंघ द्वारा संचालित निशुल्क मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। निर्णायक मंडल ने निर्णय लेते हुए नैना को प्रथम, सोनिया को द्वितीय व दीपांशी को तृतीय स्थान के लिए चुना गया। इसके अलावा ज्योति, मीनाक्षी, अपेक्षा, रिया व मोनिका की मेंहदी सराही गई। मेहंदी प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी नीरज त्यागी ने कहा कि बेटियों के लिए पार्लर प्रशिक्षण रोजगार के साथ साथ घरेलू कार्यो के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बेटिया घरों का उजाला होती है। भारतीय वैश्य परिवार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजीव गुप्ता ने सभी विजेताओं को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सचिन गुप्ता, नितिन गुप्ता, मनोज गुप्ता, राजीव जैन आदि उपस्थित रहे।

# राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में हुआ कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम

**समाज जागरण बागपत।**
राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बागपत में विद्यालय स्तरीय कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम कराया गया, जिसमें कक्षा 11 और 12 के समस्त छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। छात्राओं ने विभिन्न विभिन्न प्रकार के करियर जो भी उनको प्रभावित करते हैं, उनका स्वरूप रखकर कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। विभिन्न विभिन्न कैरियर जैसे, इंजीनियर, डॉक्टर, आर्मी ऑफिसर, बैंक मैनेजर, टीचर, वकील, जज अनेक अनेक वेशभूषा में छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोहित शर्मा प्रधानाचार्य श्री राम कॉलेज बागपत तथा डॉ मोनिका रानी सामुदायिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागपत




विशिष्ट अतिथि रही। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि द्वारा सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कराई गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉक्टर प्रीति शर्मा द्वारा छात्राओं को तथा आए हुए अतिथियों को कैरियर गाइडेंस के विषय में जानकारी दी गई तथा होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा बताना बताई। कैरियर गाइडेंस की विद्यालय नोडल अधिकारी छवि श्रीवास्तव द्वारा कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था तथा उससे संबंधित कार्य कराया गया। संपूर्ण कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम उनके ही देखरेख में हुआ कार्यक्रम में हुकम सिंह, इंदु, पूनम रानी, आशु रानी, अमित कुमार आदि ने प्रतिभाग किया।

# बेटियों का सम्मान सर्वोपरि, जयंती पर बेटियां होंगी सम्मानित : चौ नीरपाल

**समाज जागरण बागपत।**
23 दिसम्बर को चौधरी चरण सिंह की जयंती को लेकर रालोद कार्यकताओं ने जनसंपर्क किया। दिल्ली रोड वरुण विहार में राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नीरपाल सिंह ने प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश चौधरी



एडवोकेट, जिलाध्यक्ष रिंकू सोनकर, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक के साथ मिलकर जयंती पर चौधरी चरण सिंह की विचार धारा के प्रचार प्रसार हेतू निकाले जानी वाली पद यात्रा को लेकर कार्यकताओं से व आमजनों से जनसंपर्क किया गया। हसनपुर चुंगी से लेकर चौधरी चरण सिंह चौक तक पद यात्रा निकाली जाएगी। पद यात्रा के दौरान किसान, नौजवान, मात्र शक्ति शामिल रहेंगे। चौधरी चरण सिंह की विचार धारा को जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जायेगा। विभिन्न खेलो में प्रतिभा दिखाने वाली बेटियां होंगी सम्मानित। इस अवसर पर धर्मवीर फौजी, कैप्टेन अरविन्द, रवि चौधरी, सचिन चौधरी, अंकित चौधरी,लल्लन सिंह, रामपाल आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने किया बागपत कंपोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण

**समाज जागरण बागपत।**



जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय बागपत (कम्पोजिट) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षिक, प्रशासनिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं का गहन अव लोकन किया। विद्यालय में कुल 844 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं तथा 24 अध्यापक शिक्षण कार्य में संलग्न पाए गए। जिलाधिकारी ने कक्षाओं में जाकर शिक्षण कार्य की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली और विद्यार्थियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को कहा कि हमारे जीवन में विद्या ही ऐसा ज्ञान है जो जीवन को परिवर्तित कर सकता है और हमें हर स्तर पर आगे खड़ा कर सकता है। इसलिए सभी विद्यार्थी पूरे मनोयोग से अध्ययन करें और अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ें। निरीक्षण के दौरान मिड डे मील योजना के अंतर्गत तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की गई। बुधवार के मेन्यू में ताहिरी बनाई जा रही थी। जिसकी गुणवत्ता जिला धिकारी ने संतोषजनक पाई। उन्होंने निर्देश दिए कि छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन स्वच्छ, पौष्टिक एवं गुण वत्तापूर्ण भोजन ही उपलब्ध कराया जाए तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न हो।जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रशासन एवं शिक्षकों को निर्देशित किया कि पठन-पाठन की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जाए तथा शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र विद्यार्थी तक समयबद्ध रूप से पहुंचाया जाए।

# एसआईआर के नाम पर जनता को भ्रमित कर मताधिकार को प्रभावित करने की कोशिश :- किरणपाल कश्यप

**समाज जागरण बागपत।**



गौरीपुर गांव में जयकुमार कश्यप के आवास पर इंडिया एलायंस की धन्यवाद सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के विधान परिषद सदस्य व मुख्य सचेतक किरणपाल कश्यप तथा जनपद बागपत कांग्रेस जिलाध्यक्ष लव कश्यप ने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि 2024 के चुनाव में जो सड़क निर्माण का वादा किया गया था, उसे पूरा किया गया है, जो इंडिया एलायंस की कथनी और करनी की मिसाल है। अतिपिछड़े समाज से इंडिया एलायंस को मजबूत करने व 2027 में उत्तर प्रदेश में इंडिया एलायंस की सरकार बनाने की अपील भी की। सभा को संबोधित करते हुए एमएलसी किरणपाल कश्यप ने एसआईआर को लेकर कहा कि एसआईआर के नाम पर जनता को भ्रमित कर मताधिकार को प्रभावित करने की कोशिश की जा रही है। इंडिया एलायंस आम जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी मजबूती से खड़ा है और किसी भी साजिश को सफल नहीं होने देगा। उन्होंने कार्यकताओं से गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। नुक्कड़ सभा में समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, पूर्व जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग डॉ. अशोक कश्यप, कांग्रेस जिला सचिव पवन कश्यप, कांग्रेस जिला सचिव अरविंद कश्यप, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा के दौरान कार्यकताओं में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला।

# धर्म ह्दय का रूपांतरण है : आचार्य विमर्श सागर

**समाज जागरण बागपत।**
भावलिंगी संत जैन आचार्य श्री विमर्श सागर महाराज ने अजितनाथ सभागार बडौत में श्री अजितनाथ साधु सेवा समिति द्वारा आयोजित धर्मसभा में मंगल प्रवचन देते हुए कहा कि धर्म हदय का रुपान्तरण है,मात्र वाह्य आचरण का परिवर्तन नहीं।धर्म आत्मा का जागरण है, शरीर की क्रिया नहीं। लोहे और चुम्बक में एक रंग रूपता होने के उपरान्त भी लोहे में चुम्बकत्व केगुण नहीं होते। उसी प्रकार धर्म और व्यवहारिक आचरण में एक रूप होने के उपरान्त




भी वाह्य क्रिया काण्ड से परिवर्तन नहीं होता। भीतर से चुम्बकत्व अर्थात धर्म का जागरण होना अनिवार्य है। ह्दय का धर्म सद आचरण का जन्म देता है और आचरण धर्मभाव को परिपुष्ट करता है। उन्होंने कहा कि धर्म अभिव्यक्ति नहीं। अनुभूति है। धर्म वाणी की विलास नहीं, जीवन का निचोड़ है। धर्म कथ्य नही,कर्त्तव्य है। धर्म व्याख्या नहीं, व्याप्ति है। धर्म परिभाषा नहीं, प्रयोगहै। सभा का संचालन डॉक्टर श्रेयांस जैन ने किया। सभा में मुकेश जैन, प्रदीप जैन, एडवोकेट विनोद जैन, संजय जैन, दीपक जैन, वरदान जैन, अखिलेश जैन, राकेश जैन भाजपा, विवेक जैन आदि उपस्थित थे।

# खनन अधिकारी के न आने और फोन स्वीच आफ करते ही भड़के किसान , बहिष्कार कर दिया धरना

मुआवजे के लिए भटक रहे किसान ने दी जल समाधि लेने की चेतावनी
हर बार की तरह इस बार भी हंगामेदार रहा किसान दिवस

**समाज जागरण बागपत।**
किसान दिवस इस बार भी हंगामेदार रहा है। स्वास्थ्य विभाग और खनन अधिकारी की कार्यशैली से क्षुब्ध किसानों ने बैठक का बहिष्कार करते हुए सीडीओ कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया। चेतावनी दी जब तक एडीएम या खनन अधिकारी नहीं आएंगे तब तक धरना जारी रहेगा। वहीं एक किसान ने मिट्टी उठान का मुआवजा न देने पर जल समाधि लेने की चेतावनी दी। विकास भवन में बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद यादव हर बार की तरह पुरानी शिकायतों को पढ़कर उस पर की गई कार्रवाई का ब्योरा देना शुरू कर रहे थे। बारी-बारी से किसानों की समस्याओं को बता रहे है। सूजती गांव निवासी किसान हरपाल सिंह ने कहा कि दो साल पहले एक्सप्रेस वे के लिए खेत से मिट्टी उठाई थी, लेकिन उसका मुआजव नहीं दिया। उल्टा खनन विभाग से खनन करने का नोटिस जारी हो। ठेकेकेदार भी धमकी दे रहा है। चेतावनी दी मिट्टी उठान का मुआवजा नहीं दिया तो वह जल समाधि ले लेंगे। किसानों ने समस्याओं का समाधान न होने पर हंगामा शुरू कर दिया। इनमें बिजली विभाग से लेकर गन्ना, बैंक और सहकारिता विभाग शामिल रहा। भाकियू के एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा ने बताया कि पत्नी वर्षा की सांप के काटने से मौत हो गई थी। डीएम ने जांच बैठाई थी, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। न किसी डॉक्टर के बयान दर्ज कराए और न ही किसी कर्मचारी के। किसी अन्य कार्यकर्ता सामने यह प्रकरण होता है वह जिला अस्पताल में आग लगा देंगे, पूरे जिले को हिलाकर रख देते। डिप्टी सीएमओ डॉ. यशवीर सिंह ने स्वास्थ्य विभाग का पक्ष रखते हुए कहा कि पुलिस को बिसरा रिपोर्ट मंगवाने के लिए पत्र लिखा है। वहीं एडी को फारेंसिक एक्सपर्ट से जांच कराने के लिए पत्र लिखा है। इस पर कार्यकर्ता भड़क गए। इतने दिन बीतने के बाद भी आज तक जांच नहीं की गई। उसके बाद खनन विभाग का प्रकरण आए तो किसानों ने खनन अधिकारी को किसान दिवस में बुलवाने पर अड़ गए। उपकृषि निदेशक ने कॉल की तो तो खनन अधिकारी ने फोन स्वीच ऑफ कर लिया। इस पर किसान भड़क गए। उन्होंने किसान दिवस का बहिष्कार करते हुए सीडीओ कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया।

भाकियू के नेता चौधरी हिम्मत सिंह ने कहा कि जब तक एडीएम या खनन अधिकारी नहीं आते है धरना जारी रहेगा। शाम तक किसानों का धरना जारी रहा। इस मौके पर बिजेंद्र सिंह, विनोद कुमार, इंद्रपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, हिम्मत सिंह, विशाल तोमर, सतेंद्र कुमार, विक्रम राणा, दीपक शर्मा, भीम सिंह, पवन आदि मौजूद रहे।

# मेरी पत्नी चली गई साहब, मुझे इंसाफ चाहिए: बोले एनसीआर महासचिव

**समाज जागरण**
बीते 6 नवंबर को गठित की गई जांच समिति की कार्यवाही को लेकर भाकियू एनसीआर के महासचिव प्रदीप धामा ने अपर जिलाधिकारी विनीत उपाध्याय से स्पष्ट जवाब मांगा। बैठक के दौरान बताया गया कि संबंधित मामले में विसरा रिपोर्ट की जानकारी आज दी गई, जिसमें बताया गया कि विसरा जांच के लिए जयपुर भेजा गया है, लेकिन अब तक कोई स्पष्ट रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई है। भाकियू एनसीआर महासचिव ने नाराजगी जताते हुए कहा कि केवल सहानुभूति से काम नहीं चलेगा। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा, मेरी पत्नी चली गई साहब, मुझे इंसाफ चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच प्रक्रिया में लापरवाही बरती जा रही है और जिम्मेदार अधि कारियों को स्वयं यह जानकारी नहीं है कि संबंधित कागजात कहां हैं।



बैठक के दौरान एसडीएम को आवश्यक कागजात ढूंढने में करीब आधा घंटा लगा, जिससे जांच की गंभीरता पर सवाल खड़े हुए। प्रदीप धामा ने कहा कि जांच जिस स्तर पर रुकी हुई है, उससे पीड़ित परिवार को न्याय मिलना मुश्किल होता जा रहा है। इस पर एडीएम विनीत उपाध्याय ने आश्वासन दिया कि विसरा रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए संबंधित सीओ से तत्काल पत्राचार कराया जाएगा। साथ ही जयपुर में चल रही जांच को तेज करने और आवश्यकता पड़ने पर जांच समिति में बदलाव किए जाने का भी भरोसा दिलाया गया। जिसके बाद किसानों ने दो दिन का अल्टीमेटम देते हुए धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

# चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में 21 दिसंबर को होगा चरित्र निर्माण यज्ञ

**समाज जागरण बागपत।**



जाट महासभा बागपत की कार्य कारिणी की एक बैठक बुधवार जाट भवन में आयोजित हुई।बैठक में तय किया गया की पूर्व प्रधानमंत्री स्व चौधरी चरण सिंह जी की स्मृति मे उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में 21 दिसम्बर को जाट भवन बागपत में सुबह 10 बजे चरित्र निर्माण यज्ञ का आयोजन किया जायेगा। बैठक में वक्ताओ ने कहा की चौधरी चरण सिंह सदैव शिष्टाचार ओर नैतिकता के पक्षधर रहे थे। उन्होंने ताउम्र राजनीति के साथ-साथ समाज सुधार पर भी जोर दिया था। आज जिस तरह समाज मे चारित्रिक पतन हो रहा है, उसे दूर करने के लिए हमें चरित्र निर्माण के रास्ते पर चलने की आवश्यकता है। बैठक की अध्यक्षता जाट सभा के अध्यक्ष एडवोकेट सोमेन्द्र ढाका ने की ओर संचालन महासचिव डॉ सन्नी तोमर ने किया। बैठक में राम दयाल सांगवान, विक्रम आर्य, वीरपाल तोमर, डॉ गौरव, डॉ भारत खोकर, गौरव मलिक, डॉ जितेंद्र नैन, सुरेन्द्र राठी, तेजबीर तोमर आदि उपस्थित रहे।

# पश्चिम उत्तर प्रदेश में की जाये उच्च न्यायालय की खंडपीठ की स्थापना

**समाज जागरण बागपत।**
पश्चिमी उत्तर प्रदेश के करोड़ों नागरिक लंबे समय से अपने क्षेत्र में उच्च न्यायालय की खंडपीठ स्थापित किए जाने की मांग कर रहे हैं। यह मांग केवल क्षेत्रीय आकांक्षा नहीं, बल्कि जनसामान्य के मौलिक अधिकार, समयबद्ध न्याय, और न्यायिक सुगमता से जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण आवश्यकता है। विधि विशेषज्ञ एवं पूर्व सहायक प्रोफेसर विधि डॉ संदीप शर्मा ने कहा कि वर्तमान स्थिति यह है कि पश्चिम यूपी के जनपदों सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाज़ियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, हापुड़, अलीगढ़, आगरा, मथुरा, झाँसी, ललितपुर आदि से इलाहाबाद उच्च न्यायालय की दूरी औसतन 600 से 750 किलोमीटर तक है। इस अत्यधिक दूरी के कारण आम नागरिक, किसान, व्यापारी और गरीब मजदूर न्याय पाने से वंचित रह जाते हैं। एक मुकदमे की पैरवी में समय, धन और संसाधनों का भारी खर्च हो जाता है। अनेक मामलों में लोग न्यायालय जाने के बजाय समझौते, दबाव या अन्य विकल्प चुनने को मजबूर हो जाते हैं। न्याय मिलने में अनावश्यक विलंब होता है, जो न्यायिक प्रणाली की आत्मा समय पर न्याय के विपरीत है। दूसरी ओर, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड व दिल्ली जैसे निकटस्थ राज्यों में उच्च न्यायालय की दूरी बहुत कम है। दिल्ली हाई कोर्ट- मात्र 40-90 किमी, हरियाणाझ पंजाब हाई कोर्ट (चंडीगढ़)-200-250 किमी उत्तराखंड हाई कोर्ट (नैनीताल)- 250-300 किमी, राजस्थान हाई कोर्ट (जयपुर/जोधपुर)- 350-450 किमी। जब पड़ोसी राज्यों में न्यायिक संरचना इतनी समीप है, तो उत्तर प्रदेश जैसे विशाल राज्य के पश्चिमी भाग को इतने लंबे अंतराल पर न्यायालय से वंचित रखना न्यायिक संतुलन और सुविधा दोनों के विरुद्ध है। अतः समय की मांग है कि मेरठ या नोएडा/गाज़ियाबाद में तत्काल प्रभाव से उच्च न्यायालय की खंडपीठ स्थापित की जाए।

# जिले में राज्यपाल आचार्य देवव्रत के आगमन को लेकर प्रशासन अलर्ट

**समाज जागरण बागपत।**
गुजरात और महाराष्ट्र के राज्यपाल महामहिम आचार्य देवव्रत के गुरुवार को प्रस्तावित बागपत भ्रमण को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है।जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार राज्यपाल का भ्रमण कार्यक्रम सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों की वीवीआईपी ड्यूटी लगा दी गई है। कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल गुरुवार को सुबह 10:10 बजे गुरुकुल कुरुक्षेत्र से प्रस्थान कर दोपहर 12:20 बजे बागपत के किशनपुर बिराल स्थित अम्ब्रोसिया यूनिट पहुंचेंगे। यहां वे फल-सब्जी और शहद प्रसंस्करण इकाइयों का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद दोपहर एक बजे डीएवी इंटर कॉलेज किशनपुर बिराल पहुंचकर चौधरी चरण सिंह किसान सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के उपरांत दोपहर 3:50 बजे वे दिल्ली एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। डीएम अस्मिता लाल ने उप जिलाधिकारी बड़ौत भावना सिंह को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं कानून व्यवस्था, रिसिविंग और प्रोटोकॉल की जिम्मेदारी उप जिलाधिकारी बड़ौत को सौंपी गई है। चिकित्सा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत, सफाई, यातायात और मीडिया कवरेज की अलग-अलग व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। प्रशासन ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे समय से ड्यूटी स्थल पर पहुंचकर समन्वय के साथ महामहिम के भ्रमण को सफल बनाएं।

# हरियावास गांव की घटना ने समूचे समाज व देश को हिलाकर रख दिया : अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल)**



बहल, 17 दिसंबर। बहुजन समाज पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर ने कहा है कि हरियावास गांव की घटना ने समूचे समाज व देश को हिलाकर रख दिया है। ऐसी घटनाएं इस सामंतवादी सोच को बेनकाब करती है। वरना इस घटना के आरोपित आज सलाखों के पीछे होने चाहिए थे। इस मामले के आरोपित आज भी खुले घुम रहे हैं और पीड़ित परिवार का खतरा बने हुए हैं। सरकार व प्रशासन मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपितों को अविलंब गिरफ्तार करें। बीएसपी नेता बुधवार को गांव हरियावास पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। कृष्ण जमालपुर ने पुलिस अधिकारियों से भी मुलाकात की और मामले की प्रगति रिपोर्ट जानकर आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग की। उन्होंने ने यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हरियावास गांव में हुई घटना कोई साधारण नहीं। इस घटना का कृत्य सामंतवादी विचारधारा की परिणिति का हिस्सा है। पास्को और एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में दोषी के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर ने सरकार और प्रशासन को चेतावनी देते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। बसपा प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर ने इस संवेदनशील मामले पर सधी हुई प्रतिक्रिया दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून अपना काम करे, लेकिन इसका दुरुपयोग किसी को फंसाने के लिए नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही इस मामले में जो भी दोषी है, उसके खिलाफ भी सख्त से सख्त कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में ऐसे जघन्य अपराध पर अंकुश लगाया जा सकें। जमालपुर ने कहा कि इस पूरे मामले की पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बसपा का स्पष्ट मानना है कि दोषी को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए, लेकिन इसके साथ ही यह सुनिश्चित करना पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि किसी निर्दोष व्यक्ति को गलत तरीके से न फंसाया जाए। बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी बात रखते हुए हाल ही में हुए चर्चित आईपीएस अधिकारी (एडीजीपी) वाई. पूरन कुमार आत्महत्या मामले का भी जिक्र किया। उन्होंने आशंका जताई कि रवि आजाद के मामले को भी उसी तरह जातीय और राजनीतिक रंग देने की कोशिश की जा सकती है। ऐसे में सत्ता या मुख्य विपक्षी दल इस मामले को जातिय रंग ना देकर निष्पक्ष जांच की पक्ष में खड़े रहे। जमालपुर ने कहा कि सरकार या सरकार की शह पर कुछ लोग इस कानूनी मामले को जातिगत संघर्ष का रूप देने का प्रयास कर सकते हैं, जिससे समाज में भाईचारा खराब होने का खतरा है। उन्होंने प्रशासन को आगाह किया कि वे इस मामले को राजनीति और जाति से ऊपर उठकर देखें। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो इससे सरकार और प्रशासन की मनसा जान पड़ती है कि इस मामले को जातीय व सामाजिक मुद्दे बनाने के लिए जानबूझकर कर ढिल दी जा रही है। इस अवसर पर उनके साथ बीएसपी जिला अध्यक्ष प्रदीप रंगा, जिला प्रभारी रामकिशन गुरेरा, अजीत सिंह सिंघल, मनोज, सुशील गुड़ा, बौद्ध मेवा, सोनू नलोई सहित अनेक लोग साथ थे।

# नशा तस्करी नेटवर्क पर कड़ा प्रहार करते हुए चौकी कालांवाली पुलिस ने सवा लाख रुपये की 06 ग्राम 600 मिलीग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद




कालांवाली 17 दिसम्बर (सुरेश जोरासिया) पुलिस महानिदेशक हरियाणा द्वारा निर्देशित ऑपरेशन हॉट स्पॉट डोमिनेशन के तहत की जा रही लगातार काम्बिंग व संदिग्ध स्थानों पर की जा रही छापेमारी अभियान के दौरान डबवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र में नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत कार्रवाई को आगे बढ़ाते हुए चौकी कालांवाली पुलिस ने नजदीक दुर्गा मंदिर दादू रोड़ कालांवाली से आरोपी को 06.600 ग्राम हेरोइन सहित काबू करने में कामयाबी हासिल की है। काबू किए गए आरोपी की पहचान हैप्पी कुमार पुत्र सुभाष चन्द्र निवासी वार्ड न. 07 मंडी कालांवाली के रूप में हुई है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रभारी चौकी कालांवाली पीएसआई प्रवीण कुमार ने बताया कि एएसआई कृष्ण कुमार अपनी पुलिस पार्टी के साथ गस्त पड़ताल अपराध व नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए विश्वसनीय सूत्रों से मिली गुप्त सूचना के आधार पर दादू रोड़ कालांवाली पर जा रहे थे कि उन्हें नजदीक दुर्गा मंदिर एक लड़का खड़ा दिखाई दिया। जो पुलिस टीम को देखकर वहां से खिसकने की कोशिश करते हुए भागने लगा । जो एएसआई ने किसी अपराध का अंदेशा होने पर साथी कर्मचारियों की सहायता से उक्त शख्स को काबू कर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम हैप्पी निवासी मंडी कालांवाली बताया। जो एएसआई कृष्ण कुमार ने कोई नशीला पदार्थ होने के शक में उक्त युवक की तलाशी ली तो उसके पास 06.600 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुआ । जो बरामद हेरोइन को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की गई । आरोपी हैप्पी कुमार को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जायेगा और इस नेटवर्क (हेरोइन तस्करी) से जुड़े अन्य लोगों के बारे में नाम पता मालूम कर उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।

# पशुधन विकास अधिकारी व वीएलडीए संगठन के प्रदेश सलाहकार डा. दिलबाग बुढ़ेड़ा की माता शकुंतला देवी का निधन

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता।( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 17 दिसंबर। पशुधन विकास अधिकारी व वीएलडीए संगठन के प्रदेश सलाहकार डा. दिलबाग बुढ़ेड़ा की माता शकुंतला देवी का निधन हो गया है। वे 88 वर्ष की थी और अपने पीछे भरा प्रभाव परिवार छोड़कर गई है दिवंगत शकुंतला देवी मुख्य अन्वेषण अधिकारी राज कपूर, पूर्व एसडीओ शम्मी कपूर की माता दी। उनकी अंतिम शवयात्रा में सैकड़ो की संख्या में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति व विभिन्न सरकारी संस्थाओं के अधिकारी शामिल हुए और उनको अंतिम श्रद्धांजलि देते हुए शोक व्यक्त किया।

# भारत सरकार में नियुक्त केंद्रीय सूचना आयुक्त संजीव जिंदल जैतो को ओ.पी. जिंदल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा

**(रघुनंदन पराशर जैतो जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो)**

डबवाली,17 दिसम्बर :जिला फरीदकोट के ऐतिहासिक नगर जैतों के प्रमुख व्यवसायी एवं समाजसेवी लाला हीरा लाल जिंदल के पुत्र रि.आईएएस संजीव जिंदल को भारत सरकार में केंद्रीय सूचना आयुक्त नियुक्त किए जाने पर अग्रवाल वैश्य समाज के प्रतिनिधियों द्वारा खुशी व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन पंजाब के राज्य अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला ने आज प्रैस विज्ञप्ति में बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार में कार्यरत अतिरिक्त सचिव के पद से रिटायर्ड होने के पश्चात उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश पर आधारित तीन सदस्यीय कमेटी की सिफारिश पर उन्हें इस पद की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। संजीव जिंदल की इस नियुक्ति से अग्रवाल वैश्य समाज गौरवमयी हुआ है। इस लिए उन्हें शीघ्र ही



संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 'ओपी जिंदल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

सिंगला ने संजीव जिंदल से मोबाइल पर बातचीत कर उन्हें इस पद पर नियुक्त होने पर बधाई दी। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के डबवाली से राष्ट्रीय संरक्षक सदस्य सौरभ गर्ग, प्रीतम बांसल, शाम लाल जिंदल गंगा, विकास बांसल विक्की, सुशील बांसल गोल्डी संगत, हीरमणि अग्रवाल गुरदासपुर, दिनेश मोदी फाजिल्का, घनश्याम कांसल सुनाम सहित सभी ने इस नियुक्ति को अग्रवाल समाज को गौरवान्वित करने वाला बताया। आईएमए पंजाब के राज्य अध्यक्ष डा.संजीव गोयल, श्रमण जैन स्वीट्स के एमडी विपिन जैन श्रमण ने भी संजीव जिंदल की नियुक्ति का स्वागत किया है। संस्था के राज्य महामंत्री हरकेश मित्तल एवं मंत्री सीएस एमएल अग्रवाल ने कहा कि संजीव जिंदल एक मिलनसार, मधुरभाषी एवं कर्मठ आईएएस अधिकारी हैं। जिस कारण उन्हें भारत सरकार द्वारा इस अहम पद नियुक्त किया गया है। रिटायर्ड होने वाले कुछेक आईएएस अधिकारियों को कार्यप्रणाली के मद्देनजर ही ऐसे अहम पदों पर नियुक्त किया जाता है। संस्था के प्रवक्ता सुमेर गर्ग ने कहा कि हीरा लाल जिंदल एवं उनके सुपुत्र प्रवीण जिंदल जोकि जैतों के प्रमुख व्यवसायी होने के साथ साथ उनका जैतों में सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं में सदैव प्रशंसनीय योगदान रहा है। ऐसे संस्कारों के कारण ही संजीव जिंदल ने भी प्रशासनिक क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना कर जैतों का नाम रोशन किया है।

# गैर-अधिसूचित खानाबदोश और अर्ध-खानाबदोश जनजातियों का आर्थिक सशक्तिकरण

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, गैर-अधिसूचित खानाबदोश और अर्ध-खानाबदोश (डीएनटी) समुदायों के विकास एवं कल्याण के लिए, आर्थिक सशक्तिकरण योजना लागू कर रहा है, जिसके लिए वर्ष 2025-26 के लिए 39.40 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। यह योजना निम्नलिखित के लिए सहायता प्रदान करती है

शैक्षिक सशक्तिकरणः निःशुल्क कोचिंग के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना, जिससे वे अच्छे संस्थानों में प्रवेश प्राप्त कर सकें/सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में रोजगार पा सकें। स्वास्थ्यः डीएनटी समुदायों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए जा रहे हैं।

आजीविकाः डीएनटी क्लस्टरों में स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) गठित किए गए हैं ताकि वे अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकें, और भूमि और आवासः पीएमएवाई-जी/पीएमएवाई-यू और अन्य सरकारी योजनाओं के तहत डीएनटी समुदायों को आवास उपलब्ध कराने में सुविधा प्रदान करता है।

गैर-अधिसूचित, खानाबदोश और अर्ध-खानाबदोश समुदायों के आर्थिक सशक्तिकरण योजना (एसईईडी) का उद्देश्य इन समुदायों की पारंपरिक कला को संरक्षित करने और कौशल विकास के लिए उनके विपणन प्रयासों को सुगम बनाना, सामुदायिक समूहों, स्वयं सहायता समूहों, सामुदायिक आधारित संगठनों को प्रोत्साहित करना, ताकि गैर-अधिसूचित, खानाबदोश और अर्ध-खानाबदोश समुदायों के लिए आजीविका के अवसरों को बढ़ावा दिया जा सके। इस पहल से 2199 स्वयं सहायता समूहों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे सिलाई, साबुन बनाना, आभूषण बनाना, ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, खाद्य प्रसंस्करण, पशुपालन, घरेलू आवश्यक वस्तुएं और शिल्प तथा बुनियादी कंप्यूटर प्रशिक्षण जैसे क्षेत्रों में 10554 व्यक्तियों को लाभ हुआ। वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए 25,000 रुपये की मंजूरी दी गई है। बचत और आपसी ऋण देने की संस्कृति को बढ़ावा दिया गया। महिलाओं ने ऋण का उपयोग किराना की दुकानें, चूड़ी की दुकानें और बकरी पालन जैसे व्यवसाय शुरू करने के लिए किया। इन 10554 लाभार्थियों को कौशल प्रशिक्षण, वित्तीय समावेशन और स्वरोजगार पहलों के माध्यम से आय सृजन और उद्यम विकास के तहत सहायता प्रदान की गई।

# प्रधानमंत्री ने देश के अदम्य वीरों के प्रति श्रद्धांजलि के रूप में राष्ट्रपति भवन में परमवीर दीर्घा का स्वागत किया

**समाज जागरण**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में परमवीर दीर्घा का स्वागत किया और कहा कि वहाँ प्रदर्शित चित्र देश के अदम्य वीरों के प्रति भावभीनी श्रद्धांजलि और उनके बलिदानों के प्रति राष्ट्र की कृतज्ञता का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि ये चित्र उन वीर योद्धाओं का सम्मान करते हैं,जिन्होंने अपने सर्वोच्च बलिदान से मातृभूमि की रक्षा की और भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना जीवन दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के परमवीरों की इस दीर्घा को, दो परमवीर चक्र विजेताओं और अन्य विजेताओं के परिवारजनों की गरिमामयी उपस्थिति में राष्ट्र को अर्पित किया जाना और भी विशेष है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक लंबे कालखंड तक राष्ट्रपति भवन की गैलरी में ब्रिटिश काल के सैनिकों के चित्र लगे थे। अब उनके स्थान पर, देश के परमवीर विजेताओं के चित्र लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति भवन में परमवीर दीर्घा का निर्माण गुलामी की मानसिकता से निकलकर भारत को नवचेतना से जोड़ने के अभियान का एक उत्तम उदाहरण है। उन्होंने याद किया कि कुछ साल पहले सरकार ने अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में कई द्वीपों के नाम भी परमवीर चक्र विजेताओं के नाम पर रखे हैं। युवा पीढ़ी के लिए इस दीर्घा के महत्व को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि ये चित्र और यह दीर्घा हमारी युवा पीढ़ी के लिए भारत की शौर्य परंपरा से जुड़ने का एक प्रखर स्थल है।

# पीएमएएजीवाई की विशेषताएँ और उद्देश्य

**समाज जागरण**

आज राज्यसभा में एक अतारांकित प्रश्न का उत्तर देते हुए, जनजातीय कार्य मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री दुगार्दास उइके ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री आदिवासी आदर्श ग्राम योजना (पीएमएएजीवाई) को पात्र गाँवों के समग्र विकास के लिए सरकार द्वारा लॉन्च किया गया था, जिनमें 50% जनजातीय जनसंख्या और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 500 अनुसूचित जनजाति शामिल हैं, जिन्हें समन्वयात्मक दृष्टिकोण के माध्यम से विकास गतिविधियाँ संचालित करने के लिए चुना गया है। योजना के तहत प्रत्येक ग्राम के लिए ₹20.38 लाख (36,428 गांवों के लिए 7276 करोड़) का आवंटन किया गया था और राज्यों से अपेक्षित था कि वे उस केंद्रीय एसटीसी (अनुसूचित जनजाति घटक) और राज्य टीएसपी (जनजातीय उप-योजना) निधि का समन्वय करते हुए ग्राम विकास योजना तैयार करें, जो संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों और राज्य सरकार के पास उपलब्ध हों।

पीएमएएजीवाई योजना के तहत अब तक 17,656 ग्राम विकास योजनाएँ (वीडीपी) स्वीकृत की जा चुकी हैं।

वीडीपी में उद्देश्य यह है कि प्रत्येक चयनित गाँव में अंतोदय मिशन के माध्यम से पहचाने गए बुनियादी सुविधाओं के अंतर को दूर किया जाए, जैसे सड़क संपर्क, टेलीकॉम संपर्क (मोबाइल/इंटरनेट), स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य उप-केंद्र, पीने का पानी और बिजली।

पीएम जनमन की सफलता से प्राप्त अनुभव के आधार पर, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्थान अभियान (डीए जेजीयूए) शुरू किया गया है, जो पीएमएएजीवाई का अधिक संरचित संस्करण है, जिसमें लाइन मंत्रालयों और राज्य विभागों से प्रमुख हस्तक्षेपों के लिए निधियों का समर्पित समन्वय और संतृप्ति सुनिश्चित की गई है।

# केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने दिल्ली और सोनीपत की वायु प्रदूषण शमन कार्य योजनाओं पर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की; यह दिल्ली-एनसीआर के लिए समीक्षा बैठकों की श्रृंखला में तीसरी बैठक थी।

**समाज जागरण**

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने आज दिल्ली-एनसीआर शहरों में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली और सोनीपत नगर निकायों की कार्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करने हेतु एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। यह 3 दिसंबर 2025 को हुई पिछली बैठक में मंत्री महोदय द्वारा दिए गए निदेशों के अनुसार निर्धारित मापदंडों और प्रारूपों पर आयोजित की जा रही संरचित समीक्षा बैठकों की श्रृंखला की तीसरी बैठक थी।

श्री यादव ने अधिकारियों को जमीनी हकीकतों से जुड़े रहने, एनसीआर में प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों की पहचान करने और व्यावहारिक एवं लागू करने योग्य समाधान विकसित करने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय राजधानी की वैश्विक छवि को सुधारने की आवश्यकता पर जोर देते हुए श्री यादव ने वायु प्रदूषण से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए 'संपूर्ण सरकार' और 'संपूर्ण सामाज' दृष्टिकोण के महत्व को रेखांकित किया।

विशिष्ट निर्देश जारी करते हुए मंत्री ने कहा कि निर्माण एवं विध्वंस (सी एंड डी) गतिविधियों की अनुमति तब तक नहीं दी जानी चाहिए जब तक कि निर्माण स्थल के 10 किलोमीटर के दायरे में सी एंड डी अपशिष्ट प्रबंधन और प्रोसेसिंग अवसंरचना की पहचान और स्थापना न हो जाए। उन्होंने आगे निर्देश दिया कि एनसीआर में अक्टूबर से दिसंबर तक प्रदूषण का स्तर चरम पर होता है और इस दौरान विध्वंस पर रोक लगाने के प्रावधान किए जाएं और नियमों में संशोधन होने तक तत्काल निर्देश जारी किए जाएं। एनसीआर के सभी शहरों में तत्काल निरीक्षण अभियान चलाने और उल्लंघनकताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए गए। इस बात पर जोर देते हुए कि चालान ही अंतिम उपाय नहीं होना चाहिए, मंत्री महोदय ने व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया, जिसमें आम जनता को असुविधा पहुंचाने के बजाय प्रमुख प्रदूषण फैलाने वालों को लक्षित किया जाए। उन्होंने कहा, "हितधारकों को प्रेरित करें, जनता को समझाएं और उल्लंघनकताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें।"

श्री यादव ने यह भी निर्देश दिया कि दिल्ली में बहुस्तरीय पार्किंग सुविधाओं का उचित स्थान सुनिश्चित किया जाए, ताकि वे स्वयं यातायात जाम का कारण न बनें। उन्होंने शहर के 62 चिन्हित यातायात जाम वाले क्षेत्रों से अवैध पार्किंग और अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। दिल्ली पुलिस के समन्वय से सुबह 9 से 11 बजे और शाम 4 से 7 बजे के व्यस्त समय के दौरान सिग्नल-मुक्त आवागमन सुनिश्चित करने के लिए सड़क गलियारों की पहचान करने हेतु एक विस्तृत योजना तैयार की जानी है। इन गलियारों पर बीएस-क्ष मानकों से नीचे के वाहनों को



अनुमति नहीं दी जाएगी। श्री यादव ने अनियोजित शहरी विस्तार पर रोक लगाने पर जोर दिया और सार्वजनिक परिवहन सुविधाओं के उपयोग को बढ़ाने और व्यस्त समय के दौरान यातायात जाम को कम करने के लिए ऊंची इमारतों में रहने वाले निवासियों के लिए आस-पास के सार्वजनिक परिवहन केंद्रों तक अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने नगर निगम ठोस अपशिष्ट (एमएसडब्ल्यू) डंप स्थलों पर अपशिष्ट-से-ऊर्जा संयंत्रों के विस्तार की संभावनाओं का पता लगाने और सार्वजनिक भागीदारी के माध्यम से हरियाली के लिए खुले स्थानों की पहचान करने का भी निर्देश दिया, जिसमें पार्क और जल निकायों को गोद लेना शामिल है।

दिल्ली नगर निगम को विधायी सुधारों, प्रवर्तन कार्रवाई और अतिक्रमण में रहने या काम करने वाले लोगों के लिए वैकल्पिक समाधानों के प्रावधान सहित एक समग्र दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया गया। ये उपाय बाघ अभ्यारण्यों में अपनाए गए स्वैच्छिक पुनर्वास मॉडल की तर्ज पर होने चाहिए, जिनका उद्देश्य यातायात जाम और प्रदूषण के प्रमुख क्षेत्रों को समाप्त करना है। मंत्री महोदय ने ओखला, भलस्वा और गाजीपुर के पुराने कचरा डंप स्थलों को समाप्त करने में तेजी लाने का भी निर्देश दिया, ताकि 2026 के अंत तक ठोस परिणाम प्राप्त किए जा सकें। दुर्घटनाओं और यातायात जाम को रोकने के लिए सड़कों से आवारा पशुओं को हटाने पर भी जोर दिया गया। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से औद्योगिक इकाइयों के पीएनजी उत्पादन और उपभोग बिलों का विश्लेषण करने का अनुरोध किया गया, ताकि प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों के स्वच्छ ईंधन में वास्तविक संक्रमण का आकलन किया जा सके।

श्री यादव ने सभी हितधारक समूहों के व्यवहार में बदलाव लाने के लिए निरंतर जागरूकता कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया और स्वैच्छिक जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया। आईईसी गतिविधियों को उद्योगों और निर्माण कंपनियों जैसे प्रदूषण के वास्तविक हितधारकों पर केंद्रित करने का निर्देश दिया गया, ताकि उन्हें लागू उप-नियमों और मापदंडों के बारे में जागरूक किया जा सके। सीएक्यूएम को तदनुसार आईईसी दिशानिर्देशों को संशोधित करने के लिए कहा गया। श्री यादव ने एनसीआर में बायोमास और एमएसडब्ल्यू जलाने से रोकने के लिए सीएसआर पहलों के माध्यम से श्रमिकों को हीटिंग उपकरण उपलब्ध कराने का भी आह्वान किया। व्यवहार में बदलाव लाने के लिए मार्गदर्शन और सहायक सुविधाओं पर जोर देते हुए, मंत्री महोदय ने नागरिकों से वायु प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय भागीदार बनने का आह्वान किया और सभी एजेंसियों से अगले एक वर्ष में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में 40 प्रतिशत की कमी लाने के लिए मिशन मोड में काम करने का आग्रह किया।

इस बैठक में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सचिव, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के अध्यक्ष, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) के वरिष्ठ अधिकारी, पर्यावरण एवं वन सचिव, जीएनसीटीडी और दिल्ली एवं सोनीपत के नगर आयुक्त उपस्थित थे।

# केंद्रीय राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद ने "फ्रॉम एक्शन टू इम्पैक्ट" नामक कार्यक्रम को संबोधित किया, जो 'एआई इम्पैक्ट समिट' के औपचारिक कर्टेन रेजर के रूप में आयोजित किया गया था

**समाज जागरण**

भारत के वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री, श्री जितिन प्रसाद ने 16 दिसंबर, 2025 को न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में "फ्रॉम एक्शन टू इम्पैक्ट" नामक कार्यक्रम को संबोधित किया। यह कार्यक्रम 19-20 फरवरी, 2026 को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 'एआई इम्पैक्ट समिट' के औपचारिक 'कर्टेन रेजर' के रूप में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम का आयोजन भारत और फ्रांस द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस सत्र में कई अन्य प्रतिष्ठित हस्तियों ने भी हिस्सा लिया, जिनमें फ्रांसीसी गणराज्य के स्थायी प्रतिनिधि महामहिम जेरोम बोनाफोंट, फ्रांस सरकार में एआई और डिजिटल मामलों की राजदूत सुश्री क्लारा चैपाज, संयुक्त राष्ट्र के अवर महासचिव और प्रौद्योगिकी पर महासचिव के दूत श्री अमनदीप सिंह गिल, और संयुक्त राष्ट्र विकास



कार्यक्रम में सहायक महासचिव एवं एशिया-प्रशांत क्षेत्र की क्षेत्रीय निदेशक सुश्री कन्नी विग्नराजा प्रमुख थे। साथ ही, यूनेस्को के संचार एवं सूचना मामलों के सहायक महानिदेशक श्री तौफीक जेलासी, अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ में रणनीतिक योजना एवं सदस्यता प्रमुख व महासचिव की विशेष सलाहकार सुश्री सुलीना अब्दुल्ला, हगिंग फेस इंक में मशीन लर्निंग और सोसाइटी के प्रमुख श्री यासीन जरनाइट और अन्य विशिष्ट विभूतियों ने भी इस चर्चा में भाग लिया।

श्री प्रसाद ने वैश्विक शिखर सम्मेलन की विकास यात्रा को रेखांकित करते हुए बताया कि कैसे यह प्रक्रिया ब्लेचले पार्क में रिस्क-फोकस्ड चचाओं से शुरू होकर, सियोल में एथिक्स और इन्क्लूजन की बहसों तक पहुँची और अंततः पेरिस में उस पड़ाव पर आई जहाँ सारा ध्यान सहमत सिद्धांतों को अमल में लाने पर केंद्रित हो गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के इस कथन को उद्धृत करते हुए कि "एआई इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा है," उन्होंने समावेशी पहुंच, कौशल विकास व पुनः कौशल और उन व्यावहारिक उपायों के महत्व पर जोर दिया जो नीति को वास्तविक प्रभाव में बदलते हैं।

अपने संबोधन के दौरान, श्री जितिन प्रसाद ने 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के लिए '3 सूत्रों'– पीपल, प्लैनेट और प्रोग्रेस की परिकल्पना प्रस्तुत की। इन मूल मंत्रों को 7 विषयगत कार्य समूहों के माध्यम से क्रियान्वित किया जाएगा, जिन्हें 'चक्र' के रूप में पहचाना गया है। इन चक्रों के अंतर्गत मानव पूंजी, सामाजिक सशक्तिकरण के लिए समावेशिता, सुरक्षित एवं विश्वसनीय एआई, मजबूती , नवाचार और दक्षता, विज्ञान, एआई संसाधनों की सभी तक पहुंच तथा आर्थिक विकास एवं सामाजिक कल्याण के लिए एआई जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

19-20 फरवरी 2026 को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 'एआई इम्पैक्ट समिट' की घोषणा करते हुए, श्री प्रसाद ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन कल्पना को वास्तविकता में बदलने को प्राथमिकता देगा। उन्होंने सरकारों, उद्योगों, शोधकताओं, नागरिक समाज और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित करते हुए अपनी बात समाप्त की। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि इस शिखर सम्मेलन की सफलता का पैमाना जारी किए गए घोषणापत्रों की संख्या नहीं, बल्कि इसके द्वारा बेहतर बनाए गए लोगों के जीवन से मापा जाना चाहिए।

# केंद्रीय राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च-स्तरीय बैठक में वर्ल्ड समिट ऑन द इंफॉर्मेशन सोसाइटी (डब्ल्यूएसआईएस+20) के परिणामों के कार्यान्वयन की समग्र समीक्षा पर भारत का राष्ट्रीय वक्तव्य दिया

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री, श्री जितिन प्रसाद ने 16 दिसंबर, 2025 को अमेरिका के न्यूयॉर्क में आयोजित संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की उच्च-स्तरीय बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान उन्होंने वर्ल्ड समिट ऑन द इंफॉर्मेशन सोसाइटी (डब्ल्यूएसआईएस+20) के परिणामों के कार्यान्वयन की समग्र समीक्षा पर भारत का राष्ट्रीय वक्तव्य प्रस्तुत किया।

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) द्वारा 2001 में 'सूचना समाज पर विश्व शिखर सम्मेलन' (डब्ल्यूएसआईएस) को यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी कि वह ज्ञान और प्रौद्योगिकी की क्षमता का उपयोग सभी के विकास के लिए करे और यह सुनिश्चित करे कि इनका लाभ हर व्यक्ति और हर देश तक पहुँचे। डब्ल्यूएसआईएस की यह प्रक्रिया दो चरणों में संपन्न हुई थी–पहला जिनेवा (2003) में और दूसरा ट्यूनिस (2005) में। बाद में, 2015 में आयोजित डब्ल्यूएसआईएस+10 समीक्षा प्रक्रिया के दौरान संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इसके परिणामों के कार्यान्वयन में हुई प्रगति का जायजा लिया। अब, वर्ष 2025 में आयोजित 'डब्ल्यूएसआईएस+20 समीक्षा' अपनी शुरूआत से लेकर पिछले दो दशकों की उपलब्धियों, प्रमुख रुझानों, प्रगति और चुनौतियों का व्यापक आकलन कर रही है और भविष्य के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की रूपरेखा तैयार कर रही है। इस अवसर पर अपना संबोधन देते हुए, श्री प्रसाद ने कहा कि पिछले दो दशकों में डब्ल्यूएसआईएस ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब डिजिटल प्रौद्योगिकियों को साझा मूल्यों द्वारा निर्देशित किया जाता है, तो वे विकास, समावेशिता और मानवीय गरिमा को किस प्रकार बढ़ावा दे सकती हैं। उन्होंने आगे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उस कथन को भी याद दिलाया जिसमें उन्होंने जोर देकर कहा था कि "वैश्विक चुनौतियों की मांग है कि हमारी वैश्विक कार्रवाई हमारे वैश्विक लक्ष्यों के अनुरूप होनी चाहिए।" अपना वक्तव्य देते हुए, श्री प्रसाद ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि भारत का डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जनसंख्या के स्तर पर एक जीवंत अनुभव रहा है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन 'डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर' (डीपीआई) द्वारा संचालित है, जिसे एक सार्वजनिक हित के रूप में विकसित किया गया है–जो अपने डिजाइन से ही ओपन, इंटरऑपरेबल, सुरक्षित और किफायती है। उन्होंने आगे कहा कि डिजिटल पहचान, तत्काल भुगतान, डिजिटल डॉक्यूमेंटेशन, टेलीमेडिसिन, ऑनलाइन शिक्षा और शिकायत निवारण जैसे मंच आज विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों, भाषाओं और आय स्तरों के लोगों की सेवा कर रहे हैं। यह सुनिश्चित करता है कि तकनीक समाज के अंतिम छोर और अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाए।

श्री प्रसाद ने आगे भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान 'ग्लोबल डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर रिपॉजिटरी' के शुभारंभ को याद दिलाया। उन्होंने कहा कि यह इस सिद्धांत को दर्शाता है कि डिजिटल सार्वजनिक वस्तुएं बांटने वाले के बजाय समानता लाने वाले माध्यम के रूप में कार्य कर सकती हैं। उन्होंने "वसुधैव कुटुंबकम" की भावना से प्रेरित होकर, भागीदार देशों के साथ क्षमता, उपकरण और ज्ञान साझा करने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया।

उभरती प्रौद्योगिकियों के विषय पर श्री प्रसाद ने रेखांकित किया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सतत विकास के अगले चरण का केंद्र है। उन्होंने बताया कि 'इंडिया एआई मिशन' के माध्यम से भारत एक उत्तरदायी एआई इकोसिस्टम में निवेश कर रहा है, जिसके तहत राष्ट्रीय कंप्यूट क्षमता का विस्तार किया जा रहा है, 'एआई कोष' के माध्यम से दोबारा इस्तेमाल होने वाले डेटासेट का भंडार बनाया जा रहा है, और 'भाषिणी' जैसा एआई और एनएलपी आधारित रियल-टाइम अनुवाद उपकरण विकसित किया जा रहा है, ताकि देश की विभिन्न भाषाओं में कंटेंट उपलब्ध हो सके।

# राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत विज्ञान क्विज का आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी बी0 आर0 सी0 पर राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत के पूर्व माध्यमिक एवं कंपोजिट विद्यालय के कक्षा 6 से 8 में पढ़ने वाले बच्चों के लिये बुधवार को विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि राजेन्द्र पटेल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया गया।मुख्य अतिथि ने बच्चों को कड़ी मेहनत करने के लिये अभिप्रेरित किया। खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार यादव ने बच्चों को जनपद स्तर पर सेवापुरी के नाम को रौशन करेंगे । इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को परीक्षा के लिये स्टेन्सरी और प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिया गया साथ में इनके लिये खान पान की व्यवस्था किया गया। प्रतियोगिता के पहले चरण में कुल 111 बच्चे प्रतिभाग किये। प्रतियोगिता के दूसरे चरण में 25 छात्रों का चयन कर ग्रुप डिस्कशन कर टॉप 10 बच्चे का चयन किया गया। प्रथम स्थान ऐसान कुमार भारती कम्पोजिट विद्यालय चित्रसेनपुर ,अनुज कुमार द्वितीय स्थान कम्पोजिट विद्यालय देहली विनायक, आयुषी यादव पूर्व माध्यमिक विद्यालय अदमापुर तृतीय स्थान, नीतीश कुमार पूर्व माध्यमिक विद्यालय कालिकाधाम चौथा स्थान, ओम प्रकाश केशरी कम्पोजिट विद्यालय देहली विनायक पांचवा स्थान, हर्ष यादव पूर्व माध्यमिक विद्यालय अदमापुर छठा स्थान, अनीश मौर्य बरनी सातवां स्थान, अंकिता यादव पूर्व माध्यमिक विद्यालय अदमापुर आठवा स्थान, प्रिंस वर्मा बरनी नौवां स्थान, अंकन कुमार सिंह कम्पोजिट विद्यालय देहली विनायक दशवा स्थान प्राप्त किया। इन 10 स्थान प्राप्त प्रतिभागियों में से टॉप 5 स्थान प्राप्त सभी प्रतिभागियों को मोमेंटो चैंपियंस प्रमाण पत्र विज्ञान किट, विज्ञान बुक एवं चैंपियंस ट्रॉफी देकर जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में ब्लॉक सेवापुरी से प्रतिभाग करने हेतु शुभकामनाएं दिया है। इस प्रतियोगिता में विभिन्न शैक्षिक संगठन के सदस्य उपस्थित थे जिसमें आनंद कुमार सिंह, राजेश सिंह , काशी नाथ यादव, दिनेश सिंह एवं शशि प्रकाश राय, अनिल कुमार मिश्र एवं अन्य लोग शामिल हुए।

# सरजू राय मेमोरियल पी जी कालेज के 21 वर्ष पूर्ण होने पर विशाल भोजपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**





18 दिसंबर को दोपहर एक बजे से सरयू राय मेमोरियल पीजी कालेज गांधीनगर में स्थापना के 21 वर्ष पूर्ण होने पर 18 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से समाजसेवी अभिजीत राय हिमांशु द्वारा विशाल भोजपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है।जिसमे निर्गुण सम्राट मदन राय,सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायक गोलू राजा,निशा उपाध्याय,माही मनीषा,रितु राय,प्रियंका तिवारी,भावना सिंह, विशाल गगन,चंदन यादव, बबिता सागर,राय वैष्णवी सहित अनेक चर्चित कलाकार अपनी बेहतरीन गायकी की प्रस्तुति करेंगे।इसकी जानकारी सरयू राय मेमोरियल पीजी कालेज के प्रबंध निदेशक हिमांशु राय के द्वारा दी गई है। कार्यक्रम के लिए पी जी कालेज के पीछे बड़ा सा मंच एवं लोगों के बैठने के लिए बहुत खुबसूरत पंडाल का निर्माण कराया गया है। बुधवार को सरजू राय मेमोरियल पी जी कालेज के चेयरमैन अरविन्द राय अभियंता के द्वारा सभी तैयारियों का निरीक्षण किया गया।और कार्यक्रम को सफल एवं सम्पन्न बनाने के लिए लगी टीम के लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।इस अवसर पर हिमांशु राय प्रबंधक सरजू राय मेमोरियल पी जी कालेज गांधीनगर,हर्ष राय डायरेक्टर डालिम्स सनबीम स्कूल गांधी नगर, रजनीकांत राय,सत्यनरायण राय, मनोज सिंह, दिवाकर पाण्डेय, मधुकर पाण्डेय,रतन पाण्डेय चांपू बाबा, समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण कराया गया

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**







जनपद श्रावस्ती पार्टिसिपेटरी एक्शन फॉर कम्युनिटी एंपावरमेंट (पेस) संस्था द्वारा जनपद श्रावस्ती के सिरसिया ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत घोघवा कला में समूह की महिलाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पेस संस्था के कम्युनिटी मोबिलाइजर मनोज कुमार जी ने अपना एवं संस्था का परिचय देते हुए बताया कि कि पेस संस्था सिरसिया ब्लॉक में पंद्रह ग्राम पंचायतों में बाल अधिकार एवं सामाजिक आजीविका के मुद्दों पर कार्य कर रही है तथा महिलाओं एवं वंचित परिवारों को आगे बढ़ाने के लिए सदैव तत्पर है समुदाय के गरीब महिलाओं को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जोड़कर उन्हें आगे बढ़ाने में सहयोग कर रही है कार्यक्रम में उपस्थित ब्लॉक मिशन प्रबंधक घनश्याम मद्धेशिया जी ने स्वयं सहायता समूह के कार्य तथा पदाधिकारी चैन प्रकिया एवं उनके कर्तव्यों की जानकारी दिया तथा समूह को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जोड़ने,एवं वित्तीय सहायता और ग्राम संगठन की गठन प्रकिया बताते हुए वित्तीय समावेश, समूहों को बैंक लिंकेज तथा वित्तीय सेवाओं से जोड़ने के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम में पेस संस्था से कम्युनिटी मोबिलाइजर मनोज कुमार, वॉलंटियर राम नारायण वर्मा, बीएमएम घनश्याम मद्धेशिया ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम बख्श यादव, पंचायत सहायक उर्मिला देवी एवं समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं

# ट्रक और पिकअप की आमने-सामने भिड़त में गाड़ी चालक घायल

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर हरेवली शेरकोट मार्ग पर कोहरे के चलते बिजनौर से खाद लेकर हरेवली जा रहे ट्रक व अफजलगढ से आ रही मुर्गे से भरी पिकअप गाड़ी की आमने सामने भिड़त मे पिकअप चालक घायल हो गया। पुलिस ने घायल को उपचार हेतू रवाना कर दोनो दुर्घटनाग्रस्त वाहनो को थाने ले गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुद्धवार को अफजलगढ़ निवासी जुबेर पिकअप मे मुर्गा लेकर शेरकोट आ रहा था। यहा ग्राम नुरपुर छीपरी के पास एक ट्रक ने सामने से उसकी गाडी मे टक्कर मार दी जिसमे चालक जुबेर घायल हो गया। बताया जाता हैं कि सुबह कोहरे व तेज रफ्तार के चलते उक्त हादसा हुआ। सूचना पर पुलिस ने पहुँच घायल जुबेर को उपचार हेतू रवाना किया तथा दोनो वाहनो को अपने साथ थाने ले गयी। हादसे मे पिकअप वाहन पूरी तरह श्रतिग्रहस्त हो गया।

# स्योहारा में घने कोहरे के चलते वाहन धीमे चलाने की अपील

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर स्योहारा। पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडे ने स्योहारा क्षेत्र के नागरिकों से घने कोहरे के कारण वाहनों को धीमी गति से चलाने की अपील की है। उन्होंने बुधवार को जारी अपने संदेश में कहा कि कोहरे और वाहनों की अधिक आवाजाही के चलते सड़क हादसों की आशंका बढ़ जाती है।
सीओ अभय पांडे ने कहा कि सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे अतिरिक्त सावधानी बरतें और निर्धारित गति सीमा का पालन करें। उन्होंने लोगों से केवल अत्यावश्यक होने पर ही यात्रा करने तथा आपात स्थिति में निकलते समय यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन करने की सलाह दी।
उन्होंने वाहन चालकों को सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग, स्पीड ब्रेकर के पास गति नियंत्रित रखने, फॉग लाइट का उपयोग करने और ओवरटेकिंग से बचने जैसे सुरक्षा उपाय अपनाने पर जोर दिया।
सीओ ने कहा कि जीवन अनमोल है, इसलिए अपनी सुरक्षा के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखना सभी का कर्तव्य है। अंत में उन्होंने जनता से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

# दिव्यांगजनों की क्षमताओं द्वारा सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

**दिव्यांगता जागरूकता एवं समावेशन अभियान में दिव्यांग बच्चों ने की सराहनीय प्रस्तुति।**

**समाज जागरण अनिल कुमार**




हरहुआ वाराणसी जन विकास समिति, मुर्दहा, वाराणसी द्वारा आयोजित दिव्यांगता जागरूकता एवं समावेशन अभियान 2025 का समापन बुधवार को दिव्यांग बच्चों द्वारा कौशल ,कला ,प्रतिभा प्रदर्शन की प्रस्तुति संग सम्पन्न हुआ।
इस वर्ष की थीम'छात्रों का दृष्टिकोण - दिव्यांगता समावेशन' में चार जिला वाराणसी, भदोही, मिजार्पुर और जौनपुर के 40 विद्यालयों के 7921 छात्रों ने भाग लिया था। कक्षा 9-10 के लिए कला प्रतियोगिता तथा कक्षा 11-12 के लिए प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता आयोजित की गई।
स्कूल और जिला स्तर के बाद कुल 24 फाइनलिस्ट क्षेत्रीय स्तर प्रतियोगिता में शामिल हुए।
निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की रचनात्मकता, संवेदनशीलता और विषय की समझ का मूल्यांकन किया। कला प्रतियोगिता में अक्षत पाण्डेय , काजल सिंह व अनैशा यादव को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के साथ अंकित विश्वकर्मा, रवि गुप्ता तथा तनु दूबे को प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता में सफल रहे । कला तथा प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेताओं को 5001, 4001 और 3001 के पुरस्कार प्रदान किया गया ।
कार्यक्रम में छात्रों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आकर्षण का केंद्र रहीं।
कार्यक्रम में इस बात पर जोर दिया गया कि शिक्षा, परिवहन, भवनों और डिजिटल माध्यमों में सुगम्यता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। छात्रों ने अपने विचारों में बताया कि सहानुभूति, सम्मान और सहयोग समावेशी समाज की नींव हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों की क्षमताओं को पहचानना और उन्हें नेतृत्व के अवसर देना सामाजिक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।
जन विकास समिति के सचिव सह निदेशक फा0चंद्रन रैमड्स ने अतिथियों ,विशेषज्ञों ,निर्णायकों को धन्यवाद प्रदान करते हुए कहा कि इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में समावेशन, सहानुभूति और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने ने भविष्य में भी ऐसे दिव्यंगता जागरूकता कार्यक्रम जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की और सभी संस्थानों से अपील की कि वे समावेशन को केवल नीति नहीं, बल्कि दैनिक व्यवहार और संस्कृति का हिस्सा बनाएं।
कार्यक्रम में सराहनीय सहयोग जडावती ,फिलिप्स थॉमस, सुभावती, अनूप सिंह वींजानस का रहा।
सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी रंजीत सिंह ने की।

# नैनो उर्वरक कृषि क्षेत्र मे नई क्राँति :डाक्टर विवेक दीक्षित

***चावल अनुसंधान केंद्र मे नैनो उर्वरक आधारित कार्यशाला संपन्न।**

**समाज जागरण**



वाराणसी बुधवार को वाराणसी में भारतीय चावल अनुसंधान केन्द्र में प्रगतिशील किसानों हेतु नैनो उर्वरक आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य विपणन प्रबंधक यतेंद्र कुमार एवं डॉक्टर आर के नायक द्वारा उपस्थित किसानों को परंपरागत एवं नैनो उर्वरक के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया ।
कार्यक्रम मे एसएमएम महोदय द्वारा नैनो उर्वरक के उपयोग विधि पर गहन चर्चा की गई तथा डॉ नायक द्वारा भी इफको के बारे में तथा नए उत्पादों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ सुधांशु सिंह , निदेशक , अंतराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान द्वारा संस्थान की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई तथा अनुसंधान केंद्र पर नैनो उर्वरक आधारित प्रदर्शन के परिणामों के बारे में जानकारी दी गई ।
कार्यक्रम मे डॉ पीनिसेल्वम, वैज्ञानिक द्वारा इफको प्रदर्शन के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गई ।
कार्यक्रम का संचालन करते हुए इफको के डॉक्टर विवेक दीक्षित द्वारा बताया गया कि नैनो उर्वरक कृषि क्षेत्र मे नई क्रांति है ।किसानो की आय दुगनी करने की रणनीति मे नैनो उर्वरको का महत्वपूर्ण योगदान है।
कार्यक्रम में लगभग 70 कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें किसानों द्वारा नैनो उर्वरक उपयोग के अपने अनुभव साझा किए गए ।
कार्यक्रम का आयोजन डॉ0 आशीष श्रीवास्तव , वैज्ञानिक तथा डॉ विवेक दीक्षित( इफको) के सहयोग से किया गया।
प्रगतिशील कृषकों में सुशील पटेल , कमलेश , राजेश पांडेय , बरसाती बिंद , रामलाल वर्मा एवं रामरक्षा पटेल , प्रेमचंद्र पटेल सहित तमाम किसानो द्वारा उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

# पूर्व सांसद अतुल राय के कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

- गाजीपुर जनपद का अब तक का सबसे बड़ा कार्यक्रम
- भोजपुरी गीतों पर देर रात तक झूमते रहे श्रोता

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**






गाजीपुर जनपद के भांवरकोल ब्लाक क्षेत्र का मां गंगा का पावन तट और बलखाती गंगा की लहरों के किनारे भोजपुरी माटी की सोंधी महक के बीच निकली भोजपुरी गीत और संगीत की लहरियों पर देर रात तक उपस्थित हजारों श्रोताओं को गीत व संगीत में सराबोर करती रही। मौका था क्षेत्र के बीरपुर गांव में पूर्व सांसद घोसी अतुल राय के पुत्र कैवल्य एवं पुत्री कश्यपी के मुंडन संस्कार पर पहुंचे भोजपुरी गायकों की सांस्कृतिक कार्यक्रम की। जिसमें एक से बढ़कर एक शानदार भोजपुरी गीतों प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम की शुरूआत सुर संगीत एवं माटी के लाल अनील चौधरी की गणेश बन्दना से हुई। फिर भोजपुरी अभिनेता एवं लोकप्रिय भोजपुरी गायक गोपाल राय ने देवी गीत" निबिया की बाढ़ भैया, डालेली झुलुववा हो कि झूमीं न झूमीं ना " से अपनी गायकी की शुरूआत की। फिर अपने अनेकों चर्चित गीतों से कार्यक्रम को नई ऊंचाईयां दी तो मौजूद श्रोता गीतों के रस में गोते लगाने को विवश हो गए। फिर अंकुश राजा, करीना पान्डेय एवं सबिता पाण्डेय, वैष्णवी राय, हेमा पान्डेय ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। फिर भोजपुरी गीतों के बीच गायकों ने सोहर गीत ने पूरे माहौल में रस घोल दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का ओजपूणय संचालन शायर एवं लोकप्रिय एंकर जयप्रकाश "जिद्दी"ने किया। आयोजन में आए सभी कलाकारों को पूर्व सांसद अतुल राय ने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। आयोजन में प्रमुख रूप से पूर्व प्रधान पवन राय, गोपाल जी राय, मदन दूबे आदि शामिल रहे। इस मौके पर आयोजित प्रीत भोज में लाखों लोगों ने भोजन ग्रहण गहण किया।
खुद पूर्व सांसद अतुल राय भी लोगों को भोजन परोसते नजर आये।सुबह से लेकर देर रात तक नौजवान अपने प्रिय नेता अतुल राय के साथ सेल्फी प्वाइंट पर फोटो लेते रहे।सभी ने पूर्व सांसद के इस शानदार आयोजन की सराहना की।पूर्व सांसद का यह कार्यक्रम गाजीपुर जनपद में विशेष चर्चा का केंद्र बन गया है।




मुहम्मदाबाद भरौली मार्ग पर दिन भर गाड़ियां रेंगती रहीं। भांवरकोल ब्लाक से बीरपुर कार्यक्रम स्थल तक जगह जगह पार्किंग की व्यवस्था की गई थी। लेकिन सभी पार्किंग गाड़ीयों से भर जाने के कारण लोग पैदल खेत के रास्ते से भी कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे।गंगा उस पार से आने वाले लोगों के लिए स्टीमर की ब्यवस्था की गई थी। जमानियां विधानसभा क्षेत्र से भी भारी संख्या में लोग शामिल हुए। गाजीपुर बलिया, वाराणसी,में समेत अन्य जनपदों से भी लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में अखिलेश प्रसाद, उज्वल रमण सिंह पूर्व मंत्री, विक्रांत सिंह रिशु एम एल सी, संग्राम यादव विधायक,विजय राजभर, कपिल मुनि करवरिया, आशुतोष सिन्हा, राजेन्द्र राम,ददन यादव पूर्व मंत्री, डाक्टर एस एन पटेल,संजय राय एडीटर इशान टाईम्स चंडीगढ़, डाक्टर राहुल राय राहुल हास्पिटल मउ , श्रीराम जायसवाल, इंजिनियर राकेश कुमार राय, मृत्युंजय द्विवेदी बड़े बाबा,हेमन्त पाण्डेय,बिनीत राय,रवि राय,पुलक राय,सुधीर सिंह,प्रशांत राय,सोनू राय, विक्रांत,निर्भय,गिरजेश राय, क्षितिज राय,मोनू पासवान समेत लाखों की संख्या में लोग शामिल रहे।
पूर्व सांसद अतुल राय ने कहा की जब मेरे पर विपत्ति आई तो उस दुख की घड़ी में जिस जनता ने मुझे बढ़ चढ़ कर सहयोग किया तो मैं उस देवतुल्य जनता को अपने खुशी के मौके पर कैसे भूल सकता हूं। मैंने सबको सादर आमंत्रित किया और सभी ने मेरे आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार किया।
अन्त में पूर्व सांसद अतुल राय ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# समाज में बच्चों के अधिकार को सुनिश्चित करना है-: लक्ष्मी देवी

**देहात इंडिया संस्था द्वारा ग्राम पंचायत घोघवा कला में ग्राम बाल कल्याण समिति की बैठक का आयोजन किया गया**

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**



जनपद श्रावस्ती देहात इंडिया संस्था द्वारा जनपद श्रावस्ती के सिरसिया ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत घोघवा कला के पंचायत भवन में ग्राम स्तरीय बाल कल्याण समिति की बैठक कर हितधारक व ग्रामीणों को बाल अधिकार एवं बाल शोषण के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें देहात इंडिया की कार्यकर्ता लक्ष्मी देवी जी बताया कि इस बैठक का उद्देश्य है कि समाज में बच्चों के अधिकार को सुनिश्चित करना एवं बच्चों से संबंधित समस्याएं जैसे बाल विवाह, बालश्रम, बाल यौन शोषण बाल भिक्षावृत्ति एवं बाल तस्करी आदि शोषण से बच्चों को मुक्त कराना। साथ ही सरकारी योजनाओं से जोड़ना। बैठक में उपस्थित बाल कल्याण अधिकारी नमिता सिंह जी ने महिला एवं बाल हेल्प लाइन नंबरों के बारे में बच्चों के अधिकार व संरक्षण पर कार्य करने वाले सभी सहकर्मी की जानकारी दिया। इसी क्रम में आंगनवाडी तारा देवी जी ने बताया कि बच्चों के स्वास्थ्य शिक्षा व पोषण के लिए मै कार्यरत हूं और आशा प्रभा जी ने बताया कि मां और बच्चा दोनों स्वास्थ और सुरक्षित रहे जिसके लिए मै कार्य करती हूं ग्राम प्रधान मालती देवी के प्रतिनिधि रामबक्स यादव ने बताया कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा तभी मिल सकती हैं जब अभिभावक व अध्यापक और बच्चे पहल करेंगे बताया कि बच्चों के सुरक्षा और अधिकार के लिए मेरे लायक सहयोग की आवश्यकता होती हैं तो मैं तैयार हु। बैठक में देहात इंडिया संस्था से कम्युनिटी एसोसिएट लक्ष्मी देवी बाल, कल्याण अधिकारी नमिता सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम बख्श, आंगनवाडी तारा देवी आशा प्रभा शर्मा, पंचायत सहायक उर्मिला देवी एवं बाल संसद के बच्चे व अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मानसिक रोग जागरूकता शिविर का आयोजन ब्लॉक प्रमुख ने किया शुभारंभ

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नजीबाबाद पर मानसिक रोग जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख तपराज देशवाल ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंकित कुमार की उपस्थिति में किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने मानसिक स्वास्थ्य व इससे जुड़ी अन्य बीमारियों के रोकथाम व बचाव और इलाज पर अपने विचार रखे, साथ ही शासन द्वारा प्रदान की जा रही निशुल्क मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया, उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में मानसिक बीमारी बढ़ रही है, इसके लिए सरकार ने निःशुल्क इलाज की व्यवस्था सरकारी अस्पतालों में की है, सरकार आपके स्वास्थ्य के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी अंकित कुमार ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से बचने के लिए व्यक्ति को नींद 6 से 8 घंटे लेना जरूरी है, इसके अलावा प्रतिदिन व्यायाम, साफ सफाई, शुद्ध और ताजा भोजन, धूम्रपान का सेवन न करना समेत अन्य जरूरी आदतों को अपने दैनिक जीवन में जरूर शामिल करना चाहिए, इससे मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है। इस बीमारी के लक्षण तनावपूर्ण स्थिति, जल्दी थकान महसूस करना, हाथों में कंपन, याददाश्त कमजोर होना, दिल में घबराहट, सीने में दर्द है। शिविर में मानसिक रोग विशेषज्ञ, मानसिक रोग परामर्शदाता बीपीएम बीसीपीएम, आशा एवं पीएचसी के सभी कर्मचारी और समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# लंबित मामलों का जल्द करें निस्तारण एसडीएम

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर धामपुर एसडीएम स्मृति मिश्रा ने तहसील परिसर में मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रिकार्ड रूम में कमियां मिलने और तीन से पांच वर्ष से अधिक पुराने मामले पेडिंग पड़े होने पर सख्त नाराजगी जताई। इस दौरान कोर्ट रूम का भी निरीक्षण किया और कर्मचारियों मामलों का जल्द निस्तारण करने के आदेश दिए। मंगलवार को एसडीएम स्मृति मिश्रा ने रिकार्ड रूम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार कोर्ट, कलेक्शन आफिस, रजिस्टर्ड कानूनगो कार्यालय आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कोर्ट में कई मामले पांच वर्ष से अधिक पुराने पेंडिंग मिले हैं तहसील के मासिक निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कर्मचारियों को दिए सख्त निर्देश जिस पर कर्मचारियों से तीन से लेकर पांच वर्ष से पुराने मामलों का निस्तारण ना होने का कारण पूछा गया। इसके अलावा रिकार्ड रूम में फाइलों का रखरखाव और साफ-सफाई ठीक से नहीं पाई गई। जिस पर एसडीएम स्मृति मिश्रा ने नाराजगी जताते हुए सभी कर्मचारियों को सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही पुराने पेंडिंग कोर्ट केसों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए। वहीं कोर्ट में आने वाली आपत्तियों को भी सूचीबद्ध करके उनको जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए।

## लंबित मामलों का जल्द करें निस्तारण एसडीएम

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर धामपुर एसडीएम स्मृति मिश्रा ने तहसील परिसर में मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान रिकार्ड रूम में कमियां मिलने और तीन से पांच वर्ष से अधिक पुराने मामले पेडिंग पड़े होने पर सख्त नाराजगी जताई। इस दौरान कोर्ट रूम का भी निरीक्षण किया और कर्मचारियों मामलों का जल्द



निस्तारण करने के आदेश दिए। मंगलवार को एसडीएम स्मृति मिश्रा ने रिकार्ड रूम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार कोर्ट, कलेक्शन आफिस, रजिस्टर्ड कानूनगो कार्यालय आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि कोर्ट में कई मामले पांच वर्ष से अधिक पुराने पेंडिंग मिले हैं तहसील के मासिक निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कर्मचारियों को दिए सख्त निर्देश जिस पर कर्मचारियों से तीन से लेकर पांच वर्ष से पुराने मामलों का निस्तारण ना होने का कारण पूछा गया। इसके अलावा रिकार्ड रूम में फाइलों का रखरखाव और साफ-सफाई ठीक से नहीं पाई गई। जिस पर एसडीएम स्मृति मिश्रा ने नाराजगी जताते हुए सभी कर्मचारियों को सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही पुराने पेंडिंग कोर्ट केसों को जल्द निपटाने के निर्देश दिए। वहीं कोर्ट में आने वाली आपत्तियों को भी सूचीबद्ध करके उनको जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए।

## प्लास्टर करते समय बिजली के करंट की चपेट में आकर राजगीर की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। खखरेडू थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव में घर के अंदर प्लास्टर करते समय बिजलीं के करंट की चपेट में आकर राजगीर की मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव निवासी गणेशी का 33 वर्षीय पुत्र रामधनी घर में प्लास्टर कर रहा था। तभी उसकी बिजली के कटे हुए तार में दौड़ रहे करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। हादसे की जानकारी परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सन्दिग्ध अवस्था में युवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर की आत्महत्या

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के दुर्गा का डेरा मजरे सहरन बुजुर्ग गांव में युवती ने घर के अंदर सन्दिग्ध अवस्था मे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। हादशे की जानकारी परिजनों को  हुई तो घर में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के दुर्गा का डेरा मजरे सहरन बुजुर्ग गांव निवासी संतोष कुमार की 22 वर्षीय पुत्री पूजा देवी ने घर के अंदर सन्दिग्ध अवस्था में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों ने जब पूजा देवी को फांसी के फंदे से लटका हुआ देखा तो घर में हड़कम्प मच गया। सभी का रोरो कर हाल बेहाल होता रहा। फोन कर घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बाइकों की भीड़ में एक बाइक सवार की दर्दनाक मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के नहर के समीप दो बाइकों की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें एक बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार जाफरगंज थाना क्षेत्र के भवराजपुर गांव निवासी चंद्रभान का 35 वर्षीय पुत्र राकेश बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए बिंदकी कस्बे आ रहा था। जब वह बिंदकी नहर के समीप पहुंचा तभी दूसरी बाइक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें राकेश कुमार की दर्दनाक मौत हो गई घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही हादशे के जानकरीं उसके परिजनों को ही तो घर मे कोहराम मच गया सभी का रोरो कर हाल बेहाल होता रहा।

## पुलिस ने पॉक्सो एक्ट जवाभियुक्त पकड़ा

**समाज जागरण**

फि रोजाबाद। थाना खैरगढ़ पुलिस ने पोक्सो एक्ट के एक  अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसे जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक प्रेम सिंह थाना खैरगढ  ने पुलिस बल के साथ चैकिंग के दौरान एक अभियुक्त को पकड़ा है। पुलिस को उसके बारे में पता चला था। पुलिस ने उसे पुलिस ने उसे



एसजीएम तिराहा थाना खैरगढ़ से पकड़ा है। पुलिस ने पकड़े अभियुक्त का नाम अमन पुत्र वीरेन्द्र सिंह बताया है। वह कन्थरी थाना शिकोहाबाद का रहने वाला है।  उसके खिलाफ थाने पर धारा 87, 137(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज था। मामले में धारा 64(1) बीएनएस व ¾ पोक्सो  एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई।  प्रभारी निरीक्षक ने बताया अमन 10 नवंबर को एक किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले गया था। उसके पता ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

## 119 साल पुराने पुल से होने वाली परेशानियों से मिलेगी राहत : सदर विधायक मनीष असीजा

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! जनता को नए बर्ष में जल्द ही मिलेगा एक ओर तोहफा लाइन पार क्षेत्र तथा उससे लगे पचास से अधिक गाँबों के हजारों निवासियों, स्कूली बच्चों ब्रद्धो को परमेश्वर गेट रेलवे पुल से आवागमन में लंबे समय से बढ़ते




जाम के चलते आ रही दिक्कतों को देखते हुए विधायक सदर  मनीष असीजा द्वारा चंद्रवार गेट रेलवे पुल की तर्ज पर इस अंग्रेजो के जमाने का बना 119 बर्ष पुराना पेमेस्वर गेट पुल का नवनिर्माण द्रुति गति से कराया जा रहा है।
 यथा शीघ्र नवबर्ष में फिरो० के सम्मानित बसियों को आवागमन हेतु प्रारंभ हो जाएगा, इसी क्रम में बुधवार को विधायक   असीजा द्वारा भाजपा के वरिष्ठ जनों के साथ स्थल निरीक्षण किया गया, कार्यदायी संस्था लोकनिर्माण ब रेलवे विभाग को संयुक्त रूप से उच्च गुणबत्ता ओर मानक के अनुरूप तय समय सीमा में निर्माण के निर्देश दिए,

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दुकानदार गंभीर रूप से घायल, डॉक्टर ने किया रेफर

**समाज जागरण**

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के चौडगरा कस्बे में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन दुकानदार को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे दुकानदार रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके परिजनों को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार बिहार प्रान्त के वैशाली जनपद के गोरौल थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव निवासी अफजल हुसैन का 30 वर्षीय पुत्र जाहिद हुसैन जो विगत 8 वर्षो से कल्यानपुर थाना क्षेत्र के चौडगरा कस्बे में रह कर पंचर बनाने की दुकान चला रहा है। आज वह सुबह रोड किनारे किसी काम से पैदल जा रहा था। तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन उसको टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे जाहिद हुसैन रोड़ पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी उसके पड़ोसी दुकानदारों को हुई तो तुरंत उसको इलाज के लिए गोपालगंज सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस के ईएमटी राम सिंह व पायलट गुलाब के साथ जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

वहीं जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। घायल के साथ अस्पताल आए उसके पड़ोसी दुकानदार मो० नसीर अहमद ने बताया आज सुबह यह अपनी दुकान के पास रोड किनारे था तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन टककर मारते हुए निकल गया। यह घायल होकर रोड पर पड़ा था जानकरीं होने पर इलाज के लिए लेकर आए है।

## विशेषाधिकार समिति बनाए जाने पर स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम किया गया

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद! भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा महानगर अध्यक्ष डॉ सतीश दिवाकर के नेतृत्व में उदल सिंह महाविद्यालय में संगठन पर्व के अंतर्गत निर्वाचित राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य नानक चंद अग्रवाल एवं सदर विधायक मनीष असीजा का सदस्य विशेषाधिकार समिति बनाए जाने पर स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम किया गया  इस अवसर पर विधायक सदर मनीष असीजा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत बनाना और जन सेवा ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए
 नवनिर्वाचित राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य नानक चंद्र अग्रवाल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को अपने नव निर्वाचित राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन एवं प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की नेतृत्व में 2027 का चुनाव पूरी दमदारी के साथ जितना है और फिरोजाबाद की पांचो विधानसभा में भाजपा का इस बार परचम लहराते हुए भाजपा को मजबूती प्रदान करनी है  महानगर अध्यक्ष डॉ सतीश दिवाकर ने कार्यक्रम के समापन पर कहां की एस ए आर का समय चुनाव आयोग द्वारा बढ़ा दिया गया है अगर हमें भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत 2027 में दिलानी है तो हमें अपने वोटो को ज्यादा से ज्यादा बनवाना चाहिए सभी कार्यकर्ता वोट बनाने में लग जाए  इस अवसर पर मुख्य रूप से शैलेंद्र गुप्ता शालू दीपक गुप्ता कालू डॉक्टर लक्ष्मी नारायण यादव अनिल भारद्वाज सुनील शर्मा बी एल वर्मा राजेंद्र बोहरे सुनील टंडन सुरेश चंद दिवाकर पार्षद आशीष दिवाकर पार्षद नरेश शर्मा नीतू पार्षद सतवीर गुर्जर गौतम कुशवाहा लायक सिंह संखवार देश दीपक राजा प्राचीन सेठ सत्य प्रकाश यादव अनार सिंह कुशवाहा भारत सिंह वर्मा हार्दिक शिवम दीक्षित अवधेश पाठक विष्णु सक्सेना राधेश्याम यादव आनंद अग्रवाल नमन बंसल उदय प्रताप सिंह सुरेंद्र राठौर रविंद्र शर्मा डफली डॉ सी लहरी सत्यवीर गुप्ता राजीव शर्मा यतेंद्र चक पिंकी राजकुमार छब्बर अनुपम शर्मा राम लड़ेंती लकी के के गांधी मुन्नी देवी आकृति सहयोगी मनीष राठौर आकाश गुप्ता निर्मल शर्मा महानगर पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे !

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्तियों को उपलब्ध कराई जाती है निःशुल्क विधिक सहायताः अश्वनी राजौरिया

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद के तत्वावधान में कबीर नगर क्षेत्र में विधिक जागरूकता/विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यकम में महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता, महिला अधिकार, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, भरण-पोषण, बाल विवाह निषेध अधिनियम एवं राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित महिलाओं को बताया गया कि वे किसी भी कानूनी समस्या के समाधान हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क सहायता प्राप्त कर सकती हैं। पराविधिक स्वयंसेवक अश्वनी कुमार राजौरिया ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना बहुत आवश्यक है, जिससे वे किसी भी प्रकार के अन्याय एवं शोषण के खिलाफ मजबूती से आवाज उठा सकें। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है और महिलाओं को बिना किसी संकोच के आगे आकर सहायता लेनी चाहिए। शिविर के अंत में महिलाओं की समस्याएं सुनी गईं तथा उनके प्रश्नों का समाधान किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र में विधिक जागरूकता बढ़ाने का सार्थक प्रयास किया गया। कार्यक्रम के दौरान भावना राठौर, विनीता राठौर, वंदना एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रही।

## रामलीला मैदान में राम कथा 1 फरवरी से 10 फरवरी तक

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! जनपद के समस्त सनातनी हिंदू कल्याणमस्तु परिवारों के सहयोग से "राम मंदिर से रामराज्य की ओर" के उद्देश्य को लेकर एक विशाल भव्य राम कथा का आयोजन रामलीला मैदान, कोटला रोड़ पर होने जा रहा है। इस आयोजन के संबंध में कांता होटल में आयोजित की गई प्रेस वार्ता में रामकथा के मर्मज्ञ आचार्य संतोष शर्मा ने बताया कि केवल राम मंदिर निर्माण हो जाने से ही राम राज्य नहीं आ सकता, अपितु राम के आचरण को जन जन तक पहुँचाना भी आवश्यक है; इसी उद्देश्य से इस रामकथा का आयोजन किया जा रहा है।  नगर के वरिष्ठ सी.ए. प्रवीन गर्ग ने बताया कि यह रामकथा एक फरवरी से 10 फरवरी, 2026 तक चलेगी। भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष रामनरेश कटारा ने बताया कि यह आयोजन समस्त हिंदुओं को उनको राम के जीवन से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कृष्ण कुमार 'कनक' ने ने बताया कि कल्याणमस्तु परिवार के आग्रह पर हिंदुओं के सभी परिवारों द्वारा आयोजित की जाएगी। कल्याणमस्तु परिवार की उपाध्यक्ष पार्षद पूनम शर्मा ने बताया कि नगरनिगम के सभी हिंदू पार्षद अपने वार्ड के हिंदू परिवारों को इस कथा के साथ जोड़ने के लिए आमंत्रण पहुंचाने में सहयोग करेंगे। इस अवसर पर प्रदीप कौशिक, आचार्य सुधीर कुमार शर्मा, पार्षद धर्मपाल राठौर, अनुपम गुप्ता, विनय विद्यार्थी बंटू, मनोज सिकरवार, उमेशचंद्र शर्मा, महेश गुप्ता, ममता गर्ग, शुशीला शर्मा, शिवम शर्मा, राजेश दुबे आदर्श( संयुक्त परिवार), ध्रुव कुमार आचार्य, भानु उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश सन्निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना में पंजीकृत कामगारों की दुर्घटना से मृत्यु होने पर आश्रितों को रुपए 5 लाख 25 हजार  तक की सुविधाये दी जाती है

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शासन प्रशासन सदैव इस बात के लिए कटिबद्ध नजर आता है कि समाज के हर वर्ग के व्यक्तियों के विपरीत परिस्थितियों में उनका साथ दिया जाये इसी उद्देश्य से प्रेरित होकर सरकार ने मजदूरों के साथ हुई दुर्घटनाओं में उनकी सहायता हेतु "उत्तर प्रदेश सन्निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना" की शुरूआत की, जो उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड द्वारा चलाई जाती है, यह योजना पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए हैं। इस योजना के तहत पंजीकृत कामगारों की दुर्घटना से मृत्यु होने पर  सरकार द्वारा उनके आश्रितों को रुपए 5 लाख 25 हजार  तक की आर्थिक सहायता दी जाती है। सरकार की इस जनहित कारी योजना का लाभ दतौजी निवासी मजदूर राम प्रकाश के परिवार को मिला, एक



दिन राम प्रकाश एक घर की छत पर पानी की टंकी की फिटिंग कर रहे थे, उसी समय उनको करंट लग गया। जिससे उनकी मृत्यु हो गई उनकी पत्नी मंजू देवी और उनके चार बच्चे पूरी तरह से आश्रय विहीन हो गये। तभी इन्हें श्रम विभाग की इस महत्वपूर्ण योजना के विषय में जानकारी प्राप्त हुई। इन्होंने श्रम विभाग के माध्यम से अपना आवेदन जिलाधिकारी के पास भेजा जहां पर जिलाधिकारी ने उनके आवेदन को तत्काल स्वीकार करते हुए, इन्हें इस योजना के तहत मिलने वाली धनराशि दिये जाने का निर्देश श्रम विभाग को दिया, श्रम विभाग ने भी अपने परीक्षण में यह पाया कि यह पूरी तरीके से इस योजना के अंतर्गत आती हैं, शीघ्र ही इन्हें इस योजना के तहत सहायता राशि प्राप्त हुई, जिससे इन्होंने अपना कुटीर उद्योग शुरू किया, इन्होंने हस्त निर्मित "दिये " बनाना प्रारंभ किया, जो कलात्मक होने के साथ-साथ लोगों के घरों के लिए उपयोगी भी था। शीघ्र ही इनके द्वारा निर्मित "दिये" अत्यंत प्रसिद्ध हो गये और इसके द्वारा इन्हें आर्थिक लाभ भी प्राप्त होने शुरू हो गये, आज मंजू देवी इस योजना के तहत मिली हुई धनराशि से अपना स्वरोजगार शुरू करके अपने बाल बच्चों का पालन पोषण कर रही हैं, अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा भी प्रदान कर रही है, मंजू देवी सरकार द्वारा दी गई इस  मदद से अत्यंत प्रफुल्लित है। और इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी रमेश रंजन का कोटि-कोटि आभार व्यक्त कर रही हैं।

## कन्नौजः समाज कल्याण मंत्री ने गरीबो को बांटे कम्बल

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**




कन्नौज। प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने रोमा ऑडिटोरियम में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की योगी सरकार गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद वर्ग के कल्याण के लिए पूरी संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सरकार का लक्ष्य है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं और सहायता का लाभ समय से एवं पारदर्शी ढंग से पहुंचे। उन्होंने कहा कि चाहे प्राकृतिक आपदाओं के दौरान बाढ़ पीड़ितों को सहायता प्रदान करना हो अथवा कड़ाके की ठंड से बचाव हेतु कम्बल वितरण, अलाव एवं रैन बसेरों की व्यवस्था करना हो—योगी सरकार हर परिस्थिति में आमजन के साथ खड़ी रहती है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा भेजा गया यह छोटा-सा सहयोग भी गरीबों के लिए बड़ी राहत बनकर घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शीतलहर एवं ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जनपद में अलाव जलाने, रैन बसेरों की समुचित व्यवस्था करने तथा कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को ठंड बचान हेतु विशेष प्रबंध कराए जा रहे है। ठंड के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी प्रकार की समस्या अथवा बीमारी की स्थिति में प्रशासन द्वारा तत्काल सहायता एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।
उन्होंने कहा कि जब प्रशासन और नागरिक मिलकर एकजुटता के साथ कार्य करते हैं, तो किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान संभव हो जाता है। योगी सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति सहायता से वंचित न रहे। सरकार निरंतर जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है और आगे भी इसी प्रकार जनहित में कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम के दौरान पार्टी जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, उप जिलाधिकारी सदर सुश्री वैशाली, प्रशिक्षु आई० ए०एस० अर्पित कुमार, पूर्व पार्टी जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत सहित जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधि कारियों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही।

## वाराणसी में बाल वैज्ञानिकों ने प्रदर्शित किए अपने वैज्ञानिक मॉडल

**समाज जागरण**



फिरोजाबाद! उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, प्रयागराज के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग अयोध्या के तत्वाधान में  53 वीं बाल विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का राज्य स्तरीय आयोजन पी एम श्री राजकीय क्वीनस इंटर कॉलेज, वाराणसी में दिनाँक 16 से 19 दिसम्बर 2025 को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार के निर्देशन में जनपद फिरोजाबाद के नोडल अधिकारी अश्वनी जैन के साथ जनपद की प्रतिभाएं अपना प्रदर्शन कर रही हैं। अश्वनी कुमार जैन ने  बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य विषय विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के स्टेम है। इस प्रदर्शनी में सर्वप्रथम जनपद स्तर पर चयनित प्रतिभागियों ने आगरा मंडल स्तरीय प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया था। जिसमें प्रदर्शनी के द्वितीय दिवस पर जनपद फिरोजाबाद के श्री एम. डी. जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के छात्र कृष्णा ने जूनियर वर्ग में आपदा प्रबंधन उपविषय में अपने मॉडल निर्णायक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया। इसी के साथ कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा के मार्गदर्शक शिक्षक सुनील कुमार जैन के साथ विद्यालय के राजीव ने सीनियर वर्ग में मनोरंजक गणितीय मॉडल, श्री आर आर एम इंटर कॉलेज बछगाँव के शिक्षक राजकुमार के साथ  जूनियर वर्ग में मोहम्मद कैश एवं तिलक विद्यालय इंटर कॉलेज, फिरोजाबाद के सीनियर वर्ग में आयुष शर्मा, राष्ट्रीय श्रमिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करबला के शिक्षक अजीत कुमार के साथ जूनियर वर्ग में कु अनन्या, सीनियर वर्ग में आर के इंटर कॉलेज कोटला के शिक्षक गौरव बघेल के साथ कु रागिनी ने सम्बंधित मॉडल निर्णायक मंडल के समक्ष प्रस्तुत किया। सभी निर्णायक मंडल ने बच्चों के मॉडलों की प्रशंसा करते हुए उनकी सराहना की। जनपद के सभी प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन प्रदान करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार एवं समस्त प्रधानाचार्य ने शुभ कामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कन्नौजः गेस्ट हाउसों के निरीक्षण में नही मिले, प्रदूषण नियंत्रण और कूड़ा निस्तारण के इंतजाम

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**




कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निदेर्शानुसार नगर पालिका परिषद छिबरामऊ की सीमा में संचालित गेस्ट हाउस एवं मैरिज हॉलों का निरीक्षण नगर पालिका छिबरामऊ तथा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान छिबरामऊ क्षेत्र में स्थित कुल 14 गेस्ट हाउस/मैरिज हॉलों की जाँच की गई। जाँच में यह तथ्य सामने आया कि अधिकांश गेस्ट हाउसों में प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित आव श्यक व्यवस्थाएँ उपलब्ध नहीं पाई गईं। इसके अतिरिक्त गेस्ट हाउसों से उत्पन्न होने वाले ठोस अपशिष्ट (कूड़ा) का निस्तारण शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। यह भी पाया गया कि संबंधित गेस्ट हाउसों द्वारा नगर पालिका छिबरामऊ से कूड़ा उठान हेतु कोई विधिवत अनुबंध नहीं किया गया है तथा इनके द्वारा उत्पन्न कूड़े को सड़क किनारे अथवा अन्य अनधिकृत स्थलों पर फेंका जा रहा है, जो कि पर्यावरण संरक्षण नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।
इन अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा संबंधित गेस्ट हाउसों/मैरिज हॉलों को नियमानुसार नोटिस प्रेषित किए जाने की कार्यवाही की जा रही है, साथ ही उन्हें निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण किए गए गेस्ट हाउस/मैरिज हॉलों में  माँ लक्ष्मी पैलेस, बस्तीराम, छिबरामऊ, लोक भारती सभागार, श्रेयाधामगंज, छिबरामऊ, गोविंद भवन गेस्ट हाउस, सुभाष नगर, छिबरामऊ, लिटिल स्टार मैरिज लॉन, विष्णुगढ़ रोड, छिबरामऊ, गंगोत्री गैलेक्सी, इब्राहिमगंज, छिबरामऊ, श्री राम रिसोर्ट, निकट निगम मंडी, छिबरामऊ, कनक गेस्ट हाउस, सुभाष नगर, छिबरामऊ, न्यू बौद्ध मैरिज हॉल, तालग्राम रोड, छिबरामऊ, आनंद मैरिज होम, सौरिख, छिबरामऊ, एस.एन. चतुवेर्दी गेस्ट हाउस, छिबरामऊ, गोकुलधाम गेस्ट हाउस, तालग्राम रोड, छिबरामऊ, न्यू संत गेस्ट हाउस, देवब्रामपुर, छिबरामऊ, गोविंद गेस्ट हाउस, छिबरामऊ, लक्ष्मी गेस्ट हाउस, इंद्रा नगर, छिबरामऊ शामिल है

## कन्नौजः मेरा युवा भारत द्वारा जनपद स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण बृजेश चतुवेर्दी**




कन्नौज। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत, कन्नौज द्वारा जनपद के बोर्डिंग ग्राउंड में जनपद स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सदर विधायक असीम अरुण द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी द्वारा प्रतियोगिता की रूपरेखा एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि जनपद के चार विकास खंड–कन्नौज, जलालाबाद, गुगरापुर एवं तालग्राम–में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को जनपद स्तर पर प्रतिभाग का अवसर प्रदान किया गया है। मुख्य अतिथि असीम अरुण ने युवाओं को भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में खेलों से जुड़ने का आह्वान किया तथा जनपद में खेल संबंधी विकास कार्यों की जानकारी प्रदान करते हुए खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। वहीं पार्टी जिलाध्यक्ष श्री वीर सिंह भदौरिया ने खेलो भारत नीति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए खिलाड़ियों को खेल-कूद प्रति योगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 06 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 400 मीटर दौड़ (महिला/पुरुष), लंबी कूद (पुरुष), वॉलीबॉल (पुरुष), कबड्डी (महिला) एवं स्लो साइक्लिंग शामिल रहीं।

**परिणाम इस प्रकार रहे**

कबड्डी प्रतियोगिता में कन्नौज टीम विजेता एवं तालग्राम टीम उपविजेता रही। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में तालग्राम टीम विजेता एवं गुगरापुर टीम उपविजेता रही। स्लो साइक्लिंग (महिला वर्ग) में अंकिता ने प्रथम, भावना पाल ने द्वितीय एवं कंचन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद (पुरुष वर्ग) में संजय यादव प्रथम, पुनीत पाल द्वितीय एवं प्रवीण कुमार तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर महिला दौड़ में संध्या प्रथम, रामकेतकी द्वितीय एवं गौरी तृतीय स्थान पर रहीं। 400 मीटर पुरुष दौड़ में प्रशांत कुमार प्रथम, अमित द्वितीय एवं रंजीत तृतीय स्थान पर रहे।
मुख्य अतिथि द्वारा सभी विजेता खिलाड़ियों को मोमेंटो, मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में शिक्षा विभाग से चंद्रभान यादव, कौशांक यादव, सऊद रजा एवं संगीता वर्मा द्वारा रेफरी की भूमिका निभाई गई, जिन्हें निष्पक्ष एवं सफल संचालन हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जिला युवा अधिकारी सागर माहेश्वरी द्वारा समस्त अतिथियों, खिलाड़ियों एवं सहयोगियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में शिवाग, राजेन्द्र, सुरजीत, आदर्श, सुमित, दीपक, चक्रेश पांडे एवं बबीता सहित अन्य सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा।

# धान परिवहन में बड़ा खुलासा: क्षमता से अधिक लोड वाले यमराज ट्रकों को मिल रही खुली छूट

### फिटनेस-बीमा समाप्त, लाखों का टैक्स बकाया... फिर भी सड़कों पर दौड़ रहे ओवरलोड ट्रक यातायात पुलिस और परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

**समाज जागरण**

इंट्रो- जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात विभाग भले ही रोज-रोज छोटी-मोटी कार्रवाई कर अपनी जिम्मेदारी पूरी होने का दावा करता हो, लेकिन जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। धान उपार्जन के दौरान परिवहन में लगे ओवरलोड और दस्तावेजविहीन ट्रकों पर न तो कार्रवाई की जा रही है और न ही विभाग द्वारा कोई कठोर कदम उठाया गया है। क्षमता से दोगुना धान लादकर चल रहे ये यमराज रूपी ट्रक आम लोगों की जान के लिए खतरा बन गए हैं। अनूपपुर, । ऐसा ही एक मामला तब सामने आया, जहां क्षमता से अधिक धान लोड़ कर सड़कों में दौड़ रहे यमराज रूपी ट्रकों को परिवहन विभाग वा यातायात पुलिस द्वारा छूट दे रखी है। जिस पर कार्यवाही करने से बचते आने कई सवाल खड़े हो गये है। जबकि ये ट्रके बिना परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण सहित लाखों का बकाया टैक्स के बावजूद ओव्हरलोड़ एवं ओव्हर हाईट धान लोड़ कर सड़कों पर फरार्टा मार रहे है।

**यह है मामला**

धान उपार्जन के दौरान धान परिवहन में लगे ट्रकों को परिवहनकर्ता बृजेश पांडेय द्वारा क्षमता से अधिक ओव्हर हाईट धान लोड़ करवाया जा रहा है। जबकि डीएसओं अनूपपुर द्वारा पत्र क्रमांक 585/ 2/खाद्य/ मु.मं.यु. अ.दू. यो./ 2024 अनूपपुर, दिनांक 18 जुलाई 2024 को जारी कर म. प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कॉपोरेशन लिमिटे अनूपपुर के जिला प्रबंधक, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी समस्त, म.प्र. वेयर हासिंग एण्ड लॉजिटिक्स कॉपोरेशन अनूपपुर के जिला प्रबंधक को पत्र जारी कर खाद्य , नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल का कार्यालयीन पत्र क्रमांक 3838, दिनांक 18 जुलाई 2024 का हवाला देते हुए स्थानीय /एलआरटी/ एचएलआरटी/ अन्नदूत योजना अंतर्गत आंवटित राशन सामग्री के परिवहन हेतु म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कॉपोरेशन एवं म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा अनुबंधित वाहनों में परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित क्षमता से अधिक मात्रा में परिवहन नही कराये जाने तथा परिवहनकताओं से किए गए अनुबंध अनुसार ही वाहनों को निर्धारित भर क्षमतानुसार सामग्री की लोंडिग कर परिवहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये थे। लेकिन अनूपपुर धान उपार्जन में परिवहनकर्ता बृजेश पांडेय द्वारा संचालनालय एवं जिले के आदेश को दर किनार कर ट्रकों में धान का परिवहन क्षमता से अधिक करवाया जा रहा है। बिना दस्तावेजों के ओव्हर लोड़ दौड़ रही धान से लदी ट्रक पूरे मामले में धान के



परिवहन में लगे ट्रक बिना दस्तावेजों एवं लाखों के बकाया टैक्स को जमा किये ओव्हर लोड़ और ओव्हर हाईट ट्रकें सड़कों पर दौड़ रही है। परिवहनकर्ता बृजेश पांडेय द्वारा धान के परिवहन में लगाये गये ट्रकों जिनमें ट्रक क्रमांक सीजी 15 डी 6591 का लगभग 25 हजार रोड़ टैक्स बकाया है। ट्रक क्रमांक एमपी 18 जीए 3511 का फिटनेस 26 अगस्त 2025 को खत्म हो चुका है साथ ही 33 हजार 300 रोड़ टैक्स जमा नही किया गया, ट्रक क्रमांक एमपी 18 जीए 1598 का परमिट वर्ष 2023 को एक्सपायर हो चुका है साथ ही 2019 में परमिट तथा वर्ष 2020 को बीमा खत्म हो चुका है, इसके साथ ही वर्ष 2020 से रोड़ टैक्स ही जमा नही किया गया है। ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेसी 1950 का 2023 में फिटनेस, 2022 में बीमा खत्म हो चुका है, वहीं 30 अप्रैल 2024 से रोड़ टैक्स बकाया है। ट्रक क्रमांक एमपी18 जीए 4488 को लगभ्भग 34 हजार रोड़ टैक्स बकाया है। ट्रक क्रमांक एमपी 53 एचए 1798 का 2023 से फिटनेस खत्म हो चुका है जबकि वर्ष 2022 के बाद से अब तक रोड़ टैक्स बकाया है। ट्रक क्रमांक एमपी 18 एच 8688 में 22 नवम्बर 2025 से फिटनेस तथा 9 नवम्बर 2025 को बीमा खत्म हो चुका है। ट्रक क्रमांक एमपी 18 जीए 7988 का फिटनेस 2 अक्टूबर 2025 से तथा बीमा 17 अगस्त 2025 को खत्म हो चुका है। ट्रक क्रमांक एमपी 53 एचए 1798 में फिटनेस 31 अगस्त 2023 को खत्म तथा 2022 से अब तक रोड़ टैक्स बकाया है। ट्रक क्रमांक एमपी 18 जीए 2875 जिसका फिटनेस 26 जून 2025 को बीमा 8 अप्रैल 2025 को खत्म हो चुका है, वहीं 30 जून 2024 के बाद से रोड़ टैक्स बकाया है। ट्रक क्रमांक सीजी 16 ए2491 का रोड़ टैक्स वर्ष 2023 से जमा नही है। इसके साथ ही एमपी 18 जीए 3510 का रोड़ टैक्स 34 हजार बकाया, सीजी 31 ए 6181 का एक तिमाही टैक्स 9500 रुपए बकाया है। अंत में ट्रक क्रमांक एमपी 18 जीए 3511 जिसका फिटनेस 26 अगस्त 2025 को खत्म हो चुका है, वहीं 34 हजार रोड़ टैक्स बकाया है। 24 घंटे सड़कों पर खड़े यातायात पुलिस की जांच पर सवाल

पूरे मामले में जहां जिले के चारों दिशाओं के हाइवे में चेकिंग लगाकर वाहनों की जांच कर रहे है। लेकिन उपार्जन कार्य में धान के परिवहन हेतु लगे ट्रके बिना फिटनेस, बीमा, परमिट, प्रदूषण के खत्म होने तथा रोड़ कई लाखों रुपए टैक्स बकाया होने पर अब तक कोई जांच नही की गई। इतना ही धान लोड़ ट्रके ओव्हर लोड़ होने के साथ ओव्हर हाईट होने के कारण जर्जर हो चले ट्रक सड़कों पर हादसों निमंत्रण देते हुए दौड़ रही है। लेकिन परिवहन विभाग के साथ ही यातायात विभाग इस पर कोई ध्यान नही दे रहा है। अनुबंध की कंडिकाओं का उल्लंघन नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा धान परिवहन के लिए किए गए अनुबंध की कंडिकाओं साफ लिखा है कि सभी वाहन दस्तावेजों सहित पूर्णतः वैध होने चाहिए। लेकिन प्रभारी जिला प्रबंधक सुनीता सोरते द्वारा बिना दस्तावेज जांच के परिवहनकर्ता से अनुबंध किए जाने से विभाग की कार्यप्रणाली कटघरे में है। नियमों के तहत दस्तावेज अधूरे या समाप्त होने पर अनुबंध रद्द किया जाना चाहिए था और परिवहनकर्ता पर कार्रवाई होनी चाहिए थी, लेकिन इसके उलट 1 दिसंबर 2025 से शुरू हुई खरीदी में बिना टैक्स जमा, बिना फिटनेस, बिना बीमा और ओवरलोड ट्रक खुलेआम सड़कों पर धड़ल्ले से चल रहे हैं। जिले में धान परिवहन के नाम पर नियमों की खुली धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। सवाल यह है कि क्या प्रशासन कार्रवाई करेगा या किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही इसकी नींद खुलेगी?

**इनका कहना है**

यातायात एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त टीम बनाकर बिना दस्तावेजों तथा बकाया टैक्स के ट्रकों की जांच कर कार्यवाही की जायेगी। विनोद दुबे, यातायात प्रभारी अनूपपुर

# जैन और तिवारी बने ठेकेदार के हाथ की कठपुतली

**समाज जागरण**



चचाई :-- मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड चचाई मे सिविल विभाग के अधिकारी इस समय सिविल बिभाग के ठेकेदार के हाथ की कठपुतली बने हुवे है ' आये दिन कर्मचारियों के कमरों मे कुछ ना कुछ काम रहता ही है पर मेंटेनेंस करवाने को बोल दो तो जैन और तिवारी कह देते हैं की बस हो जायेगा पर काम सिर्फ हवा मे ही होता है वही मण्डल के कर्मचारी इन दोनों से परेशान रहते है काम सिर्फ कागज मे ही सीमित रह जाता है और ठेकेदार धीरेन्द्र सिंह के ना तो लेबर आते है और ना ही सामान रहता हैं और बिल भर कागजो मे बन जाता है पूरा

**मार्केट मे करवा रहे कब्जा दिखावे का नोटिश**

कहते है की भैंस के आगे बीन बजाई भैंस खड़ी पगुराये इन दोनों पर ये कहावत सही है लोग फोन कर जानकारी देते है और ये दिखावे का नोटिस देकर सेटिंग कर लेते हैं और इनका चमचा तिवारी जो खुद अपने आप को जैन का खास आदमी बना हुवा है और अवैध कार्यों को करवाना ही काम है आखिर कब तक अधिकारी और ठेकेदार की चमचई करता रहेगा मण्डल की जमीन पे कब्जा कर मण्डल की आँखों मे धूल झोंक रहा हैं और मण्डल के अधिकारी को गुमराह करता हैं 'रिटायर्मेंट के बाद भी जमे हैं मण्डल के कर्मचारी वही जैन साहब को दे रहे सेवाएं और जैन साहब जानकर भी बने रहते है अनजान और बस कहते रहते है की हो जायेगा ' आखिर मुख्य अभियंता कब देंगे इस और ध्यान आये दिन मार्केट मे इनकी मेहरबानी से बनती जा रही दुकान और सिविल विभाग मेहरबान ' मुख्य अभियंता का नाम कर रहे बदनाम और ठेकेदार को पंहुचा रहे लाभ आये दिन 2 लेबर 4 लेबर आते है और बिल बन जाता है 10 लेबर का काम जीरो बटे सन्नाटा 'कचड़ा गाड़ी जब से टेंडर हुवा है तो 1 ही गाड़ी जैन साहब के रहमों करम पर चल रही हैं और लेबर 30 है और चल रहे हैं 10-या 15 ' एसा है सिविल विभाग मे भ्रष्टाचार क्यूंकि कोई ध्यान देने वाला ही नहीं हैं ' नाम ना छापने की सरत पर एक कर्मचारी ने बताया की काम तो खाली रजिस्टर पर ही होता है जब जाओ तो तिवारी ही है सिविल भीवाग का अधिकारी कभी काम नहीं करवाता और सिविल के लेबर अपने घर मे गाय का गोबर सानी मे भेजकर करवाता है क्यूंकि मुंसी भी है ठेकेदार का और अधिकारी का चमचा भी कब चलेगा एसा भरस्टाचार और वरिष्ठ अधिकारी थोड़ा ध्यान दे क्यूंकि अब सिर्फ गुप्ता साहब ही रह गये है सिविल भिवाग मे जो थोड़ा ध्यान दे

# सी.एच.पी. 210 मे.वा. में क्लिनिंग (कोयला सफाई) में कार्यरत श्रमिकों का हो रहा शोषण

**समाज जागरण**

अनूपपुर अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के सी.एच.पी. 210 मे.वा. में क्लिनिंग (कोयला सफाई) का कार्य हैम्स कारपोरेशन कोरबा को निविदा द्वारा प्राप्त हुआ है तब से फर्म द्वारा श्रम कानूनों का उल्लंघन कर सफाई कार्य में कार्यरत श्रमिकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा हैं। प्रति माह वेतन पूर्व श्रमिकों को वेतन पचर्ची नहीं दी जा रही हैं, पूर्व के माह की वेतन पर्ची सहित वेतन पूर्व वेतन पर्ची दिलायी जाये।प्रत्येक माह श्रमिकों को कार्यदिवस कम कर वेतन दिया जा रहा हैं जैसे कोई श्रमिक माह में 26 दिवस कार्य करता हैं तो उसे 22 से 23 दिवस का ही वेतन भुगतान किया जा रहा हैं, माह में किये गये संपूर्ण कार्य दिवस के वेतन का भुगतान कराया जाये। श्रम कानून में निहित प्रत्येक श्रमिक को उपस्थिति पत्रक प्रदान कर प्रत्येक दिवस फर्म एवं मंडल/कंपनी के सुपरवाइजर से उपस्थिति पत्रक पर उपस्थिति दर्ज करायी जाये एवं उसी उपस्थिति के आधार पर कार्य दिवस की गणना कर श्रमिकों के वेतन का भुगतान कराया जाये। श्रम कानून के अनुरूप श्रमिकों को प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में माह की 07 तारीख तक वेतन का भुगतान कराना सुनिश्चित कराया जाये।

# चरित्रहीन शिक्षक को संरक्षण क्यों ? IGNTU अमरकंटक में छात्राओं का आक्रोश , ABVP के नेतृत्व में हजारों छात्रों का उग्र आंदोलन

**समाज जागरण**

अनूपपुर, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय ( IG NTU), अमरकंटक में एक शिक्षक द्वारा छात्रा के साथ पास कराने के नाम पर अश्लील हरकत एवं आपराधिक कृत्य किए जाने के गंभीर आरोपों को लेकर सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में जबरदस्त उबाल देखने को मिला। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के नेतृत्व में हजारों छात्र-छात्राओं ने प्रशासनिक भवन के सामने विशाल धरना-प्रदर्शन करते हुए आरोपी शिक्षक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। अभाविप ने सर्वसम्मति से मांग की कि आरोपी शिक्षक डॉ. नयन साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए तथा उन्हें संरक्षण देने वाले लगभग 10 शिक्षकों को भी निलंबित कर निष्पक्ष जांच कराई जाए। अभाविप का आरोप है कि डॉ. नयन साहू, जो तथाकथित शिक्षक संघ के महासचिव हैं, पद की आड़ में एक नहीं बल्कि दर्जनभर छात्राओं के साथ गैरकानूनी व अनैतिक कृत्यों



में लिप्त रहे हैं। अब एक के बाद एक छात्राएं सामने आकर शिकायत दर्ज करा रही हैं। धरना स्थल पर अभाविप कार्यकताओं से चर्चा करते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. मूर्ति ने बताया कि आंतरिक शिकायत समिति (ICC) द्वारा जांच पूरी कर ली गई है और रिपोर्ट थाना प्रभारी, अमरकंटक को सौंप दी गई है। वहीं तहसीलदार पुष्पराजगढ़ ने जानकारी दी कि पूरे मामले से कलेक्टर, अनूपपुर को अवगत करा दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि पुलिस स्वतंत्र रूप से जांच कर सकती है और शीघ्र एफआईआर दर्ज की जाएगी। अभाविप ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि गैरकानूनी रूप से गठित तथाकथित शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. तन्मय घोरई एवं कुछ अन्य शिक्षक आरोपी को बचाने के लिए कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक पर दबाव बना रहे हैं। संगठन ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सवाल उठाया कि जिन शिक्षकों के घरों में भी बेटियां हैं, वे पीड़िता के पक्ष में खड़े क्यों नहीं हो रहे? अभाविप ने शिक्षा मंत्रालय से मांग की है कि यह जांच हो कि आरोपी को बचाने के लिए शिक्षक कलेक्टर व एसपी से मिलने क्यों गए, लेकिन पीड़िता से मिलने तक नहीं पहुंचे। संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ शिक्षक यह दावा कर रहे हैं कि कलेक्टर और एसपी हमारी पॉकेट में हैं, जो कानून व्यवस्था और न्याय प्रणाली पर सीधा हमला है। इसके साथ ही प्रो. तन्मय घोरई द्वारा संचालित अंबेडकर चेयर के वित्तीय लेन-देन, खर्च और बिलों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है। अभाविप ने यह भी मांग उठाई कि आरोपी को बचाने के लिए किन मंत्रियों से फोन करवाए गए और किन ठेकेदारों द्वारा पुलिस पर दबाव बनाया जा रहा है–इन सभी बिंदुओं की निष्पक्ष जांच हो। अभाविप ने विश्वविद्यालय में कुछ शिक्षकों एवं वार्डनों पर छात्रों के शारीरिक व मानसिक शोषण, नशे को बढ़ावा देने और अवैध गतिविधियों में लिप्त होने के भी गंभीर आरोप लगाए। संगठन का कहना है कि इन कारणों से पूर्व में कुछ छात्राएं आत्महत्या जैसा कदम उठाने को मजबूर हुई हैं। ऐसे सभी दोषी शिक्षकों व वार्डनों को तत्काल निलंबित किया जाए।

इस पूरे प्रकरण को लेकर अभाविप द्वारा सौंपे गए ज्ञापन की प्रतिलिपि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई है। साथ ही कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक, अनूपपुर से मांग की गई है कि आरोपी डॉ. नयन साहू के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर शीघ्र गिरफ्तारी की जाए। धरना-प्रदर्शन में अमन द्विवेदी, सिमरन सेन, अंकिता मिश्रा, काव्या पांडे, श्रवण तिवारी, वाणी मंगलानी, दीपांजलि मिश्रा, स्वप्निल, रिया जायसवाल, अल्पेश गाते, विकास केशरवाणी, जतिन कुलमित्र, विशाल ताम्रकार, वेदांश तिवारी, अनुष्का सिंह, रोहित श्रीवास, कान्हा गुप्ता, रुद्राक्ष राव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# ब्लांक कांग्रेस अध्यक्ष पर रवि मिश्रा की ताज पोशी

**समाज जागरण**



बिरसिंहपुर पाली --- कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पाली के पद पर रवि मिश्रा की ताजपोशी किये जाने से पाली के काग्रेस में हर्ष का माहौल बना हुआ है। नव युवा रवि मिश्रा इसके पूर्व काग्रेस के विभिन्न पदो पर आसीन रहते हुए कांग्रेस के सौंपे गयें दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करने का गौरव हासिल किया गया था। आप सदैव कांग्रेस के रीति नीति का पालन करते हुए संगठन को आगे बढाने का काम करते हुए इस मंजिल तक पहुँचे हैं। विदित होवे की युवक कांग्रेस में आप संभागीय महासचिव की जिम्मेदारी पिछले दशक में वर्ष 2012- 13 में निभाया, तथा वर्ष 2014 -18 तक नगर काग्रेंस अध्यक्ष का काम सम्हालने का आपने दायित्व निभाया। इसके साथ ही वर्ष 2019 में जन भागीदार समिति में शासकीय महाविद्यालय पाली में काम काज करने का बखूबी योगदान निभाया है। इसके साथ ही ब्लॉक काग्रेस पाली में महासचिव पद के साथ विधान सभा चुनाव में सक्रिय कार्य किया है। इनके इन्ही सक्रिय कार्यशैली से प्रभावित होकर काग्रेस ने ब्लॉक कांग्रेस की जिम्मेदारी सौंपी है। रवि मिश्रा के साथ युवाओं का अपार सर्मथन और वरिष्ठों का भरपूर मार्गदर्शन मिला है। इनकी इस ताज पोशी से पाली विकास खंड में हर्ष की लहर छायी हुई है और बधाइयों का तारा लगा हुआ है । आज सुबह पाली में ब्लाक अध्यक्ष बनने के बाद नगर की अधिष्ठात्री देवी जगत जननी बिरासनी माँ के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और माँ से कामना किया की अपने दायित्वों का बखूबी पालन कर सकूँ इस अवसर पर राम बिहारी उपाध्याय, आनंद मिश्रा, विनोद शर्मा, रमेश सिंह सेंगर, युवा कांग्रेस जिला सचिव सनू उपाध्याय, युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष रजनीश तिवारी, नीतेश, शुक्ला, जावेद खान, विजय गुप्ता, रवि प्रजापति, लकी वर्मा, अंकित मिश्रा, बंटी वर्मा के साथ युवाओं का हुजुम मंदिर परिसर उपस्थित रहें।

# वेयर हाउस में खरीदी उपरांत रखी गई धान का कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अवलोकन किया

### टैग न लगे होने पर खरीदी प्रभारी, समिति प्रबंधक व वेयर हाउस सर्वेयर को नोटिस जारी

**समाज जागरण**

गिरदावरी में फसल न प्रदर्शित करने की किसान द्वारा की गई शिकायत पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने एसडीएम को जांच कर पटवारी के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये।वेयर हाउस में खरीदी उपरांत रखी गई धान का कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अवलोकन किया तथा टैग न लगे होने पर खरीदी प्रभारी, समिति प्रबंधक व वेयर हाउस सर्वेयर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। धान खरीदी केंद्र में निरीक्षण के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देश दिये कि गुणवत्तापूर्ण धान की खरीदी करें, सही तौल करें तथा एक सप्ताह में किसानों के भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। किसानों से संवाद करते हुए खरीदी केन्द्र पहड़िया में व्यवस्थाओं तथा खरीदी में लगने वाले समय के विषय में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने पूंछताछ की। किसानों ने अवगत कराया कि व्यवस्थित ढंग से धान की खरीदी की जा रही है।

# टोलवे लिमिटेड ने मेधावी छात्राओ को दस-दस हजार रुपए की छात्रवृत्ति व प्रमाण पत्र बांटे

**आशीष पांडेय समाज जागरण संवाददता निगोहा**

निगोहां। क्यूब हाइवेज की एसपीवी कम्पनी,लखनऊ-रायबरेली टोलवे लिमिटेड द्वारा बुधवार को दखिना शेखपुर टोल प्लाजा पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी (क्यूब रूट्स फाउंडेशन) के तत्वाधान में मेधावी छात्र-छात्राओ को प्रोत्साहित करने के लिये छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे लखनऊ व रायबरेली के 21 कॉलेजों के 42 मेधावी



छात्र - छात्राओ को दस-दस हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि के चेक व प्रमाण पत्रो का वितरण किया। परियोजना प्रमुख दिलीप पाण्डेय ने सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। जिसमे है एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर नकुल प्रकाश वर्मा, टीम लीडर अरुण खन्ना, एसडीएम महराजगंज गौतम सिंह ,प्रोजेक्ट डायरेक्टर नकुल प्रकाश वर्मा एवं टोल प्लाजा कर्मचारी ने दीप प्रज्जवल कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में दिलीप कुमार पांडेय ने कहा कि बेटियां हर मामले में लड़कों से आगे हैं। पढ़ाई के मामले में भी उन्होंने लड़कों को पीछे छोड़ दिया है।उन्होने मेधावी छात्राओ से कहा जीवन में कोशिश हमेशा आगे बढने की करनी चाहिए यह आपके जीवन की सफलता की पहली सीढी है इसलिए अभी से लक्ष्य निर्धारित करते हुए उसी के हिसाब से कड़ी मेहनत करें।

# पोष्टिक आहार के महत्व को समझाने आंगनवाड़ियो में कार्यक्रम

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली --- समाज से कुपोषण को जड़ से मिटाने के लिए महिला बाल विकास विभाग के व्दारा सतत रूप से प्रयास रत है, और इसे जन अभियान बनाकर समाज की महिलाओं और बच्चों तक इसकी समझ बढाने का काम किया जा रहा है इसी कड़ी में महिला बाल विकास विभाग के परियोजना पाली द्वारा पोषण काड्र्स के माध्यम से आमजन में पोषण के प्रति जागरूकता कार्यक्रम सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और पंचायतों में कराया जा रहा है, पोषण जागरूकता का मुख्य उद्देश्य आमजन में पोषण से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने की पहल की गयी। आयु वार सही पोषण आहार की जानकारी देकर लोगो को स्वस्थ और तंदुरुस्त रहने के बारे में विस्तार से बतलाया गया। बताया गया की कुपोषित माँ कुपोषित बच्चों को जन्म देती है, इसलिए माँ को पहले कुपोषण से बचाना है ताकि नवजात शिशु जन्म से ही स्वस्थ और तंदरुस्त हो,एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और विकास करता है।इस प्रक्रिया से धीरे धीरे हम कुपोषण की स्थिति को कम सकते है और धीरे धीरे कुपोषण मुक्त परियोजना बनाना है। इसी तारतम्य में आज वार्ड नंबर 09 की आंगनबाड़ी केंद्र में वार्ड पार्षद श्री घनश्याम काछी, राजेश यादव, प्रेमशरण सोनी , शिक्षा विभाग से श्री फूलचंद जी के उपस्थिति में छोटे बच्चों की माताओं को पोषण काड्र्स का वितरण किया गया



और उनसे अपने बच्चे के दैनिक जीवन में पोषण की जरूरत को समझते हुए काड्र्स उठाने को बताया गया, सभी महिलाओं ने अपने काड्र्स उठाए जिसमें पोषण से परिपूर्ण काड्र्स वार्ड नंबर 09 निवासी श्रीमती मंजू रजक द्वारा उठाया गया, उनकी बेटी अभी वर्तमान में मध्यम कुपोषित है और आंगनबाड़ी के पौष्टिक पाउडर को प्रतिदिन खिलाकर बच्ची का पोषण स्तर ठीक किया जा रहा है। श्रीमती मंजू रजक की थाली में पौष्टिक अनाज, दाल,फल एवं सब्जियां थी। वार्ड पार्षद श्री घनश्याम काछी द्वारा उनका उत्साह वर्धन किया गया और सभी सदस्यों द्वारा उनका सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में महिला बाल विकास परियोजना पाली के अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में महिला बाल विकास अधिकारी मोनिका सिंहा, सुपर वाइजर गायत्री सिंह ठाकुर, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता शशि राजपूत सहायिका उर्मिला प्रजापति के साथ वार्ड की धात्री, गर्भवती महिलाओं के साथ अन्य महिलाओं ने भाग लिया

# फर्जी रजिस्ट्री और जमीन घोटाले का खुलासा,

### नकली कंपनी बनाकर लाखों की ठगी का आरोप

**आशीष पांडेय समाज जागरण संवाददता निगोहा**

लखनऊ,निगोहां थाना क्षेत्र में फर्जी रजिस्ट्री और जमीन घोटाले का एक बड़ा मामला सामने आया है। बलिया निवासी पूजा वर्मा ने निगोहां पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि राहुल श्रीवास्तव नामक व्यक्ति ने एक फर्जी कंपनी बनाकर उन्हें दूसरे की जमीन दिखाकर रजिस्ट्री कर दी। बाद में जांच कराने पर खुलासा हुआ कि जिस जमीन की रजिस्ट्री कराई गई, वह पहले से ही किसी अन्य व्यक्ति के नाम दर्ज है।पीड़िता पूजा वर्मा के अनुसार उनके पति जितेन्द्र कुमार वर्मा ने एक्मे इन्फ्रावेन्चर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर बताए जा रहे राहुल श्रीवास्तव और बाबूलाल से संपर्क कर निगोहां स्थित शिर्ष गांव में जमीन खरीदी थी। आरोप है कि कंपनी के डायरेक्टरों ने गाटा संख्या 1036, रकबा 0.800 वर्ग फिट (74.349 वर्ग मीटर), प्लॉट संख्या ए-42 की रजिस्ट्री कराई थी।पीड़िता ने बताया कि जब उनके पति जमीन पर कब्जा लेने पहुंचे तो मौके पर पता चला कि उक्त भूमि किसी अन्य व्यक्ति के नाम पहले से ही दर्ज है। इसके बाद उन्होंने दस्तावेजों की गहन जांच कराई, जिसमें रजिस्ट्री फर्जी पाए जाने की बात सामने आई।पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने अपनी बनावटी कंपनी के सहारे न सिर्फ उनसे, बल्कि दर्जनों लोगों से जमीन दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी की है। आरोपियों ने आकर्षक प्लॉट दिखाकर और वैध रजिस्ट्री का भरोसा दिलाकर लोगों को जाल में फंसाया। इस संबंध में एसओ निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राप्त तहरीर के आधार पर दस्तावेजों की जांच की जा रही है। आरोपियों की भूमिका, रजिस्ट्री से जुड़े अभिलेखों और फर्जी कंपनी के नेटवर्क की भी पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।पुलिस का कहना है कि यदि अन्य पीड़ित सामने आते हैं तो उनके बयान भी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मार पीट करने वाले धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक के विरुद्ध एफ आई आर के निर्देश

**समाज जागरण**

उमरिया --- जिले के हर्रवाह धान खरीदी केंद्र के संचालक के व्दारा धान बेचने आये किसान के साथ मारपीट करना मंहगा पडता दिखाई दे रहा है । इस मामले को कलेक्टर धरणेंद जैन ने गंभीरता से लिया है और धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश खाद्य विभाग के अधिकारियों को दिये है।विदित होवे धान खरीदी केंद्र सिलपरी वेयर हाऊस धान खरीदी केंद्र में धान बेचने पहुंचे किसान संजय राय की धान तौलाई का काम चल रहा था जिसमें 580 बोरी तुल चुकी थी और 66 बोरी धान तुलाई बची हुई थी कि तभी प्रबंधक कर्ण सिंह किसान के पास पहुंचा और तुलाई बंद करने की बात करते हुए विवाद करने लगा, इसके बाद संजय राय के साथ मारपीट भी किया।



शासन के निदेशों के अनुरूप तुलाई के लिए कोई समय सारणी तय नहीं की है। धान खरीदी केंद्र के प्रबंधक का यह कृत्य अमानवीय और नियम विरुद्ध होने के कारण कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए धान खरीदी से अलग रखने के निर्देश जारी किये है। इसकी जिम्मेदारी खाद्य विभाग को सौंपी गई है।

# जब हम कथा को सुनते हैं, तो हमारे भीतर भी वही शुद्धता और समर्पण जाग्रत होता है- श्री रमाशंकर दास जी वेदांती महाराज

### पत्रकार राजकुमार शुक्ला के निवास पर श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ की हो रही अमृत वर्षा

**समाज जागरण**

अनूपपुर। अयोध्या के प्रतिष्ठित संत, श्री राम वल्लभा कुंज जानकी घाट अयोध्या के पीठाधीश्वर रामदास वेदांती महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के सत्र में रुक्मिणी प्रसंग पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस अवसर पर उन्होंने रुक्मिणी के प्रेम, भक्ति और आत्मसमर्पण के गहरे अर्थों को श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत किया और कहा कि यह प्रसंग भगवान कृष्ण के साथ उनके अनन्य संबंधों का प्रतीक है। सुनील शुक्ला एवं पत्रकार राजकुमार शुक्ला, जितेंद्र शुक्ला, ओम शुक्ला, बंधुओं के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में वेदांती महाराज ने कहा, रुक्मिणी का हृदय केवल प्रेम का ही नहीं, बल्कि शुद्ध भक्ति का भी प्रतिबिंब है। जब हम इस कथा को सुनते हैं, तो हमारे भीतर भी वही शुद्धता और समर्पण जाग्रत होता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस कथा का श्रवण करने से मनुष्य के भीतर के अंधकार को दूर किया



जा सकता है और जीवन में शांति स्थापित होती है। भागवत कथा सप्ताह का आयोजन शुक्ला बांधो द्वारा निज निवास अनूपपुर में श्रोताओं को भागवत पुराण की महिमा, नैमिषारण्य की कथा और कलियुग के उपायों से परिचित कराया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय भक्तों के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और कथा के अंत में भजन कीर्तन के साथ समापन किया गया।

# पत्रकार साथी चंद्रेश मिश्रा का आकस्मिक निधन,

**समाज जागरण**

अनूपपुर। पत्रकार मुकेश मिश्रा के छोटे भाई , वरिष्ठ व्याख्याता गुरुजी कमलेश्वर मिश्र के चंद्रेश मिश्रा, की हार्ट अटैक आने से आकस्मिक निधन हो गया। खबर लिखने के दौरान अचानक हुई बेचैनी होने से कार्यालय के बाहर आने के दौरान गश्त खाकर गिर गए जहां से उन्हें उपचार के लिए केंद्रीय चिकित्सालय बुढार ले जाया गया जहां उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित किया। पत्रकार चंद्रेश के निधन पर कैलाश लालवानी, विजय तिवारी, अखिलेश सिंह, बृजेंद्र मिश्रा, जीवन यादव संजीत सोनवानी, नीरज गुप्ता राजकुमार ज्ञानेंद्र पांडे गौरव द्विवेदी जितेंद्र शर्मा, राहुल मिश्रा, राजीव कुमार आदि पत्रकारों ने शोक व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

# केनरा बैंक के असिस्टेंट मैनेजर का संदिग्ध परिस्थिति में मिला होटल के कमरे में शव, मौके से सुसाइड नोट बरामद

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। केनरा बैंक के असिस्टेंट मैनेजर अब्बास अहमद जैदी (33) का मंगलवार को राबट्र्सगंज स्थित एक होटल में संदिग्ध परिस्थिति में कमरे में फंदे पर झूलता शव मिला। प्रथम दृष्टि आत्महत्या का मामला लग रहा है, मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। वह वाराणसी के गोविंदपुरा दालमंडी के निवासी थे। घटना की सूचना मिलते ही सीओ नगर रणधीर मिश्रा और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जैदी केनरा बैंक के वाराणसी स्थित मकबूल आलम रोड मंडल कार्यालय में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। सोमवार को अब्बास बैंक के काम से सोनभद्र आए थे। उन्होंने परासी शाखा में कार्य संबंधी जानकारी ली और मुडिलाडिह डिग्री कॉलेज में खाता खुलवाने की बात की। इसके बाद उन्होंने राबट्र्सगंज शाखा में प्रबंधक व अन्य कर्मियों से मुलाकात की। उन्हें एक रिकवरी एजेंट के माध्यम से न्यू सवेरा होटल में ठहराया गया था। मंगलवार सुबह उनके कमरे के बाहर नाश्ता रखा गया, लेकिन वह बाहर नहीं आए। शाम तक मंडल कार्यालय को उनकी कोई रिपोर्ट नहीं मिलने पर तलाश शुरू हुई। काफी देर तक आवाज देने पर भी कोई जवाब न मिलने पर कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा गया तो अंदर असिस्टेंट मैनेजर का शव फंदे से लटका मिला। मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें लोन को लेकर तनाव का उल्लेख किया गया है। बताया जा रहा है कि अब्बास अहमद की शादी आगामी 28 दिसंबर को तय थी, जिसके कारण वे कथित तौर पर मानसिक दबाव में थे। सीओ सिटी रणधीर मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक जानकारी जुटाई। उन्होंने बताया कि मामले से जुड़े सभी बिंदुओं पर गहन पड़ताल की जा रही है।

# जिला पंचायत निधि से बन रही पक्की नाली में, उड़ा दी मानक की धज्जियां

## पवनी स्टेट बैंक से लगभग पांच सौ मीटर नाली का निर्माण , चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

**ब्यूरो समाज जागरण**

खलियारी/ सोनभद्र। विकास खंड नगवां में जिला पंचायत निधि से नाली निर्माण का कार्य चल रहा है जिसमे संबंधित विभाग द्वारा मानकों की भारी अनदेखी की जा रही है निर्माण कार्य में प्रस्तावित डाला की काली गिट्टी की जगह अहरौरा की सफेद गिट्टी प्रयोग में लाई जा रही है नाली की ढलाई में धड़ल्ले से भस्सी का प्रयोग हो रहा है। बताते चलें कि जिला पंचायत अध्यक्ष निधि से पवनी मेन रोड के किनारे स्टेट बैंक से आगे लगभग पांच सौ मीटर पक्की नाली का निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमे खुलेआम मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही है मानक के अनुसार डाला की काली गिट्टी प्रयोग में लाना है लेकिन विभाग द्वारा अहरौरा की सफेद गिट्टी प्रयोग में लाई जा रही है वही पक्के वर्ग के कार्य में कही भी भक्सी का प्रयोग नहीं करना है फिर भी धड़ल्ले से बख्शी प्रयोग हो रही है नाली के सीसी ढलाई में सरिया तीन सूत की प्रयोग में लाना है सरिया की जाली निर्माण में सात से आठ इंच पर गुछाई करनी है लेकिन विभाग द्वारा एक से दो फीट पर सरिया का प्रयोग किया जा रहा है जो मानक के विपरीत है नाली




ढलाई हो रही अनियमितता से क्षेत्रवासियों में भारी नाराजगी है।

प्रदेश की जीरो टार्लेंस की नीति पर चलने वाली योगी सरकार में भ्रष्टाचार करना अपराध है लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारियों को मुख्यमंत्री के जीरो टार्लेंस का नही है कोई भय सरकारी धन से अपनी जेबें भरने में लगे है। इस संबंध में क्षेत्रीय जेई रमेश चौरसिया से सेल फोन पर वार्ता किया गया तो उन्होंने भी माना की निर्माण में अहरौरा की गिट्टी व भास्सी का प्रयोग नहीं करना है उन्होंने कहा कि मैने संबंधित को अहरौरा की गिट्टी हटाकर डाला की गिट्टी प्रयोग में लाने के लिए निर्देशित कर दिया है। मजे की बात ये है कि कितने लापरवाह है अधिकारी काफी निर्माण मानक के विपरीत हो चुका है क्या जेई को संज्ञान में नहीं था की किस प्रकार के मैटेरियल का प्रयोग किया जा रहा है इस बात की जानकारी नहीं होने का मतलब है कि जेई साहब कभी कार्य की गुणवत्ता चेक ही नही करने आए ,अगर आए भी होंगे तो देखा भी होगा फिर निर्माण रुका क्यों नहीं, इसका मतलब तो यही है कि इस भ्रष्टाचार में जेई साहब की भी मौन सहमति थी। जो भी हो क्षेत्रीय लोगों ने जिलाधिकारी सोनभद्र से नाली निर्माण में हुए मानक की अनदेखी की जांच कर संबंधित जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# सड़क दुर्घटना में ऑटो सवार एक युवक की दर्दनाक मौत, हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल, रेफर

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



जुगैल/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के गोठानी इलाके में एक सड़क दुर्घटना में ऑटो सवार 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। इस हादसे में एक बाइक चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। ऑटो चालक अमरजीत ने बताया कि बाइक सवार को बचाने के प्रयास में उनका ऑटो सामने से आ रहे एक ट्रक की चपेट में आ गया। युवक ट्रक के पिछले हिस्से से टकराया और कुछ दूर तक घिसटता चला गया। इस भीषण टक्कर के कारण युवक का शरीर क्षत-विक्षत हो गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान चनौली निवासी गुलाब मनबोध के रूप में हुई है। हादसे के बाद ट्रक चालक अपना वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल बाइक सवार को स्थानीय लोगों की मदद से एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी चोपन भेजा गया था। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर कर दिया।

# अनुशासित बैंकिंग का उदाहरण बने केसीसी खाताधारक, शाखा प्रबंधक ने अंग वस्त्र भेंट कर किया सम्मान

अपील:- अपने बैंक खातों को अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ करे संचालित ताकि उन्हें भविष्य में बैंक की योजनाओं और सुविधाओं का अधिकतम मिल सके लाभ- चंदन कुमार सिंह

**ब्यूरो समाज जागरण**




गुरमा/ सोनभद्र। इंडियन बैंक शाखा मारकुंडी के शाखा प्रबंधक चंदन कुमार सिंह द्वारा केसीसी (KCC) खाताधारक राम नारायण नि. ग्राम मकरीबारी को अंग वस्त्र के रूप में शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पिछले 25 वर्षों से अपने केसीसी खाते को पूरी ईमानदारी, अनुशासन और समयबद्ध तरीके से संचालित करने के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक चंदन कुमार सिंह ने कहा कि राम नारायण जैसे खाताधारक बैंकिंग व्यवस्था की रीढ़ होते हैं। समय पर लेन-देन, ऋण की नियमित अदायगी और बैंक के नियमों का पालन करना न केवल स्वयं के लिए लाभकारी है, बल्कि बैंक और समाज दोनों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण भी है। उन्होंने क्षेत्र के अन्य किसानों एवं खाता धारकों से भी अपील की है कि वे अपने बैंक खातों को अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ संचालित करें, ताकि उन्हें भविष्य में बैंक की योजनाओं और सुविधाओं का अधिकतम लाभ मिल सके।इस सम्मान समारोह से क्षेत्र में यह संदेश गया कि अनुशासित और ईमानदार बैंकिंग को बैंक द्वारा न केवल सराहा जाता है, बल्कि सार्वजनिक रूप से सम्मान भी दिया जाता है, जिससे अन्य लोग भी बेहतर खाता संचालन के लिए प्रेरित होंगे। इस अवसर पर मुख्य रुप इण्डियन बैक के समस्त स्टाप व खाताधारक उपस्थित थे।

# जहरीले पदार्थ का सेवन कर युवक ने दी अपनी जान, मृतक आश्रित कोटे के तहत परियोजना में नौकरी करता था युवक

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

ओबरा/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के सेक्टर-02 में एक 33 वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जान दे दी। मृतक की पहचान स्वर्गीय भरत झा के पुत्र संदीप कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही



पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। परिजनों को सूचित करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लोढ़ी भेज दिया गया। संदीप मूलतः बिहार के दरभंगा जिले के रहने वाले थे। उन्हें अपने पिता की मृत्यु के बाद मृतक आश्रित कोटे के तहत परियोजना में नौकरी मिली थी। घटना के समय मृतक के घर में उनके छोटे भांजे और भांजी मौजूद थे। भांजे पीयूष ने बताया कि दोपहर 12 बजे संदीप घर आए थे और पीयूष ने ही दरवाजा खोला था। पीयूष के अनुसार, संदीप ने उन्हें टीवी बंद करके सोने को कहा और खुद फिनायल की बोतल लेकर रसोई में चले गए।

# अडानी फाउंडेशन सलाईबनवा द्वारा पनारी पंचायत के निंगा गाँव मे वृहद चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। अडानी सीमेंट सलाईबनवा के प्रोजेक्ट हेड नीरज त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में पनारी पंचायत के निंगा गाँव में सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत वृहद चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया




गया, जहाँ पर महिला रोग, सामान्य चिकित्सा, नेत्र रोग और हड्डी रोग के कुल 325 लोगों की जांच कर दवा का वितरण किया गया,इस अवसर पर अडानी फाउंडेशन के साइट सी.एस.आर. हेड मनोज चौबे ने बताया कि अडानी फाउंडेशन स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका, पशुधन विकास, जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार के क्षेत्र में सतत प्रयासरत है। इस अवसर पर अडानी फाउंडेशन के कम्युनिटी वालेंटियर सत्यम एवं राहुल कुमार, डॉक्टर अरुण चौबे, डाक्टर एकता, डाक्टर आकाश, डाक्टर कमलेश, बसंत, सुरेश यादव, गाँव की आशा, आंगनबाड़ी और गांव के अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ड्रग माफियाओं व कफ सीरप तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई: नशीले कफ सीरप प्रकरण में ₹ 10000/ - का इनामिया एकअन्य अभियुक्त गिरफ्तार

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/समाज जागरण**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा ड्रग माफियाओं एवं कफ सीरप तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में गठित सोनभद्र पुलिस, एसआईटी व एसओजी टीम सोनभद्र ने एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। संयुक्त टीम द्वारा कोलकाता से कफ सीरप तस्करी के मास्टर माइंड भोला प्रसाद जायसवाल पुत्र रामदयाल, निवासी ए-924/जे, कायस्थ टोला, प्रहलाद घाट, आदमपुर, जनपद वाराणसी को मा0 न्यायालय के आदेश से 04 दिवसीय पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर पुलिस टीम द्वारा रांची ले जाया गया। रांची में रव्क्ळ टीम द्वारा अवैध कफ सीरप कहा-कहा जाता है इस सम्बन्ध में जांच की। उक्त जांच के क्रम में को सत्यम कुमार पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद गुप्ता निवासी के-64/1ए, गोला दीनानाथ, कबीरचौरा, थाना कोतवाली, कमिश्नरेट वाराणसी, उम्र करीब 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त उपरोक्त ने ग्राम बरकरा कमरही रोड रॉबट्र्सगंज सोनभद्र के पते पर किराए का मकान लेकर मां कृपा मेडिकल के नाम से फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र व शपथ पत्र आदि दस्तावेज के आधार पर औषधि विभाग सोनभद्र से ड्रग लाइसेंस प्राप्त किया था। उक्त मां कृपा मेडिकल जो मौके पर स्थापित नहीं है,के पते पर शैली ट्रेडर्स रांची झारखंड प्रोपराइटर भोला प्रसाद एवं शुभम जायसवाल से लगभग 06 करोड़ का फेन्साडिल कफ सीरप क्रय दिखाकर जनपद भदोही नई बाजार स्थित फर्जी फर्मे आयुष इन्टरप्राइजेज ,सनाया मेडिकल, दिलीप मेडिकल जो मौके पर स्थापित नहीं हैं, के नाम विक्रय दिखाकर उनके खातों से पैसे रोटेट कराकर प्राप्त कर लगभग 06 करोड़ रुपए शैली ट्रेडर्स के खाते में ट्रांजैक्शन किया गया है। जबकि मौके पर सीरप की शीशीयों का परिवहन होना नहीं पाया जा रहा है। अभियुक्त सत्यम कुमार से पूछताछ का विवरण:- अभियुक्त सत्यम कुमार ने पूछताछ में बताया गया कि उसके बुआ के



लड़के रवि गुप्ता पुत्र स्व0 ज्ञानचन्द्र, निवासी नई बाजार, भदोही द्वारा उसके नाम परमाँ कृपा मेडिकल तथा उसके भाई विजय गुप्ता के नाम पर शिविक्षा फार्मा स्थापित कराई गई। दोनों फर्मों के लिए ग्राम बरकरा, रॉबट्र्सगंज, सोनभद्र में किराये पर दो कटरे की दुकान लेकर उसी पते पर औषधि निरीक्षक, सोनभद्र के कार्यालय से जनवरी 2024 में ड्रग लाइसेंस बनवाया गया अभियुक्त ने बताया कि माँ कृपा मेडिकल के नाम परशैली ट्रेडर्स, रांची (झारखंड), जिसके प्रोपराइटर पहले भोला जायसवाल पुत्र रामदयाल थे तथा बाद में उनके पुत्र शुभम जायसवाल प्रोपराइटर बने, से वर्ष 2024-2025 के दौरान लगभग ₹06 करोड़ का न्यू फेन्साडिल सीरप कागजों में क्रय दशार्या गया। इसी प्रकार उसके भाई विजय गुप्ता की फर्म शिविक्षा फार्मा के नाम से भी लगभग ₹06 करोड़ का न्यू फेन्साडिल सीरप क्रय दिखाया गया। अभियुक्त के अनुसार, उक्त सीरप को जनपद भदोही स्थित फर्जी फर्मों आयुष इंटरप्राइजेज, सनाया मेडिकल एवं दिलीप मेडिकल (नई बाजार) को कागजों में सप्लाई दिखाया गया। अभियुक्त ने यह भी बताया कि उसे न्यू फेन्साडिल की प्रति शीशी क्रय-विक्रय पर ₹1 का लाभ दिया जाता था, जिसे उसने प्राप्त किया है।

अभियुक्त ने बताया कि उसके द्वारा अपनी फर्म माँ कृपा मेडिकल के नाम से शैली ट्रेडर्स से दर्शाई गई लगभग ₹06 करोड़ की क्रय राशि अपने बैंक खाते से इंडियन बैंक स्थित शैली ट्रेडर्स के खाते में ट्रांजैक्शन की गई। अभियुक्त के अनुसार रवि गुप्ता, शुभम जायसवाल के साथ रहता था तथा उसी के द्वारा स्वयं व अन्य व्यक्तियों के नाम पर फर्जी फर्मे खुलवाकर नगद धनराशि जमा कराई जाती थी, जिसे विभिन्न फर्मों के खातों के माध्यम से शैली ट्रेडर्स के खाते में भेजवाया जाता था।

अभियुक्त ने बताया कि यह पूरा फजीर्वाड़ा केवल कागजों में किया जाता था। ई-वे बिल आदिमाँ कामाख्या एयर कार्गो ट्रांसपोर्ट, नीचीबाग, वाराणसी से प्राप्त कर लिए जाते थे, जिनकी प्रतियां उसके पास रहती थीं। उक्त दस्तावेजों की प्रतियां उसके द्वारा औषधि निरीक्षक, सोनभद्र को कोरियर के माध्यम से भेज दी गई हैं। कफ सीरप प्रकरण में पूर्व का विवरण- 01.दिनांक 18.10.2025 को जनपद सोनभद्र में चेकिंग के दौरान दो कंटेनरों से कुल 1,19,675 शीशी लगभग 3.50 करोड़ रुपयें की प्रतिबंधित कफ सीरप की शीशियाँ बरामद की गई थीं। 02.दिनांक 01.11.2025 को झारखंड के रांची में 134 पेटी में करोड़ों की कुल 13400 अवैध कफ सिरफ की शीशियाँ बरामद की गई थीं। 03.दिनांक 3/4.11.2025 की रात्रि में सोनभद्र पुलिस व गाज़ियाबाद पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में चार ट्रकों से 3.40 करोड़ रुपयें की प्रतिबंधित कफ सीरप तथा ₹20 लाख फंडिंग की नकदी बरामद की थी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण- 1. निरीक्षक सदानंद राय एसआईटी टीम सोनभद्र। 2. निरीक्षक प्रणय प्रषून श्रीवास्तव एसआईटी टीम सोनभद्र। 3. प्रभारी निरीक्षक माधव सिंह थाना रॉबट्र्सगंज सोनभद्र। 4. प्रभारी एसओजी/ सर्विलांस सेल उ0नि0 राजेश चौबे मय हमराह। 5. का0 रमेश कुमार थाना रॉबट्र्सगंज सोनभद्र ।6. का0 शिवम सिंह थाना रॉबट्र्सगंज सोनभद्र।

# करेंट की चपेट में आने से, अधेड़ की मौत

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

चुर्क/ सोनभद्र। चुर्क चौकी क्षेत्र अंतर्गत चुर्क नगर पंचायत के वार्ड 5 में आज बुधवार को करेंट की चपेट में आने से एक अधेड़ की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया.



बताया जाता है कि चुर्क नगर पंचायत वार्ड नंबर 5 निवासी बैजनाथ पुत्र ठग्गू उम्र 66 वर्ष अपने दरवाजे के सामने लगे ट्रासफार्मर के पास कुछ काम कर रहा था. इसी दौरान वह बिजली के तार की चपेट में आ गया. जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक और बिजली का लाइन काटते तब तक अधेड़ की मौत हो गई थी. घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई. गई परिजन उसे आनन फानन में लेकर जिला अस्पताल लोढ़ी पहुंचे लेकिन देखते ही डाक्टरो ने मृतक घोषित कर दिया मौत की सुचना मिलते ही परिवार मे कोहराम मच गया।

# विराट हिंदू सम्मेलन शांतिपूर्ण व भव्य रूप से हुआ संपन्न

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

चोपन/ सोनभद्र। अपने हिंदू समाज की बंधुता, परस्पर प्रेम, सहयोग तथा स्वाभिमान को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन बुधवार को दुर्गा पंडाल, चोपन नगर में शांतिपूर्ण एवं भव्य वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सम्मेलन में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुनील जी (सह प्रांत प्रचारक, काशी प्रांत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) ने समाज की एकता, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रनिर्माण में नागरिकों की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही आत्म सम्मान और स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ सकता है। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे हरि प्रकाश शुक्ल (पूर्व प्राचार्य, रेलवे इंटर कॉलेज, चोपन) ने सामाजिक समरसता, नैतिक मूल्यों और आपसी सहयोग को समय की आवश्यकता बताया। मुख्य अतिथि निषाद वंशीय बाबा अजय जी महाराज ने अपने उद्बोधन



में धर्म, सेवा और संस्कारों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि नीतू तिवारी तथा रामेश्वर गोंड़ ने भी विचार व्यक्त करते हुए समाज को संगठित रहकर सकारात्मक दिशा में कार्य करने का संदेश दिया। सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने युवाओं से सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने, सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण तथा राष्ट्रहित में एकजुट होकर कार्य करने का आग्रह किया। अंत में आयोजकों ने उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल आयोजन सकल हिंदू समाज आयोजन समिति द्वारा किया गया, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं आम नागरिकों का सराहनीय सहयोग रहा और प्रमुख रूप से कार्यक्रम में आलोक जी जिला प्रचारक, संजीव तिवारी जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जुगैल, राकेश पाण्डेय बिंदू, ओम प्रकाश, गणेश तिवारी, बिनोद सिंह बंटी, सुनील सिंह, नागेश्वर प्रसाद गोंड, प्रदीप अग्रवाल, मनीष प्रताप सिंह, संजय केशरी मुरली पाठक, तेजवंत पाण्डेय,मिनू चौबे, डॉ सत्येन्द्र आर्य, मनमोहन निषाद, परशुराम केशरी, राहुल सिंह, धर्मेन्द्र जायसवाल, विरेन्द्र तिवारी, जितेन्द्र जायसवाल, अनूप गुप्ता,हिंमाशु प्रियदर्शी, पम्मी केशरी, हिमांशु गुप्ता सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन जनार्दन बैसवार ने किया।

# सोनभद्र के रिक्त सरकारी पदों पर नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को नियुक्त करने की मांग: समग्र मानवाधिकार एसोसिएशन

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। 'समग्र मानवाधिकार एसोसिएशन' द्वारा आज जिला कलेक्टर/ नियंत्रक (आपदा प्रबंधन एवं नागरिक सुरक्षा विभाग), सोनभद्र को एक मांग पत्र प्रेषित किया गया। एसोसिएशन के जिला महासचिव अमान खान ने यह पत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजकर प्रशासन का ध्यान जिले के विभिन्न सरकारी विभागों में रिक्त पड़े पदों की ओर आकृष्ट किया है। रिक्त पदों की भरमार: जिले के विभिन्न राजकीय विभागों, शाखाओं और सार्वजनिक उपक्रमों में वेतन श्रृंखला 1 से 6 के अंतर्गत कनिष्ठ सहायक, टेलीफोन ऑपरेटर, कंप्यूटर ऑपरेटर, फायर मैन और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (गार्ड, चौकीदार आदि) के पद लंबे समय से रिक्त हैं। कार्यक्षमता पर प्रभाव: नियमित भर्ती न होने और



कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने के कारण विभागों का दैनिक कार्य प्रभावित हो रहा है। स्वयंसेवकों को प्राथमिकता: एसोसिएशन ने मांग की है कि इन रिक्त पदों पर जब तक स्थायी नियुक्तियां नहीं हो जातीं, तब तक नागरिक सुरक्षा (Civil Defence) के प्रशिक्षित, योग्य और अनुभवी स्वयंसेवकों को अस्थायी रूप से नियोजित किया जाए।

पत्र के माध्यम से अमान खान ने कहा, "नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवक प्रशिक्षित और अनुशासित हैं। यदि उन्हें इन रिक्त पदों पर सेवा का अवसर मिलता है, तो न केवल सरकारी विभागों के कार्यों में सुधार आएगा, बल्कि जिले के योग्य युवाओं को रोजगार के उचित अवसर भी प्राप्त होंगे। हमने माननीय जिला कलेक्टर महोदय से इस संबंध में त्वरित आदेश जारी करने का अनुरोध किया है। एसोसिएशन का मानना है कि इस कदम से आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा के ढांचे को मजबूती मिलेगी और सरकारी मशीनरी अधिक सुचारू रूप से कार्य कर सकेगी।

# विकासखण्ड कोन के ग्राम पंचायत रोरवा में सरकारी धन के बंदरबांट का मामला, जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच की मांग

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**




सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के विकास खंड कोन अंतर्गत ग्राम पंचायत रोरवा में ग्राम प्रधान द्वारा सरकारी धन के दुरुपयोग का गंभीर मामला सामने आया है।आरोप है कि ग्राम प्रधान श्रीमती पूनम देवी ने पंचायत के विकास कार्यों के नाम पर प्राप्त सरकारी धन को स्वयं के खाते तथा अपने नजदीकी के खाते में स्थानांतरित कर लाखों रुपये का गबन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत में विकास कार्य में सोख्ता गड्ढा निर्माण, प्राथमिक विद्यालय में मजदूरी भुगतान, पंचायत भवन के कार्य, शौचालय निर्माण एवं टैंकर परिचालन जैसे आदि कार्यों का भुगतान की बड़ी धनराशि सीधे ग्राम प्रधान के खाते में गई, जबकि कई भुगतान उनके करीबी नंदलाल पुत्र मुन्नर सिंह के खाते में किया गया है। हैरानी तो तब हुई जब नन्दलाल सिंह पुत्र मुन्नर सिंह कभी टैंकर परिचालन, कभी मिस्त्री, कभी मजदूर बनकर लाखों रुपया का भुगतान इनके खाते में किया गया हैं। इसमें 5वें राज्य वित्त और 15वें वित्त के अंतर्गत हुए दर्जनों भुगतान शामिल हैं। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी से लिखित शिकायत करते हुए निष्पक्ष जांच कराने की मांग किया है ताकि भविष्य में इस तरह की अनियमितताओं पर रोक लग सके। इस संदर्भ में एडिओ पंचायत से जब सम्पर्क करने की कोशिश किया गया तो उनसे सम्पर्क नहीं हो सका।

# पेंशनर दिवस का हुआ आयोजन: वरिष्ठ पेंशनरों को जिलाधिकारी ने अंग वस्त्रम भेंट कर किये सम्मानित

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया, इस मौके पर जिलाधिकारी ने उपस्थित पेंशनरों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्य कोषाधिकारी कार्यालय से पेंशनरों को किसी प्रकार की समस्या न होने पायें, इसका विशेष ध्यान वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा दिया जाये, पेंशनरों की समस्याओं का निस्तारण ससमय किया जाये, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।

इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा से0नि0 पेंशनर सहायक अभियन्ता (जिला मंत्री) इं0 अभय नारायण सिंह, से0नि0प्र0आ0 रविन्द्रनाथ द्विवेदी, महंगी प्रसाद को अंग वस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया गया, इस मौके पर उपस्थित पेंशनरों की समस्यों के त्वरित निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित की गयी। इस दौरान पेंशनरों द्वारा जिलाधिकारी को मांग पत्र से सम्बन्धित ज्ञापन भी सौंपा गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रमेश चन्द्र, वरिष्ठ कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी श्री विनय कुमार सिंह, लेखाकार रामवृक्ष, इसरार अहमद, ललित कुमार दूबे, मनीष कुमार सिंह, सभी पेंशनर संगठनों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

# फाइलेरिया : मौन लेकिन आजीवन पीड़ा देने वाला रोग, प्री-TAS और नाइट ब्लड सर्वे से उन्मूलन की निर्णायक तैयारी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

फाइलेरिया एक ऐसी गंभीर वेक्टर जनित रोग है, जो संक्रमित मच्छरों के माध्यम से फैलता है और वर्षों तक बिना लक्षण के शरीर में पनपता रहता है। समय रहते इसकी पहचान और रोकथाम नहीं होने पर यह रोग हाथीपांव, हाइड्रोसील जैसी स्थायी शारीरिक विकृतियों का कारण बनता है, जिससे पीड़ित व्यक्ति न केवल शारीरिक रूप से अक्षम हो जाता है, बल्कि उसे सामाजिक उपेक्षा और आर्थिक संकट का भी सामना करना पड़ता है। इसी गंभीरता को देखते हुए सरकार द्वारा फाइलेरिया के पूर्ण उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आगामी प्री-ट्रांसमिशन असेसमेंट सर्वे एवं आगामी नाइट ब्लड सर्वे की तैयारी को लेकर ठाकुरगंज प्रखंड कार्यालय स्थित ब्लॉक मीटिंग हॉल में ब्लॉक समन्वय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता माननीय प्रखंड विकास पदाधिकारी, ठाकुरगंज द्वारा की गई।



**प्री-TAS और नाइट ब्लड सर्वे : कैसे तय होती है उन्मूलन की वास्तविक स्थिति**

प्रखंड विकास पदाधिकारी अहमर अब्दाली ने बताया की बैठक में बताया गया कि प्री-TAS एक वैज्ञानिक आकलन प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से यह जांच की जाती है कि किसी क्षेत्र में फाइलेरिया संक्रमण का स्तर उन्मूलन मानकों के अनुरूप कम हो चुका है या नहीं। इसी प्रक्रिया का एक अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा नाइट ब्लड सर्वे है, जिसमें रात्रि के समय चयनित व्यक्तियों के रक्त नमूनों की जांच की जाती है, क्योंकि फाइलेरिया के परजीवी रात के समय ही रक्त में सक्रिय अवस्था में पाए जाते हैं। यह सर्वे संक्रमण की वास्तविक स्थिति का सबसे विश्वसनीय संकेतक माना जाता है।

**जागरूकता क्यों आवश्यक**

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अखलाकुर रहमान ने बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि प्री-TAS और नाइट ब्लड सर्वे की सफलता से क्षेत्र को फाइलेरिया मुक्त घोषित करने की दिशा में आगे बढ़ा जा सकेगा। इससे भविष्य में नए मामलों पर रोक लगेगी, पीढ़ियों को इस रोग की पीड़ा से मुक्ति मिलेगी और परिवारों पर पड़ने वाला आर्थिक व सामाजिक बोझ कम होगा। आमजन की जागरूकता इसलिए आवश्यक है, ताकि लोग सर्वे टीमों का सहयोग करें, भय या भ्रम से दूर रहें और इस अभियान को अपना मानकर सहभागी बनें।

**फाइलेरिया उन्मूलन में प्री-TAS और नाइट ब्लड सर्वे की भूमिका**

**आमजन को क्या लाभ और पर सिविल सर्जन की स्पष्ट बात**

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा फाइलेरिया केवल एक बीमारी नहीं, बल्कि यह व्यक्ति के पूरे जीवन को प्रभावित करने वाला रोग है। प्री-TAS और नाइट ब्लड सर्वे यह सुनिश्चित करने की वैज्ञानिक प्रक्रिया है कि क्षेत्र में संक्रमण की श्रृंखला वास्तव में टूट चुकी है। नाइट ब्लड सर्वे इसलिए जरूरी है क्योंकि इसी समय परजीवी की सही पहचान संभव होती है। इन गतिविधियों की सफलता से आने वाली पीढ़ियों को इस गंभीर रोग से स्थायी राहत मिलेगी। आमजन का सहयोग और जागरूकता इसमें सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है।

**प्रशासनिक समन्वय और जनसहभागिता पर प्रखंड विकास पदाधिकारी का संदेश**

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा फाइलेरिया उन्मूलन केवल स्वास्थ्य विभाग का कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह प्रशासन और समाज की साझा जिम्मेदारी है। प्री-TAS और नाइट ब्लड सर्वे के सफल आयोजन के लिए प्रशासनिक स्तर पर सभी आवश्यक संसाधन और सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। आमजन से अपील है कि वे सर्वे टीमों को सहयोग करें, ताकि यह अभियान पूरी तरह सफल हो सके।

**वैज्ञानिक सर्वे, सटीक डेटा और गुणवत्ता पर भीबीडीसीओ डॉ. मंजर आलम का जोर**

वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. मंजर आलम ने कहा नाइट ब्लड सर्वे प्री-TAS का सबसे महत्वपूर्ण तकनीकी घटक है। इसमें प्रशिक्षित टीमों द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार रक्त नमूने लिए जाते हैं और डेटा की शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यह प्रक्रिया यह प्रमाणित करती है कि फाइलेरिया का संचरण वास्तव में रुक चुका है। बैठक का उधेश्य फाइलेरिया रोग, प्री-TAS एवं नाइट ब्लड सर्वे से जुड़ी सही जानकारी आमजन तक पहुँचाना और समुदाय को उन्मूलन अभियान से सक्रिय रूप से जोड़ना रहा। बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्री-TAS एवं नाइट ब्लड सर्वे की गतिविधियों को सफल बनाएंगे, जिससे ठाकुरगंज प्रखंड को फाइलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में ठोस और स्थायी प्रगति सुनिश्चित की जा सके।

# नबीनगर में बाइक सवार युवक की मौत, अज्ञात पिकअप ने मारी टक्कर

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नवीनगर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड में सत्येंद्र नारायण उच्चतम विद्यालय के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ है। जहां एक अनियंत्रित पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 22 साल के यशवंत कुमार उर्फ गोविंदा के रूप में हुई है, जो रफीगंज थाना क्षेत्र के कोना गांव का निवासी था।मिली जानकारी के अनुसार मृतक मंगलवार को अपने दोस्त पप्पू के साथ नवीनगर थाना क्षेत्र के महुली गांव में मौसी के घर गया था। रात में दोनों बाइक पर सवार होकर डेहरी लौट रहे थे, तभी नबीनगर स्टेशन के पास तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।हादसे में यशवंत की मौत हो गई, जबकि पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गया। पप्पू ने बुधवार की सुबह घटना की जानकारी पुलिस और मृतक के परिजनों को दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है ।वही पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कारवाई शुरू कर दी है ।इधर घटना के बाद परिजनों के बीच रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है।



# पटना में निगरानी बिभाग की टीम ने रिश्वत लेते एमओ को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल कार्यालय परिसर से बुधवार को निगरानी बिभाग की टीम ने रिश्वत लेते दुल्हिन बाजार प्रखण्ड खाद्दय आपूर्ति पदाधिकारी को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार पटना जिले के पालीगंज अनुमंडल अंतर्गत दुल्हिन बाजार प्रखण्ड क्षेत्र के काब पंचायत स्थित जन वितरण प्रणाली के दुकानदार बिभा देवी को कुछ माह पूर्व अनियमितता के आरोप में निलंबित किया गया था। लेकिन पुनः उसे निलंबन से मुक्ति मिल गयी तथा अपने कार्य मे लीन है। इसी बीच डीलर बिभा देवी से दुल्हिन बाजार प्रखण्ड खाद्दय आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार अकेला के द्वारा दस हजार रुपये रिश्वत के रूप में मांग की गई। जिसकी सूचना बिभा देवी ने निगरानी बिभाग के टीम को दे दी। उसके बाद बिभा देवी ने तय की गई स्थान पर निर्धारित समय अनुसार बुधवार को रिश्वत देने पालीगंज अनुमंडल कार्यालय परिसर पहुंची। जहां पूर्व से घात लगाए निगरानी बिभाग की टीम ने रिश्वत लेते दुल्हिन बाजार प्रखण्ड खाद्दय आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार अकेला को गिरफ्तार कर लिया। ज्ञात हो कि राज्य सरकार के द्वारा भ्ष्टाचर्चार के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत हमेशा भरष्ट अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाई जारी है। इसके बावजूद भी भ्ष्टाचर्चार की शिकायतें हमेशा सुनने को मिल रही है।



# नबीनगर में प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ नगर पंचायत की कार्रवाई

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) नबीनगर के न्यू एरिया, मंगल बाजार और मस्जिद गली में अवैध और प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग विरुद्ध नगर पंचायत ने अभियान चलाया। यह अभियान स्वच्छता प्रबंधक सौम्या द्विवेदी के नेतृत्व में नगर पंचायत के अन्य कर्मचारियों एवं पुलिस बल की उपस्थिति में चलाया गया।अवैध प्लास्टिक के उपयोग के खिलाफ इस अभियान में कुछ दुकानदारों को फाइन लगाया गया है, जबकि कई दुकानदारों ने प्लास्टिक को छुपा दिया। दुकानदारों को अवैध प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करने की चेतावनी दी गई है।यह अभियान नगर पंचायत की ओर से प्लास्टिक के अवैध उपयोग को रोकने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए चलाया जा रहा है।

# पटना में सड़क हादसे के दौरान छात्रा की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पटना बाईपास थाना क्षेत्र अंतर्गत जगनपुरा इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर परीक्षा देने जा रही एक छात्रा की मौके पर ही सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक छात्रा किसी महत्वपूर्ण परीक्षा में शामिल होने के लिए घर से निकली थी। वह बाइक पर बैठी थी और बाइक सामान्य रफ्तार से हाईवे पर आगे बढ़ रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे नगर निगम के डंपर ने अचानक बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक अनियंत्रित होकर दूर जा गिरी। बाइक चला रहा व्यक्ति सड़क किनारे गिर पड़ा, जबकि छात्रा सीधे सड़क पर गिर गई और डंपर की चपेट में आ गई। डंपर के पहियों के नीचे आने से छात्रा को गंभीर चोटें आईं और उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसा इतना भयावह था कि मौके पर मौजूद लोग कुछ पल के लिए सन्न रह गए।दुर्घटना के तुरंत बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। लोगों का कहना है कि हादसे के बाद कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। नगर निगम के डंपर की पहचान हो चुकी है और पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया है। घटना की सूचना मिलते ही पटना बाईपास थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मृतक छात्रा की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं और आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्ट से मिलान किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, फरार डंपर चालक की तलाश की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। मामले में लापरवाही और तेज रफ्तार से वाहन चलाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश देखा गया। लोगों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार आए दिन दुर्घटनाओं का कारण बन रही है। खासकर नगर निगम और निर्माण कार्यों से जुड़े डंपर बिना किसी नियंत्रण के दौड़ते हैं, जिससे आम राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों की जान जोखिम में रहती है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि भारी वाहनों की गति पर सख्त नियंत्रण लगाया जाए और ऐसे वाहनों के लिए अलग समय और लेन निर्धारित की जाए। इसके साथ ही फरार चालक को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की मांग भी की गई है। मृतक छात्रा परीक्षा देने जा रही थी, यह जानकारी सामने आने के बाद हादसे की पीड़ा और गहरी हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि छात्रा अपने भविष्य को लेकर मेहनत कर रही थी और परीक्षा को लेकर गंभीर थी। अचानक हुए इस हादसे ने न सिर्फ एक परिवार की खुशियां छीन लीं, बल्कि एक होनहार छात्रा का सपना भी अधूरा रह गया।



# पाण्डेय गिरोह के 7 अपराधी गिरफ्तार हजारीबाग पुलिस की बड़ी उपलब्धि

**मिंटू कुमार समाज जागरण हजारीबाग**

दिनांक-17 दिसम्बर 2025 हजारीबाग पुलिस के द्वारा संगठित अपराध के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई पाण्डेय गिरोह के कुल-सात (07) अपराधी गिरफ्तार दिनाक 17.12.2025 को रात समय करीब 00.10 बजे पुलिस अधीक्षक, महोदय हजारीबाग के द्वारा गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि बादम चरही सड़क ग्राम



इद्रा के जंगल में संगठित अपराध के कुछ अपराधकर्मी हथियार एवं गोली के साथ किसी बड़ी डकैती की घटना को अंजाम देने के लिये जंगल में एकत्रित होकर योजना बना रहे हैं।

1- प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करने हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विष्णुगढ़ बैजनाथ प्रसाद के नेतृत्व में एक एस०आई०टी० टीम का गठन किया गया।

2-गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चरही थाना क्षेत्र के इन्दरा जंगल में छापामारी अभियान चलाया गया छापामारी अभियान क्रम में कुछ लोग जंगल में एकत्रित दिखाई दिए और पुलिस को देखकर सभी भागने का प्रयास करने लगे।

3-छापामारी दल के द्वारा उपरोक्त अपराधियों को दौड़ाकर पकड लिया गया। पकड़ाये व्यक्तियों का नाम पता पूछने एवं तलाशी लेने के क्रम में आलोक राज एवं लक्ष्मण पासवान के पास से एक देशी कट्टा लोडेड पाया गया।

4-पकड़ाये अन्य व्यक्तित्यों से तलाशी लेने पर सभी के पास से मोबाईल बरामद किया गया। सनी से पूछताछ करने पर उनलोगों के द्वारा बताया गया कि ये सभी पाण्डेय गिरोह के लिये काम करते हैं।

5-वे लोग सभी पाण्डेय गिरोह के सक्रिय सदस्य ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश साव के द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश पर बड़कागांव, केरेडारी, पगार, गिद्दी एवं पतरातु क्षेत्र में रंगदारी मांगने हेतू धमकी देने का कार्य करते हैं।

6-पकड़ाये व्यक्तियों का कई अपराधिक इतिहास रहा है तथा पूर्व में भी कई काण्डों में जेल जा चुके हैं।

# पटना में होटल के वेटर के साथ चार युवकों ने किया मारपीट

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र में स्थित गणपति रेस्टोरेंट में काम करने वाले एक वेटर के साथ कथित तौर पर चार युवकों द्वारा बेरहमी से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। यह विवाद खाने की गुणवत्ता को लेकर शुरू हुआ, लेकिन बाद में रंगदारी और धमकी जैसे गंभीर आरोपों तक पहुंच गया। इस घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों और आम लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। यह घटना बाढ़ थाना क्षेत्र के बेढना गांव के पास स्थित गणपति रेस्टोरेंट में हुई। बताया गया कि देर रात कुछ युवक रेस्टोरेंट में पहुंचे और खाना खाने के दौरान विवाद करने लगे। रेस्टोरेंट आमतौर पर आसपास के ग्रामीण इलाकों के लोगों के लिए भोजन का प्रमुख ठिकाना है। घटना के वक्त रेस्टोरेंट में कर्मचारी और कुछ अन्य लोग मौजूद थे, जिससे माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया।रेस्टोरेंट संचालक जयप्रकाश सिंह ने बताया कि उनके बेटे रौशन कुमार उस समय काउंटर पर मौजूद थे। तभी गांव के ही चार युवक रेस्टोरेंट में आए। संचालक का आरोप है कि युवक नशे की हालत में थे और उनके हाथों में अवैध हथियार भी थे। उन्होंने पहले खाना ऑर्डर किया और वेटर द्वारा खाना परोसने के बाद अचानक विवाद शुरू कर दिया। जयप्रकाश सिंह के अनुसार, युवकों ने खाने को खट्टा बताते हुए वेटर के साथ गाली-गलौज शुरू की और फिर मारपीट पर उतर आए। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इससे पहले शाम के समय यही युवक रेस्टोरेंट में आकर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांग चुके थे। रंगदारी नहीं देने पर रेस्टोरेंट बंद कराने और जान से मारने की धमकी दी गई थी।पीड़ित वेटर शिवम कुमार ने बताया कि वह रोज की तरह अपना काम कर रहा था। युवकों ने खाना मंगवाया जिसे उसने नियम के अनुसार परोसा। खाना मिलने के बाद युवकों ने अचानक उसे खराब बताना शुरू कर दिया। शिवम के अनुसार, बिना किसी ठोस वजह के चारों युवकों ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी। वेटर का कहना है कि वह डर के मारे कुछ समझ नहीं पाया और खुद को बचाने की कोशिश करता रहा। मारपीट के दौरान उसे गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद वह काफी सहमा हुआ है और काम पर लौटने को लेकर भी आशंकित है। मारपीट की सूचना मिलते ही रेस्टोरेंट संचालक मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी युवक फरार हो चुके थे। इसके बाद तत्काल डायल-112 पर सूचना दी गई। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। घायल वेटर को प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया। घटना के बाद रेस्टोरेंट में अफरा-तफरी का माहौल रहा और कुछ देर के लिए रेस्टोरेंट बंद भी करना पड़ा। बाढ़ थाना अध्यक्ष ब्रजकिशोर सिंह ने बताया कि रेस्टोरेंट संचालक और आरोपी युवक एक ही गांव के रहने वाले हैं। उनके अनुसार, प्रारंभिक जानकारी में यह मामला खाने को लेकर हुए विवाद और मारपीट का प्रतीत होता है। थाना अध्यक्ष ने रंगदारी के आरोपों पर फिलहाल स्पष्ट टिप्पणी करने से बचते हुए कहा कि पीड़ित पक्ष द्वारा लिखित आवेदन मिलने के बाद ही पूरे मामले की जांच की जाएगी। पुलिस का कहना है कि आवेदन के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी और यदि रंगदारी या अवैध हथियारों की बात सही पाई जाती है तो आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।



# सरैया चट्टी के आदित्य पाठक का शोभा कंस्ट्रक्शन में चयन

**पंकज कुमार पाठक,समाज जागरण**

पदमा :राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा के सिविल ब्रांच के छात्र आदित्य पाठक का चयन प्रतिष्ठित कंपनी शोभा कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड में हुआ है। यह चयन हाल ही में झारखंड टेक्निकल यूनिवर्सिटी, रांची में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट के दौरान हुआ।

आदित्य पाठक, पिता उतमानंद पाठक, पदमा प्रखंड के सरैया चट्टी गांव के निवासी हैं। उनके चयन से परिवार एवं गांव में खुशी का माहौल है। संस्थान के अधिकारियों ने आदित्य को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# पटना के गांधी मैदान में कसरत तथा ट्रेनिंग पर रोक, अभ्यर्थियों को झटका

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना स्थित ऐतिहासिक गांधी मैदान में किसी भी प्रकार की शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी पर रोक लगा दी गई है। इसमें दौड़, कसरत, ग्राउंड ट्रेनिंग और अन्य शारीरिक अभ्यास शामिल हैं। प्रशासन का कहना है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है और इसके उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस फैसले के बाद हजारों अभ्यर्थियों को बड़ा झटका लगा है, जो लंबे समय से गांधी मैदान को अपनी ट्रेनिंग का प्रमुख केंद्र मानते रहे हैं। जिला प्रशासन के अनुसार गांधी मैदान केवल एक सामान्य खुला मैदान नहीं है बल्कि यह पटना ही नहीं बल्कि पूरे बिहार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा स्थल है। यहां राष्ट्रीय पर्वों का आयोजन होता है। बड़े सरकारी और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। यह शहरवासियों के लिए सुकून और भ्रमण का प्रमुख स्थान भी है। प्रशासन का मानना है कि लगातार भारी संख्या में अभ्यर्थियों द्वारा शारीरिक प्रशिक्षण किए जाने से मैदान की मूल संरचना प्रभावित हो रही थी। प्रशासन की ओर से बताया गया है कि लंबे समय से गांधी मैदान में दौड़ और कठोर शारीरिक अभ्यास के कारण घास और हरियाली को गंभीर नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा ट्रैक, पाथवे और अन्य संरचनाएं भी धीरे-धीरे खराब हो रही थीं। रोजाना सैकड़ों की संख्या में अभ्यर्थियों के दौड़ने और कसरत करने से मिट्टी उखड़ रही थी और मैदान की समतलता भी प्रभावित हो रही थी। इससे भविष्य में यहां बड़े आयोजनों को कराने में कठिनाई हो सकती थी। गांधी मैदान का उपयोग केवल अभ्यर्थी ही नहीं करते बल्कि आम नागरिक, बच्चे, बुजुर्ग और पर्यटक भी यहां सुबह-शाम टहलने आते हैं। जिला प्रशासन का कहना है कि शारीरिक प्रशिक्षण के दौरान कई बार आम लोगों को असुविधा होती थी। तेज दौड़, समूह में ट्रेनिंग और कसरत के कारण टहलने वाले लोगों को रास्ता बदलना पड़ता था। कई बार टकराव की स्थिति भी बन जाती थी, जिससे सुरक्षा का सवाल खड़ा हो रहा था। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि गांधी मैदान को उसके मूल उद्देश्य के अनुरूप ही उपयोग में लाया जाएगा। यह मैदान आम जनता के भ्रमण, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों, राष्ट्रीय पर्वों, सरकारी कार्यक्रमों और शांत वातावरण में समय बिताने के लिए खुला रहेगा। यहां बैठने, टहलने और हल्की गतिविधियों की अनुमति रहेगी, लेकिन प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़ी शारीरिक दक्षता की तैयारी की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिला प्रशासन ने यह भी कहा है कि अभ्यर्थियों को पूरी तरह से अभ्यास से वंचित नहीं किया जा रहा है। शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी के लिए प्रशासन की ओर से अन्य मैदानों और चिन्हित स्थलों का उपयोग किया जा सकता है। इसके लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ऐसे स्थानों की पहचान करें, जहां अभ्यर्थी बिना किसी बाधा के अपनी तैयारी कर सकें। प्रशासन का मानना है कि इससे गांधी मैदान पर दबाव भी कम होगा और अभ्यर्थियों को भी उचित स्थान मिल सकेगा।



# कांग्रेस प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा ने मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने के फैसले का किया जोरदार विरोध

## मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना से महात्मा गांधीजी का नाम हटाना उनके योगदान को मिटाने की साजिश है : विनोद कुशवाहा

**संवाददाता समाज जागरण हजारीबाग।**

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाने के फैसले को लेकर कांग्रेस पार्टी ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इस मुद्दे पर कांग्रेस महासचिव विनोद कुशवाहा ने सरकार के निर्णय की तीखी आलोचना करते हुए इसे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और गांधीवादी विचारधारा पर सीधा हमला बताया। इसी के विरोध में हजारीबाग के पुराना समाहरणालय के समक्ष कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं समर्थक शामिल हुए। हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव विनोद कुशवाहा ने कहा कि महात्मा गांधी केवल एक नाम नहीं, बल्कि सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय के प्रतीक हैं। मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना का नाम महात्मा गांधी से हटाना उनके योगदान को मिटाने की साजिश है। उन्होंने कहा कि मनरेगा से करोड़ों ग्रामीण गरीबों को रोजगार मिला है और गांधी जी के नाम से जुड़ने के कारण ही इस योजना को एक नैतिक पहचान प्राप्त हुई। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान सरकार इतिहास को बदलने और महापुरुषों की विरासत को कमजोर करने का प्रयास कर रही है, जिसे कांग्रेस किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी। कांग्रेस महासचिव ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने अपना फैसला वापस नहीं लिया तो पार्टी सड़क से सदन तक आंदोलन तेज करेगी। कांग्रेस नेताओं ने एक स्वर में कहा कि महात्मा गांधी का नाम हटाना देश की आत्मा पर चोट करने जैसा है।



# संथाल परगना भ्रमण पर पहुंचे विधायक सरयू राय, गोड्डा में प्रशासनिक बैठक

**समाज जागरण मनोज कुमारसाह**

गोड्डा दिनांक 17 12 2025 को जिला गोड्डा परिषद में जनता दल यु के वरिष्ठ नेता सह पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के माननीय विधायक श्री सरयू राय की दिनांक 15 12 2025 से लेकर 20 12.2025 तक विधानसभा समिति के कार्यक्रम के तहत कार्यक्रम में संथाल परगना के 6 जिला के भ्रमण में प्रवास कर रहे हैं जिसमें जिला गिरिडीह देवघर गोड्डा साहिबगंज पाकुड़ एवं दुमका जिला के सभी डीसी प्रशासनिक विभाग से बैठकएवं कार्यक्रम किया जा रहा है उक्त जिलों में प्रवास करने वाले जिसमें जरमुंडी विधायक देवेंद्र महतो माननीय विधायक श्री सरयू राय जी के साथ गोड्डा जिला में आगमन किए हैं प्रशासनिक बैठक के बाद जदयू पार्टी के कार्यकताओं ने बुके देकर गर्म जोशी से स्वागत किया के वही युवा जिला अध्यक्ष मोहम्मद हारुन रशीद सभी संगठन के साथ अपने जिला के कार्यकर्ता से एक-एक करके पहचान कराया जिसमें युवा जिला सचिव चंद्रिका प्रसाद राम युवा जिला उपाध्यक्ष इबादत अंसारी युवा प्रखंड अध्यक्ष समी असलम अंसारी गोड्डा प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद मिन्नत खान गोड्डा युवा प्रखंड सचिव मोहम्मद इरशाद आलम प्रखंड उपाध्यक्ष युवा मोहम्मद शमशाद खान लखन हेमराम मोहम्मद असलम



## डुमरी विधायक जयराम महतो ने ऊपरघाट में किया कई योजनाओं का शिलान्यास

**भुनेश्वर कुमार महतो ,संवाददाता – समाज जागरण**



बेरमो / ऊपरघाट : बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट पलामू पंचायत के छोटकी कुडी के मेलाटांड़ में चबूतरा, कंजकिरो पंचायत के तुंद टोला में गणेश महतो के घर के सामने पुलिया निर्माण, पीडब्ल्यूडी रोड पिलपिलो गांव तक सड़क का सुदृढ़ीकरण, पिपराडीह पीडब्ल्यूडी रोड से कोरिया बेड़ा तक सड़क सुदृढ़ीकरण व पलामू से बेरमो सीमा चरकपनिया तक सड़क सुदृढ़ीकरण का शिलान्यास व भूमि पुजन डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो ने किया। मौके पर कहा कि डुमरी विधानसभा में ऐसा लकीर खिचेंगे कि पुरे झारखंड के सभी विधानसभा देखेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि खगेंद्र महतो, नावाडीह प्रखंड अध्यक्ष देवनारायण महतो, विधायक प्रतिनिधि सचिन महतो, मुखिया ललीता देवी, अशोक महतो, राहुल महतो सहित कई थे।

## ऊपरघाट के फेक्टरीओ में प्रदूषण फैलाया जा रहा है , खनिज विभाग ले संज्ञान : दिपु अग्रवाल

**भुनेश्वर कुमार महतो, संवाददाता – समाज जागरण**



बेरमो / ऊपरघाट : प्रदूषण के मुख्य कारण मानवीय गतिविधियाँ और प्राकृतिक स्रोत हैं, जिनमें औद्योगिक उत्सर्जन, वाहनों से निकलने वाला धुआँ (जीवाश्म ईंधन), कृषि में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग, प्लास्टिक कचरा, और ठोस ईंधन का जलना शामिल हैं; ये सभी वायु, जल और मिट्टी को दूषित करते हैं, जिससे स्वास्थ्य और पर्यावरण पर गंभीर असर पड़ता है। मानवीय गतिविधियाँ औद्योगिक: कारखानों से निकलने वाली जहरीली गैसें, रासायनिक अपशिष्ट और ठोस कचरा वायु, जल और मिट्टी को प्रदूषित करते हैं। वही नावाडीह सांसद प्रतिनिधि दीपू अग्रवाल ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण के खतरनाक स्तर के बाद एक्शन में सरकार सरकारी ओर प्राइवेट दफ्तरों में 50 प्रतिशत कर्मचारी को घर से काम करने का आदेश जारी किया है। वहीं वर्ग 9वीं तक और वर्ग 11वीं के छात्रों के लिए तत्काल प्रभाव से स्कूली बच्चे को हाइब्रिड मोड में आयोजित करने को कहा है। ऐसा प्रभाव बोकारो जिला में ना हो इसलिए बोकारो जिला के सभी कॉल फेक्ट्री की जांच कर उचित कारवाई करें। चूंकि नावाडीह प्रखण्ड के चिरूडीह में रूबी कॉल फेक्टरी, ऊपरघाट के पलामू पंचायत रामाहरिया कॉल फेक्टरी में दिन रात जमीन में अवैध कोयला का बड़ा-बड़ा भट्ठा लगा कर भारी मात्रा में प्रदूषण फैलाया जा रहा है जो बिल्कुल उचित नहीं है ऐसा प्रतीत होता है क्षेत्र में की खनिज विभाग ओर प्रदूषण विभाग की अधिकारी गहरी नींद पे सो कर सरकार के खजाने को लुटवाने में कोयला माफिया का मदद कर रहे है। उन्होंने यह भी कहा कि अंचल अधिकारी अभिषेक कुमार ओर थाना प्रभारी नीतीश कुमार को कई बार सूचना दे चुका हूं और वॉट्सएप के माध्यम से खनिज विभाग के अधिकारी सीताराम जी को भी अवैध खनन की सूचना दे चुका हूं लेकिन कोई भी उचित कारवाई नहीं की गई है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि ऐसा ही आप सब अधिकारी गण न करे जिससे कानून से विस्वास भी जनता का उठ जाए। बोकारो की चेयरमैन और स्थानीय जिला परिषद के द्वारा फैक्ट्री में चल रहे अवैध कोयला के खिलाफ आवाज उठाने पे भी अभी तक फैक्ट्री संचालित किस आधार पे है। स्कूल से 200 मीटर महज की दूरी पर प्रदूषण पेपर किस आधार पे उपलब्ध करवाया गया है। फैक्ट्री के जमीन में छोड़ कर अनेकों जगह कोयला का भंडारण कर पोड़ा किया जा रहा है वहां उससे कुछ ही दूरी पर नन्हे बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ाई करते है। आने वाले दिनों में बच्चों का भविष्य का किया होगा, अंदाजा लगा सकते हैं।

अगर प्रदूषण पेपर फैक्ट्री को उपलब्ध नहीं है तो फैक्ट्री पे ताला लगा कर सिल करे। क्योंकि दिल्ली की तरह ऑनलाइन क्लासेज, कर्मचारियों को वर्क फॉम होम की सुविधा करवा पाना झारखंड में मुश्किल होगा।

## श्रीभूमि जिले का लालछड़ा 21 नंबर मॉडल आंगनवाड़ी केवल नाम में मॉडल, सुविधाओं का घोर अभाव

### छात्र-छात्राओं को पेयजल, बिजली व सुरक्षित भवन जैसी मूलभूत सुविधाओं से रखा जा रहा वंचित मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित

**श्रीभूमि संवाददाता' दैनिक समाज जागरण**





श्रीभूमि जिले में प्रारंभिक बाल विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा स्थापित किए जा रहे मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों की हकीकत कई स्थानों पर सवालों के घेरे में है। ऐसा ही एक मामला रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के लालछड़ा जीपी अंतर्गत लालछड़ा 21 नंबर मॉडल आंगनवाड़ी शिक्षा केंद्र से सामने आया है, जो सुविधाओं के अभाव में केवल नाम मात्र का मॉडल बनकर रह गया है।

वर्ष 1975 में समन्वित बाल विकास सेवा के तहत शुरू की गई आंगनवाड़ी योजना का उद्देश्य प्री-स्कूल बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं और प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में वर्तमान सरकार ने असम के विभिन्न जिलों में मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया है। लेकिन लालछड़ा 21 नंबर मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों और शिक्षिकाओं को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

**पेयजल व बिजली जैसी मूल सुविधाओं का अभाव**

स्थानीय लोगों और शिक्षिकाओं के अनुसार, आंगनवाड़ी केंद्र में शुद्ध पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे बच्चों को पानी अपने घर से लाना पड़ता है। इसके अलावा केंद्र में बिजली कनेक्शन भी उपलब्ध नहीं है, जिससे पठन-पाठन कार्य प्रभावित हो रहा है।

**जर्जर भवन, गिरती छत से बच्चों में भय**

केंद्र में कार्यरत एक शिक्षिका ने बताया कि भवन की छत का हिस्सा टूटकर गिर रहा है, जिससे बच्चों को डर के माहौल में पढ़ाई करनी पड़ रही है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं की गई तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

इसके साथ ही कक्षा कक्ष और शौचालय के दरवाजों में उचित कुंडी व ताले तक की व्यवस्था नहीं है। शौचालय में पानी की सुविधा भी नहीं है, जिससे स्वच्छता पर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं।

**25 लाख रुपये खर्च, फिर भी निर्माण पूरा, लेकिन सुविधा अधूरा**

जानकारी के अनुसार, इस मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य वर्ष 2022 में शुरू हुआ था, जिस पर सरकार द्वारा लगभग 25 लाख रुपये खर्च किए गए। बावजूद इसके, तीन वर्षों के बाद निर्माण कार्य तो पूरा हुआ लेकिन निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार नही किया गया।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण में निम्न गुणवत्ता की सामग्री का प्रयोग किया गया, जिसके कारण भवन की स्थिति इतनी खराब हो गई है। अन्य मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों की तुलना में यह भवन आकार में भी छोटा है, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका व्यक्त की जा रही है।

**अभिभावकों में रोष**

बच्चों के अभिभावकों ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार बच्चों के भविष्य के लिए लाखों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। बच्चों को जिन बुनियादी सुविधाओं की आवश्यकता है, वे आज भी उपलब्ध नहीं हैं।

**मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से हस्तक्षेप की मांग**

स्थानीय ग्रामीणों, अभिभावकों और शिक्षकों ने इस गंभीर स्थिति पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा शर्मा एवं शिक्षा मंत्री रनोज पेगु का ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने मांग की है कि बच्चों के भविष्य और जनकल्याण को ध्यान में रखते हुए तत्काल जांच कराकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुधारने और सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक यह केंद्र केवल कागजों में ही मॉडल आंगनवाड़ी बना रहेगा, जबकि वास्तविकता इससे कोसों दूर है।

## ऊपरघाट के पेंक – नारायणपुर थाना क्षेत्र के कंजकीरो में अवैध शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**भुनेश्वर कुमार महतो, संवाददाता – समाज जागरण**



बेरमो / ऊपरघाट : बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कंजकीरो के पूवाभीता में एक अर्धनिर्मित आवास में छापामारी कर अवैध शराब निर्माण की फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया। साथ ही कंजकीरो निवासी अभियुक्त सुरेश महतो को अवैध शराब निर्माण की सामग्री के साथ गिरफ्तार किया गया। दो विभिन्न कंपनी की 180 एमएल की 95 पीस तथा अन्य दो विभिन्न कंपनी की 375 एमएल की 20 पीस यानी कुल मिलाकर 24.06 लीटर शराब बरामद किया गया। इसके अलावा अभियुक्त के पास से मोबाइल भी बरामद किया गया। साथ ही प्लास्टिक की 20 बोरियों में लगभग छोटा बड़ा 800 खाली शराब की कांच की बोतल, एक नीले रंग की 200 लीटर की प्लास्टिक ड्रम, प्लास्टिक का शराब भरने वाली खाली बोतल छोटा 20 एवं बड़ा लगभग 100 पीस, प्लास्टिक जार 40 लीटर का 2 पीस एवं पानी वाला जार 20 लीटर का 20 पीस, कार्टून का 8 बंडल करीब 200 पीस, केमिकल 5 लीटर का दो गैलन सीईसी फ्लेवर 500 मिली, केमिकल लक्स ईसेंस 1000 मिली, व्हिस्की फ्लेवर केमिकल बोतल, माल्टा फ्लेवर केमिकल 1000 मिली बोतल, पाइन एप्पल फ्लेवर केमिकल 500 ग्राम बोतल एवं अन्य केमिकल 500 मिली की 2 पीस की दो बोतल, लोहा एवं स्टील से बना शराब बनाने का यंत्र तथा विभिन्न प्रकार के शराब की बोतल का ढक्कन एवं स्टीकर तथा बारकोड बरामद किया गया।

## राष्ट्रपति के आगमन को लेकर आदित्यपुर में चला अतिक्रमण अभियान, प्रशासन सख्त

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ,कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 17 दिसंबर 2025: आगामी 29 दिसंबर को एन आई टी जमशेदपुर में राष्ट्रपति के आगमन की तैयारी को लेकर प्रशासनिक सक्रियता नजर आने लगी है। उपायुक्त के निर्देश पर बुधवार सुबह से ही आकाशवाणी चौक से लेकर एन आई टी कंपाउंड के आसपास अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। वहीं यह भी देखने मिल रहा है कि अतिक्रमणकारियो ने स्वयं ही अपने-अपने दुकान को हटा लिया है।वहीं नगर निगम भी साफ सफाई में जुट गई है।


बताते चले कि आगे में 29 दिसंबर को एन आई टी जमशेदपुर के 15 वे दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर रूट चार्ट निर्धारित कर दिया गया है। जिला प्रशासन इसे अमलीजामा पहनाने में जुटा है। पहले चरण में राष्ट्रपति के रूप में पढ़ने वाले मार्ग के आसपास अवैध अतिक्रमण हटाया गया। इसके अलावा साफ सफाई और सड़कों के मरम्मतीकरण का काम किया जाएगा।

वहीं दुकानदारों में आक्रोश का भी माहौल देखा गया। दुकानदारों का कहना है कि जिसके कारण लाखों रुपए का सामान का क्षति पहुंचा है क्या वह कभी वे गरीबों को सुनते हैं। दुकानदारों ने यह भी आरोप लगाया है कि उन्हें दुकान हटाने का मोहलत नहीं दिया गया है जिससे हमारी रोजी-रोटी में भी परेशानियों के सामना करना पड़ेगा।

इस अभियान के दौरान प्रशासन की टीम ने सड़क पर लगे अतिक्रमण को हटाया और दुकानदारों को सड़क पर सामान ना रखने का हिदायत दी। वहीं कुछ लोग ने प्रशासन के साथ खड़े रहकर उनके साथ दिया परंतु कही कही छोटे-मोटे हंगामों के बीच अतिक्रमण हटाने में प्रशासन की टीम सफल रहे।

## इंडो डैनिश टूल रूम के समीप भीषण सड़क हादसा, एक युवक की मौत और एक गंभीर

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हन झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 17 दिसम्बर 2025: सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत आदित्यपुर के टाटा का मुख्य मार्ग के इंडो डैनिश टूल रूम की समीप बुधवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है।

मिली जानकारी के अनुसार एन एल 02 क्यूं 7066 नंबर का ट्रेलर तेज रफ्तार से कांड्रा की ओर से आदित्यपुर की तरफ जा रही थी इस दौरान ट्रेलर ने इंडो डैनिश टूल रूम जे एच 05 डी एच 5094 नंबर की स्कूटी को टक्कर मार दी । टक्कर के बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया है। चालक के फरार होने के बाद अनियंत्रित ट्रेलर सड़क पर कर दूसरी दिशा में आ रही जे एच 05 बी वी 1386 नंबर की बुलेट मोटरसाइकिल से जा टकराया बुलेट पर सवार दो युवकों में से एक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा योग गंभीर रूप से घायल हो गया है।

हादसे के बाद मौके पर अपना तफरी मच गई है। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है घटना की सूचनाओं मिलते ही आदित्यपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और 100 को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

पुलिस ने ट्रेलर को जख्त कर लिया और फराज चालक की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है ।वही इस हादसे के बाद टाटा कांड्रा मुख्य मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## संसदीय प्रश्न: हिमालयी क्षेत्र का उच्च जोखिम वाले भूकंपीय क्षेत्र के रूप में वर्गीकरण

भारत के अपडेटेड भूकंपीय क्षेत्र-निर्धारण मानचित्र के अनुसार, संपूर्ण हिमालयी क्षेत्र उच्चतम भूकंपीय जोखिम श्रेणी, भूकंपीय क्षेत्र श्कके अंतर्गत आता है, जो इसकी अत्यधिक उच्च टेक्टोनिक गतिविधि और शक्तिशाली भूकंपों के प्रति संवेदनशीलता को प्रतिबिंबित करता है। उत्तर-पूर्वी कोने में स्थित लद्दाख क्षेत्र का केवल एक छोटा सा भाग भूकंपीय क्षेत्र श के अंतर्गत आता है, जो दूसरी सबसे उच्च भूकंपीय जोखिम श्रेणी है।

हिमालयी क्षेत्र को उच्च जोखिम वाले भूकंपीय क्षेत्र के रूप में वगीर्कृत किए जाने को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने भूकंप की निगरानी, जोखिम आकलन और तैयारियों को मजबूत करने के लिए कई लक्षित पहल की हैं। इन तरीकों में पूरे हिमालय में भूकंपीय निगरानी नेटवर्क का विस्तार और अपग्रेडेशन, विस्तृत क्षेत्रीय भूकंपीय जोखिम आकलन, तीव्र गति मापन उपकरणों को बढ़ाना और भूकंपीय घटनाओं का सटीक पता लगाने और विश्लेषण करने के लिए डेटा अधिग्रहण प्रणालियों में सुधार शामिल हैं। इसके साथ ही, आपदा जोखिम को कम करने प्रयासों में सहयोग करने और हिमालयी क्षेत्र में सूचित योजना और विकास को सुगम बनाने के लिए स्थल प्रतिक्रिया, दोष मानचित्रण और क्षेत्रीय स्रोत नाम निर्धारण से जुड़े कई वैज्ञानिक अध्ययन किए गए हैं। चयनित शहरों के लिए एनसीएस द्वारा किए गए भूकंपीय सूक्ष्म क्षेत्रीकरण अध्ययन स्थानीय स्तर पर अंतर भू-कंपन विशेषताओं की पहचान करने में मदद करते हैं, जिससे सुरक्षित भूमि उपयोग योजना, इंफ्रास्ट्रक्चर की तैयारी और शमन रणनीतियों में मदद मिलती है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) भारत में एक क्रियाशील भूकंप की पूर्व चेतावनी (ईईडब्ल्यू) प्रणाली स्थापित करने की दिशा में लगातार और व्यवस्थित प्रगति कर रहा है। हिमालयी क्षेत्र में ईईडब्ल्यू के लिए समर्पित एक वास्तविक समय भूकंपीय नेटवर्क शुरू किया गया है, जिसमें हिमालय क्षेत्र में तीव्र भू-कंपन पहचान के लिए 10 पी-अलर्ट उपकरण स्थापित करना शामिल है। साथ ही, एनसीएस क्षेत्रीय डेटासेट का इस्तेमाल करके विश्वसनीय पी-तरंग पहचान, तीव्र परिमाण अनुमान और प्रारंभिक भूकंपीय झटकों की भविष्यवाणी के लिए प्रोटोटाइप ईईडब्ल्यू एल्गोरिदम तैयार कर रहा है और उनका परीक्षण कर रहा है।

## नावाडीह प्रखंड में ग्रासरूट स्पोर्ट्स टूनार्मेंट का आयोजन सम्पन्न

**भुनेश्वर कुमार महतो , संवाददाता – समाज जागरण**





बेरमो / ऊपरघाट : प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन एवं दानी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में संचालित ग्रासरूट स्पोर्ट्स कार्यक्रम के अंतर्गत नावाडीह प्रखंड स्थित कैलाश स्मारक हाई स्कूल हरलाडीह मैदान, में एक दिवसीय सम स्तर का स्पोर्ट्स टूनार्मेंट का सफल आयोजन 6 स्कूल के साथ किया गया। इस टूनार्मेंट में कैलाश स्मारक हाई स्कूल हरलाडीह ,उत्क्रमित मध्य विद्यालय छोटकीकुड़ी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय लहिया, मध्य विद्यालय नारायणपुर,एवं मध्य विद्यालय देगगरहा ,के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल प्रतियोगिता के दौरान बच्चों में खेल भावना, अनुशासन एवं टीमवर्क का सराहनीय प्रदर्शन देखने को मिला। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप बालक वर्ग में ,उत्क्रमित मध्य विद्यालय छोटकीकुड़ी, और उत्क्रमित मध्य विद्यालय लहिया, टीम विजेता रहा, वहीं बालिका वर्ग में कैलाश स्मारक हाई स्कूल हरलाडीह,और छोटकीकुड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता घोषित की गई। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के फिटनेस कोऑर्डिनेटर चंद्रशेखर भैया एवं मेंटर सरिता कुमारी की अहम भूमिका रही।वहीं स्पोर्ट्स फेलो कुंवर सोरेन, वहीं रेफरी के रूप में तेजलाल महतो, देवेंद्र महतो ,राजेंद्र महतो , महतो, तथा कमेंटेटर के रूप में कमालुद्दीन अंसारी, नीतीश महतो ने अपनी सेवाएँ दीं। इस अवसर पर शिक्षक ,नागेंद्र पांडे, देवेंद्र महतो, तेजलाल महतो, राजकुमार किस्कू, जागेश्वर महतो, गणेश रजक, राजेंद्र महतो, नीतीश महतो, छोटन प्रजापति, विनोद कुमार, द्वारिका प्रसाद महतो, गुलाबचंद महतो, दुर्योधन महतो, किरण महतो, प्रदीप कुमार प्रजापति सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण एवं बच्चे उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना रहा।

## सकला मार्डी बने राजद सरायकेला खरसावां एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हन झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 17 दिसम्बर 2025: झारखंड में आगामी राजनीतिक गतिविधियों और सांगठनिक सुदृढ़ीकरण के मद्देनजर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार, सकला मार्डी को सरायकेलाझ्खरसावां जिले का अनुसूचित जनजाति (एसटी) प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

उनकी यह नियुक्ति राजद के जमीनी आधार को मजबूत करने और आदिवासी समाज के बीच पार्टी की पैठ बढ़ाने की दिशा में एक प्रभावी कदम मानी जा रही है। इस महत्वपूर्ण नियुक्ति की घोषणा झारखंड प्रदेश राजद अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बाबूराम हांसदा ने की। बताया जा रहा है कि यह निर्णय जिला अध्यक्ष बैजू कुमार की आधिकारिक अनुशंसा और जनार्दन कुमार के विशेष प्रयासों के बाद लिया गया है। जिला अध्यक्ष बैजू कुमार ने इस मौके पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सकला मार्डी एक संघर्षशील और समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि मार्डी के नेतृत्व में पार्टी की नीतियां जिले के सुदूर गांवों तक पहुंचेंगी और एसटी समाज के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। वहीं, राजद बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ने भी इस मनोनयन का स्वागत करते हुए कहा कि इससे पार्टी में आदिवासी समाज की भागीदारी और प्रतिनिधित्व को नई शक्ति मिलेगी।

इस नियुक्ति के बाद सरायकेलाझ्खरसावां के स्थानीय कार्यकताओं में उत्साह देखा जा रहा है। समर्थकों का मानना है कि सकला मार्डी की सक्रियता से जिले में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और आगामी चुनावों में पार्टी को इसका सीधा लाभ होगा।

## हब एंड स्पोक मॉडल

केंद्रीय मंत्रिपरिषद ने देश में व्यावसायिक प्रशिक्षण की समग्र गुणवत्ता एवं प्रासंगिकता बढ़ाने हेतु प्रधानमंत्री कौशल विकास एवं रोजगार क्षमता योजना (पीएम सेतु ) को मंजूरी प्रदान की है।

योजना के दो घटक हैं: (i) घटक-क- 1,000 सरकारी आईटीआई का उन्नयन (200 हब आईटीआई एवं 800 स्पोक आईटीआई) हब एंड स्पोक मॉडल में; घटक-क्क- भुवनेश्वर, चेन्नई, हैदराबाद, कानपुर एवं लुधियाना स्थित पांच राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एन एस टी आई ) की क्षमता वृद्धि, जिसमें वैश्विक साझेदारी पर जोर देते हुए प्रशिक्षकों के उन्नत प्रशिक्षण हेतु क्षेत्र-विशिष्ट राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापना शामिल है।

कैबिनेट से मिली मंजूरी के अनुसार इस योजना का कार्यान्वयन पांच वर्षीय है। आईटीआई चयन मानदंड राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा उद्योग साझेदारों के परामर्श से निर्धारित किए जाते हैं, जिसमें आकांक्षी जिलों का प्रतिनिधित्व एवं उभरती कौशल आवश्यकताओं, स्थानीय औद्योगिक क्षमता के अनुरूप उद्योग सहयोग सुनिश्चित किया जाता है।

योजना के तहत हब एंड स्पोक व्यवस्था में आईटीआई उन्नयन हेतु विश्वसनीय एंकर उद्योग साझेदार (ए आई पी ) द्वारा विशेष उद्देश्य वाहन (एस पी वी) की स्थापना प्रस्तावित है, जिसमें अन्य उद्योग साझेदार भी शामिल हो सकते हैं, ताकि हब-स्पोक क्लस्टर प्रबंधन एवं परिणाम-आधारित प्रशिक्षण-रोजगार परिणाम सुनिश्चित किए जा सकें। इन उपायों से मिलने वाले परिणाम परिभाषित कर उनके सभी उद्योग साझेदारों द्वारा उनकी रणनीतिक निवेश योजना में समाहित किया जाएगा।

योजना के तहत, कौशल पाठ्यक्रम को निरंतर बदलती वैश्विक एवं घरेलू कौशल आवश्यकताओं के अनुरूप बनाए रखने और प्रशिक्षुओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं की परिकल्पना की गई है। इनमें, अन्य बातों के अलावा उद्योग द्वारा तैयार किए गए पाठ्यक्रमों की शुरूआत, आधुनिक एवं उद्योग-संबंधी प्रयोगशालाओं के माध्यम से उन्नत प्रशिक्षण, डिजिटल लर्निंग सामग्री को अपनाना, तथा प्रतिष्ठित उद्योग भागीदारों के सहयोग से प्रशिक्षकों की क्षमता निर्माण शामिल हैं।

ये सभी मानदंड परिणाम-आधारित वित्तीय सहायता से जुड़े हैं, ताकि क्लस्टर के प्रदर्शन की निगरानी की जा सके और प्रशिक्षुओं को संबंधित उद्योगों में रोजगार प्राप्त करने में सहायता दी जा सके। यह जानकारी आज राज्यसभा में लिखित उत्तर के रूप में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (स्वतंत्र प्रभार) के राज्य मंत्री श्री जयंत चौधरी द्वारा दी गई।

## राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद को 2025 के दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया

संस्कृति मंत्रालय के अधीन संस्था राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) को पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) द्वारा दो प्रतिष्ठित पीआरएसआई राष्ट्रीय पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। इनमें से एक पुरस्कार 'हर घर संग्रहालय' पहल के लिए कॉर्पोरेट अभियान में सोशल मीडिया के सर्वश्रेष्ठ उपयोग की श्रेणी में और दूसरा 'विशेष/प्रतिष्ठित प्रकाशन' श्रेणी के अंतर्गत 'अपशिष्ट से कला' प्रकाशन के लिए दिया गया है।

ह्लकचरे से कलाह्व नामक प्रकाशन राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) की एक प्रमुख पहल का दस्तावेजीकरण करता है। इसे विशेष अभियान 4.0 और स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत शुरू किया गया है। यह रचनात्मकता, स्थिरता और जनभागीदारी के सशक्त संगम को दशार्ता है। आकर्षक दृश्यों और कहानियों के माध्यम से प्रकाशन यह प्रदर्शित करता है कि कैसे लगभग 1,250 किलोग्राम कचरे - जिसमें धातु के स्क्रैप, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और फेंके गए कंटेनर शामिल हैं - को देश भर में एनसीएसएम इकाइयों में सार्थक कलाकृतियों में परिवर्तित किया गया। यह चक्रीय अर्थव्यवस्था के सिद्धांतों को बढ़ावा देने वाले शैक्षिक प्रदर्शनों के रूप में भी कार्य करती हैं। प्रकाशन आगे छात्रों और समुदायों को शामिल करने वाली व्यावहारिक कार्यशालाओं और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं को रेखांकित करता है। इसमें चयनित कलाकृतियों को एनसीएसएम के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रचारित किया गया। यह इस पहल की व्यापक डिजिटल पहुंच और पर्यावरण के प्रति जागरूक सोच और रचनात्मक पुनः उपयोग को प्रेरित करने में इसकी सफलता को दशार्ता है।

माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि से प्रेरित होकर, संस्कृति मंत्रालय के राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद द्वारा 'हर घर संग्रहालय' अभियान शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य यह विश्वास दिलाना है कि प्रत्येक घर भारत के जीवंत इतिहास का एक अंश संजोए हुए है - चाहे वह पैतृक धरोहर हो, कलाकृति हो, प्राचीन वस्तु हो या कोई अनूठी संग्रहणीय वस्तु। यह राष्ट्रव्यापी पहल व्यक्तियों और परिवारों को अपने निजी संग्रहों की तस्वीरें, वीडियो और कहानियां साझा करने के लिए प्रोत्साहित करती है। इससे सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और भावनात्मक महत्व रखने वाली रोजमर्रा की वस्तुओं का एक बढ़ता हुआ डिजिटल संग्रह तैयार होता है। छवियों, वृत्तांतों और संग्राहकों के साथ संवाद के माध्यम से व्यवस्थित दस्तावेजीकरण द्वारा यह अभियान लोगों के इतिहास को राष्ट्रीय सांस्कृतिक वृत्तांत में लाता है, जिज्ञासा और खोज को बढ़ावा देता है और संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाता है - एक समय में एक घर। यह पुरस्कार अभियान की प्रभावशाली डिजिटल सहभागिता और देश भर में संग्राहकों, समुदायों और विरासत प्रेमियों को जोड़ने में इसकी सफलता को मान्यता देता है। इस पहल ने अब तक सोशल मीडिया के माध्यम से 10 लाख से अधिक दर्शकों की भागीदारी दर्ज की है, विभिन्न प्लेटफार्मों पर 10 मिलियन से अधिक व्यूज प्राप्त किए हैं और 150 से अधिक चयनित प्रविष्टियां प्राप्त की हैं, जो मजबूत जनभागीदारी और प्रभावशाली डिजिटल पहुंच को दशार्ती हैं।

ये पुरस्कार 13 से 15 दिसंबर 2025 तक उत्तराखंड के देहरादून में पीआरएसआई द्वारा आयोजित 47वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन में प्रदान किए गए। सम्मेलन का विषय था ह्लविकास को सशक्त बनाना, जड़ों को संरक्षित करना - 2047 के लिए जनसंपर्क विजनह्व। इस सम्मेलन में देश भर से वरिष्ठ नीति निमार्ताओं, संचार पेशेवरों, उद्योग जगत के नेताओं और शिक्षाविदों ने भाग लिया। एनसीएसएम की ओर से ये पुरस्कार निदेशक (मुख्यालय) राजीव नाथ और पीआरओ सत्यजीत एन. सिंह ने ग्रहण किए।

## जहाज निर्माण और पुनर्चक्रिय विकास पैकेज के तहत रोजगार और समूह विकास

सरकार ने घरेलू क्षमता मजबूत करने, समुद्री वित्तपोषण, शिपयार्ड विकास, कौशल विकास एवं सुधारों हेतु चार-स्तंभीय दृष्टिकोण वाली ड्ढ69,725 करोड़ की व्यापक पैकेज को मंजूरी प्रदान की है।

जहाज निर्माण को भारी इंजीनियरिंग का मातृ उद्योग माना जाता है, जहाँ निर्मित जहाज का अधिकांश हिस्सा मसलन स्टील, यांत्रिक, विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कम्पोजिट्स आदि भारी इंजीनियरिंग उद्योगों द्वारा ही आपूर्ति किया जाता है। इसके अलावा, शिपबिल्डिंग उद्योग की वृद्धि से इससे जुड़े सहायक उद्योग भी विकसित होते हैं। जहाज निर्माण के क्षेत्र में रोजगार सृजन की अतिशय क्षमता को देखते हुए अनुमान है कि इससे लगभग 22 लाख (2.2 मिलियन) प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन होगा।

# नाबालिग बच्ची की तलाश की मांग

## डीएम कार्यालय पर परिजनों का प्रदर्शन

**समाज जागरण बागपत।**

बड़ौत कोतवाली क्षेत्र से एक नाबालिग बच्ची लापता हो गई है। उसकी बरामदगी की मांग को लेकर बुधवार को परिजन जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और प्रशासन से गुहार लगाई। परिजनों के अनुसार, बच्ची कई दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई थी। उन्होंने तत्काल बड़ौत कोतवाली पुलिस को सूचना दी थी, लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिला है। परिजनों ने आरोप लगाया कि वे लगातार पुलिस और संबंधित अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिल रहा है। उनका कहना है कि पुलिस की लापरवाही के कारण मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है, जिससे बच्ची की सुरक्षा को लेकर उनकी चिंता बढ़ रही है।जिलाधिकारी कार्यालय में परिजनों ने प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने नाबालिग बच्ची की जल्द बरामदगी, मामले की निष्पक्ष जांच और लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों व अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। परिजनों ने चेतावनी दी कि यदि बच्ची को जल्द बरामद नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रशासन ने परिजनों को आश्वासन दिया है कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के अनुसार, नाबालिग की तलाश के लिए पुलिस टीम सक्रिय है और बच्ची को जल्द सकुशल बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।

# केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह बसामन मामा गौ अभ्यारण्य प्राकृतिक खेती माडल का करेंगे शुभारंभ

**समाज जागरण**

रीवा। बसामन मामा गौ अभ्यारण्य को लाचार गौवंश के आश्रय स्थल के साथ-साथ प्राकृतिक खेती और जैविक खेती के मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसमें गौ अभ्यारण्य तथा स्वयंसेवी संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के स्वयंसेवकों द्वारा प्राकृतिक खेती का मॉडल विकसित किया गया है। इसमें रासायनिक खाद तथा कीटनाशक के उपयोग नहीं किया जा रहा। केवल गोबर और गौमूत्र से विकसित खाद और जैविक कीटनाशकों का का उपयोग किया जा रहा है। इस प्राकृतिक खेती के मॉडल का केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह 25 दिसम्बर को उद्घाटन करेंगे। केन्द्रीय गृहमंत्री गौशाला का भ्रमण करके गौवंश के संरक्षण तथा प्राकृतिक खेती के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों का अवलोकन करेंगे। केन्द्रीय गृहमंत्री गौ अभ्यारण्य के समीप आयोजित प्राकृतिक खेती और सहकारिता सम्मेलन में किसानों और जन समुदाय को संबोधित करेंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल तथा पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान ने केन्द्रीय गृहमंत्री के दौरे की तैयारियों का जायजा लिया।

मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती तथा सहकारिता सम्मेलन के लिए तैयारियाँ शुरू कर दें। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सभा स्थल पर मंच तथा बैरिकेडिंग की व्यवस्था करेंगे। साथ ही दो पक्के हेलीपैड का निर्माण कराएं। निर्माण कार्य तत्काल शुरू कर दें। सम्मेलन में बड़ी संख्या में किसान तथा आमजन शामिल होंगे। कार्यक्रम स्थल पर पुलिस अधीक्षक सुरक्षा, वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था कराएंगे। कलेक्टर ने सम्मेलन स्थल में बिजली, पानी, साफ-सफाई, साउंड व्यवस्था, उपचार व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड तथा गौ अभ्यारण्य का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम दृष्टि जायसवाल तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र ऐंठू कलाकांकर में किसान दिवस का आयोजन

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**




प्रतापगढ़। जनपद के कृषि विज्ञान केंद्र ऐंठू कलाकांकर में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 80 कृषकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान कृषक नरेंद्र कुमार गौतम निवासी ग्राम सहबाद द्वारा लघु सिंचाई योजना के अंतर्गत लाभ न मिल पाने, कृषक शिवबहादुर यादव द्वारा किसान पंजीकरण में ग्राम एवं ब्लॉक का गलत फीड हो जाने एवं कृषक नरेंद्र सेन मौर्य, राम सुनेर पटेल, राम दुलारे (निवासी सोनमऊ), सुरेश यादव निवासी त्रिलोचनपुर द्वारा छुट्टा पशुओं तथा आम की बागवानी को नीलगाय से बचाने हेतु तारबाड़ (फेंसिंग) की मांग रखी गई। ग्राम साहाबाद के कृषकों द्वारा चकबंदी कराए जाने की मांग की गई। सतीश मौर्य द्वारा डेयरी उद्योग प्रारंभ करने हेतु जानकारी चाही गई। मोहम्मद राजा निवासी मुरस्सापुर द्वारा बकरी पालन योजना से संबंधित जानकारी मांगी गई। भूमि संरक्षण अधिकारी चमन सिंह द्वारा सभी कृषकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों को निस्तारण हेतु अवगत कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित समस्त विभागीय अधि कारियों द्वारा सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी कृषकों को दी गई। समस्त कृषकों को फॉर्मर रजिस्ट्री करने के लिए बताया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नवीन सिंह द्वारा कृषकों को नई कृषि तकनीकों एवं नवाचारों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। किसान दिवस कार्यक्रम में भूमि संरक्षण अधिकारी चमन सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नवीन सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी , सहायक अभियंता (लघु सिंचाई/ नलकूप) ,अधिशासी अभियंता (विद्युतविभाग), एडीसीओ , सह कारिता सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# वकीलों ने जाम किया दिल्ली-सहारनपुर हाईवे, वेस्ट यूपी में हाई कोर्ट की बेंच बनाने की मांग, डीएम के न मिलने पर भड़के

**समाज जागरण बागपत।**

हाई कोर्ट बेंच की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने बुधवार को दिल्ली-सहारनपुर हाईवे जाम कर दिया। अधिवक्ता जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने कलेक्ट्रेट पहुंचे थे, लेकिन डीएम के न मिलने पर वे भड़क गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। नाराज अधिवक्ताओं ने 'डीएम मुदार्बाद' के नारे लगाए और कलेक्ट्रेट के सामने ही दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर सड़क के दोनों ओर यातायात रोक दिया। सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता सड़क पर बैठ गए और डीएम को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे। अधिवक्ता डीएम अस्मिता लाल से मुलाकात कर उन्हें हाई कोर्ट बेंच की मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपना चाहते थे। हालांकि, डीएम के अधिवक्ताओं से न मिलने के कारण उनका गुस्सा बढ़ गया और उन्होंने प्रदर्शन का रास्ता अपनाया। अधिवक्ताओं का कहना है कि जब तक डीएम उनसे बात नहीं करेंगी और उनका ज्ञापन स्वीकार नहीं करेंगी, तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। इस जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। मौके पर पुलिस प्रशासन मौजूद है। अधिवक्ताओं

# *खो-खो के माध्यम से शहडोल जिले का नाम प्रदेश में रोशन

**समाज जागरण**

शहडोल ।12 से 14 दिसंबर तक जबलपुर में आयोजित 44वी जूनियर राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में जिला खो-खो संघ शहडोल की 15 सदस्यीय टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर पूरे शहडोल जिले को गौरवान्वित किया। यह सफलता जिले में खेल संस्कृति को मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम मानी जा रही है ।टीम की इस उपलब्धि का श्रेय मुख्य रूप से कोच मोहम्मद इमरान को जाता है, जिनके कुशल प्रशिक्षण, अनुशासन और प्रेरणादायक मार्ग दर्शन में खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। कोच मोहम्मद इमरान वर्षों से खो-खो जैसे पारंपरिक खेल को नई पहचान दिलाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। और वह खुद भी राष्ट्रीय खिलाडी है ।इस उपलब्धि पर धनपुरी नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छावड़ा एवं बुढ़ार नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरौगी जी ने खिलाड़ियों एवं कोच को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से युवाओं में अनुशासन, स्वास्थ्य और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने जिले में खेलों को और अधिक प्रोत्साहन देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। यह सफलता जिले के विद्यार्थियों और युवाओं के लिए एक



स्पष्ट संदेश है कि खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि सम्मान, पहचान और करियर का मजबूत माध्यम है। खो-खो जैसे भारतीय खेलों को अपनाकर युवा प्रदेश व देश स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं ।जिला खो-खो संघ शहडोल ने अपेक्षा व्यक्त की है कि भविष्य में प्रशासन एवं जन प्रतिनिधियों के सहयोग से जिले में और अधिक खेल प्रशिक्षण शिविर एवं प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी, जिससे शहडोल खेलों के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छू सके।

कोच मोहम्मद इमरान ने बताया खो-खो सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, गति और टीम भावना का प्रतीक है। युवा वर्ग खेल को अपनाए और अपने उज्ज्वल भविष्य की नींव रखे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को लक्ष्य बनाकर हमने 15 दिनों का सघन प्रशिक्षण शिविर बूढ़ारके कुशाभाऊ ठाकरे खेल मैदान में लगाया, जहाँ खिलाड़ियों ने पसीना बहाकर खुद को साबित किया। सीमित संसाधन कभी हमारी राह नहीं रोक सकते, जब इरादे मजबूत हों। यह तृतीय स्थान सिर्फ एक पदक नहीं, बल्कि शहडोल के युवाओं के आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य की शुरूआत है। मेरा संकल्प है कि शहडोल का हर प्रतिभाशाली खिलाड़ी खो-खो के जरिये प्रदेश, देश और दुनिया में अपना परचम लहराए। साथ ही शहडोल जिले के खेल प्रेमी अपने खिलाडियों का हौशला बढाने के लिए सिनिअर खिलाडी दिव्यांशु सिंह राणा, महेंद्र सिंह,रिषभ सेन,सिब्बू यादव एवं खो-खो के विशिष्ट विवेक यादव जी भी वहा पहुचकर टीम का हौशला बढाया

# बंद खदान चालू करने को लेकर व्यापार मंडल प्रतिनिधि अध्यक्ष ने खान सुरक्षा निदेशालय वाराणसी को भेजा पत्रक ।

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। बिल्ली मारकुंडी स्थित एक खदान में हादसा के बाद 37 खदानों में खनन व परिवहन कार्य पर प्रतिबंध लगा दिया गया । खनन व क्रशर उद्योग से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष जुड़े छोटे बड़े दुकानदार व्यापारी ट्रांसपोर्टर वाहन स्वामी व मजदूर आदि बेरोजगार हो गए जिन्हें दैनिक जीवन यापन सहित भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। डाला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष मुकेश जैन द्वारा बुधवार को खान सुरक्षा निदेशालय वाराणसी क्षेत्र के निदेशक को पत्र भेज कर बंद खदानों को सुरक्षित चालू करवाने की मांग किया गया।

डाला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष मुकेश जैन ने खान सुरक्षा निदेशालय वाराणसी क्षेत्र के निदेशक को भेजे गए पत्रक के माध्यम से अवगत कराया गया कि

बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र की एक खदान में हुए हादसे के बाद क्षेत्र की 37 खदानों के खनन-परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगा देने से खनन कार्य से सिधे तौर पर जुड़े 10 हजार मजदूर बेरोजगार हो गये। इन मजदूरो पर आश्रित 30 हजार परिवार के समछ रोजी रोटी के लाले पड़ने लगें है। ये दैनिक मजदूरी करने बाले



मजदूर जाड़ा, गर्मी और बरसात के दिनों में भी क्षेत्र में संचालित खदानों में काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। खदानो में पत्थर ढोने के कार्य में लगे दो हजार से अधिक टीपर, पाँच सौ कम्प्रेशर मशीन, सैकड़ो पोकलैन मशीनो का संचालन पुरी तरह से ठप हो गया है। पत्थर खदानो पर पुरी तरह से निर्भर 250 कशर प्लांटो का संचालन ठप हो गया है। जिससे डाला स्टोन के नाम से दुनिया भर में मशहूर गिट्टी का उत्पादन उप हो गया है। खनन उद्योग पर निर्भर डाला, ओबरा एवं चोपन में संचालित चाय-पान, ठेला खुमचा, पंचर, सैलून आदि दुकानो पर सियापा छा गया है। खनन बंद होने से बेरोजगार मजदूरो एवं उनपर आश्रित परिवारों के समछ भूखमरी की स्थित उत्पन्न हो गया है, हालात यही रहा तो मजबूरन दैनिक मजदूरो को गैर प्रदेशो की ओर रोजी रोटी की तलास में पलायन करना पड़ेगा।

व्यापार मंडल अध्यक्ष ने बताया कि उत्तर प्रदेश की एक ट्रिलियन डालर की अर्घ्यवस्था बनने में हर माह बनन उद्योग से 13 करोड राजस्व के रूप में भागिदारी निभाने वाले पाँच दशको से संचालित खनन को पुनःचालू कर जनपद में खुशहाली बहाल कराने की मांग किया गया। ताकि दैनिक मजदूरो का जीवन सुखमय होने के साथ ही गिट्टी उद्योग फिर से चल सके।

# कृषकों को जोत/खतौनी के अनुसार निर्धारित दर पर उर्वरकों की विक्री करें-जिलाधिकारी

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने जनपद के समस्त थोक एवं फुटकर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि कृषकों को उनकी जोत/खतौनी के अनुसार संस्तुति मात्रा के अनुसार निर्धारित दर पर उर्वरकों की बिक्री सुनिश्चित करें, साथ ही किसी भी अनुदानित उर्वरक पर किसी अन्य उत्पाद की टैगिंग न की जाय, साथ ही साथ समस्त फुटकर बिक्री केन्द्रों पर सरकार द्वारा समस्त उर्वरकों पर देय अनुदान एवं वास्तविक मूल्य, स्टॉक एवं वितरण पंजिका तथा फर्म का बोर्ड लगा होना अनिवार्य है, यदि निरीक्षण के समय उक्त निर्देशों का पालन नही पाया जायेगा एवं कही से टैगिंग एवं अधिक दर पर बिक्री की शिकायत प्राप्त होगी तो संबंधित के विरूद्ध उर्वरक नियन्त्रण आदेश-1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। ध्यान रहे शासन की प्राथमिकता है कि जनपद के कृषकों को अनिवार्य रूप से शतप्रतिषत पी0ओ0एस0 मशीन से उनकी जोत के अनुसार निर्धारित मूल्य पर गुणवत्ता युक्त उर्वरक उपलब्ध कराया जाय।

# अब तक नहीं हो सका चोरी का खुलासा , महीनों बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली, पीड़ित दम्पति पहुंचा एसपी दरबार

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जनपद में एक चोरी का हैरान करने वाला मामला सामने आया है जहां कई महीनों बीतने के बावजूद पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं। दरअसल पिपरी थाना क्षेत्र के रेनुकूट मेन रोड स्थित अग्रवाल रेमंड शॉप के मालिक अशोक कुमार अग्रवाल के घर से लाखों रुपये नकद और जेवरात की चोरी होने का मामला सामने आया है। अग्रवाल ने बताया कि वह अपने परिवार के आभूषण और नकदी अपने कमरे में स्थित गोदरेज की अलमारी में रखते थे। अशोक कुमार अग्रवाल अपने परिवार के साथ दुकान के पीछे बने आवास में रहते हैं। अलमारी की चाबी उसी कमरे की दूसरी अलमारी में रखी जाती थी। इस अलमारी में उनकी बेटी की शादी के लिए सोने की चेन, छह चूड़ियां, एक हार और कान के टॉप्स रखे थे, साथ ही कुछ नकदी भी थी। व्यापारी दम्पति उस समय हक्के बक्के रह गए जब 5 जुलाई 2025 को किसी काम से अलमारी खोलने पर उन्होंने देखा कि उसमें से एक लाख रुपये गायब थे। तत्काल जब उन्होंने जेवरात की जांच की तो एक सोने की चेन, एक सोने का हार, चार सोने की चूड़ियां और कुछ कान के टप्स भी गायब मिले। ताजुब की बात तब दिखी जब एक डिब्बे में असली हार की जगह रोल्ड गोल्ड का नकली हार रखा हुआ था। अग्रवाल दम्पति ने अपनी संपत्ति की काफी तलाश की और अपने बैंक लॉकर की भी जांच की, लेकिन जेवरात का कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी दुकान पर दो लड़की स्टाफ के रूप में काम करती हैं। इसके अलावा, एक अन्य महिला एक मेड उनके घर पर झाड़ू-पोछा का काम करती है। इन सभी का उनके परिवार के रहने वाले कमरे में अक्सर आना-जाना लगा रहता है। उन्हें संदेह है कि चोरी की इस वारदात को इन्हीं लोगों ने अंजाम दिया है। हालांकि काफी दिन होने के बाद भी पिपरी पुलिस की तरफ से चोरी की वारदात का खुलासा न होने से क्षुब्ध होकर व्यापारी दम्पति अशोक कुमार अग्रवाल ने पुलिस



अधीक्षक से मुलाकात की और मामले की गहनता से छानबीन करने का निवेदन किया है। वही पीड़ित की माने तो एसपी ने हमारा पूरा सहयोग करने की बात कही है और एक बार फिर से पिपरी पुलिस से मामले की गहनता से जांच करने की बात कही है। घर में चोरी की घटना से परेशान व्यापारी अशोक कुमार अग्रवाल ने बताया कि हमारा रेमंड का शोरूम है उसी के पीछे उनका घर है। बेटी की शादी के दौरान घर से ही सभी तैयारियां हो रही थी बेटी की शादी के लिए काफी गाने घर में रखे हुए थे और घर में शादी के समय केस भी निकाल कर रखे थे। जब घर से 1 लाख कैश गायब हुआ तो घर में रखे गहनों को भी देखा गया तो अलमारी में रखा सारा गहना गयाब था। गायब हुए गानों की कीमत 40 से 50 लाख थी। पीड़ित व्यापारी ने बताया कि हमारे शॉप पर दो लड़कियां काम करती हैं उनमें से एक लड़की घर पर भी काम करने आती थी। जिसका घर पर अकेले आना जाना ज्यादा होता था। हमारी वाइफ हमारे साथ दुकान पर ही ज्यादा वक्त रहती है और घर पर काम के सिलसिले में उसे लड़की का अंदर तक आना-जाना अकेले लग रहा था। पीड़ित व्यापारी का शंका उसे लड़की पर तब ज्यादा हो गया जब चोरी की बात का खुलासा होने पर लड़की घबराहट में देखी गई। व्यापारी ने आरोप लगाया कि काम करने वाली लड़की अपने बॉयफ्रेंड को मौसी का लड़का तुम बात कर घर में लाती थी। लड़की घबराहट में सवाल के जवाब में उलटे सीधे बातें कह रही थी। पीड़ित परिवार जब पुलिस अधीक्षक के पास गए तब पुलिस अधीक्षक ने मामले की जानकारी थानाध्यक्ष से ली तो थानाध्यक्ष का सीधा कहना था कि इस मामले में अभी तक कोई भी ठोस पहलू सामने नहीं आया है क्योंकि ना अलमारी टूटी है ना घर का दरवाजा टूटा है। एसपी साहब ने पुलिस से कहा है कि दोबारा से तफ्तीश कीजिए और सबूत इकट्ठा करने की कोशिश कीजिए। पीड़ित दम्पति ने बताया गोदरेज के अलमारी में गहना रखा हुआ था और गोदरेज की अलमारी बैडरूम में रखी हुई थी। बेडरूम अक्सर खुला रहता था सामने के दरवाजे पर कभी-कभी कुंडी लगा दी जाती थी। पीड़ित व्यापारी ने बताया कि घर में सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा था।

# जनपद कारागार में आयोजित मासिक जेल लोक अदालत, 02 बंदियों के मुकदमें हुए निर्णीत- न्यायाधीश शैलेंद्र यादव

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जिला कारागार सोनभद्र का निरीक्षण, विधिक जागरूकता शिविर महिला बन्दियों के बावत मासिक जेल लोक अदालत का आयोजन शैलेन्द्र यादव, अपर जनपद न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र की अध्यक्षता में किया गया। 2 बंदियों ने अन्तिम रुप से जुर्म स्वीकार कर अपने मुकदमें निस्तारित करायें। जेल निरीक्षण के दौरान आलोक यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सोनभद्र, जेल अधीक्षक, अरुण कुमार मिश्र, जेलर अरविन्द कुमार सिन्हा, उप कारापाल गौरव कुमार एवं शशांक पटेल, जय प्रकाश, असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सोनभद्र उपस्थित रहे। जिला कारागार में आयोजित मासिक जेल लोक अदालत में आलोक यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सोनभद्र द्वारा कुल 08 मामले चिन्हित किये गये थे जिसमे से 04 मामलों में 04 अभियुक्त ने जुर्म स्वीकृति के आधार पर जेल लोक अदालत में अपना मामला निस्तारित कराया। अन्तिम रूप से 02. मुकंदमें निस्तारित हुए। जिला कारागार में निरूद्ध सिद्धदोष



बंदियों से एक-एक करके उनकी अपील के संबंध में बातचीत किया गया तथा उनके मुकदमों के संबंध में जानकारी ली गई। जेलर को निर्देशित किया गया कि ऐसे बंदियों जिनके पास अपने मुकदमें की पैरवी के लिए प्राइवेट अधिवक्ता रखने की आर्थिक स्थिति ना हो ऐसे बंदियों से बातचीत कर निःशुल्क अधिवक्ता हेतु उनका प्रार्थना पत्र नियमानुसार संबंधित न्यायालय/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र को प्राप्त करायें।

राज्य विधिक सेवा प्राधि करण, लखनऊ के निदेर्शानुसार तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र के आदेशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम की जानकारी शैलेन्द्र यादव, अपर जनपद न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र ने दी है।

# दुद्धी कोतवाली क्षेत्र में दिखा तेज रफ्तार का कहर, एक की मौत, 3 अन्य घायल

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के नौडीहा मधुबन गांव में एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक चालक की मौके





पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दो महिलाएं और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान झारखंड के नगर निवासी कामेश्वर के रूप में हुई है। घायलों में दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल हैं, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद राहगीरों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) दुद्धी भेजा गया। वहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# कन्नौज: सीडीओ ने किया जिले के कस्तूरबा विद्यालयों का निरीक्षण, सब ठीक ठाक मिला

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी ने कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय, नसरापुर, नगर क्षेत्र कन्नौज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कुल 93 छात्राएँ उपस्थित पाई गईं। विद्यालय परिसर की स्वच्छता व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। छात्राओं के उपयोग हेतु निर्मित बाथरूम स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित पाए गए, उन्होंने पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को प्रदान किए। उन्होंने विद्यालय के किचन का भी निरीक्षण किया, जहाँ साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक पाई गई पर्याप्त मात्रा में खादयान उपलब्ध पाया गया। भोजन कक्ष में छात्राएँ पंक्तिबद्ध होकर अनुशासित ढंग से भोजन ग्रहण करती हुई पाई गईं। भोजन में दाल, आलू-पत्ता गोभी की सब्जी, रोटी, चावल एवं रायता एवं सलाद परोसा गया। छात्राओं से संवाद के दौरान यह भी जानकारी प्राप्त हुई कि प्रातःकाल उन्हें नाश्ते में केला, दूध, कचौड़ी एवं अचार प्रदान किया गया था। इसके उपरांत छात्राओं की डॉरमेट्री का निरीक्षण किया गया, जहाँ ठंड के दृष्टिगत रजाइयों की पर्याप्त व्यवस्था पाई गई। डॉरमेट्री में दो खिड़कियों के शीशे टूटे पाए गए, जिन्हें शीघ्र ठीक कराए जाने हेतु वार्डन को निर्देशित किया गया। छात्राओं के वस्त्रों की नियमित स्वच्छता हेतु विद्यालय में स्थापित वॉशिंग मशीन संचालित अवस्था में पाई गई। साथ ही विद्यालय में स्थापित आर.ओ. पेयजल प्रणाली पूर्णतः कार्यरत पाई गई, जिससे छात्राओं को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है। निरीक्षण के क्रम में कंप्यूटर कक्ष का भी अवलोकन किया गया, जहाँ सभी कंप्यूटर कार्यरत अवस्था में पाए गए तथा स्मार्ट क्लास का संचालन होता हुआ मिला। विद्यालय परिसर में समग्र रूप से साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक रही। इसके पश्चात मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय, अनोगी, जलालाबाद का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की चारदिवारी क्षतिग्रस्त पाई गईं, जिस पर तत्काल संबंधित बी डीओ से वार्ता कर एक सप्ताह के भीतर मरम्मत/निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में टॉयलेट ब्लॉक एवं बाथरूम का निरीक्षण किया गया, जहाँ साफ-सफाई पाई गई तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। किचन का पुनः निरीक्षण किया गया, जहाँ छात्राएँ भोजन करती हुई पाई गईं। निरीक्षण के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालयों की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए छात्राओं के हित में सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# विधायक खेल महाकुंभ की निकलीं जागरूकता रैली

**ब्यूरो समाज जागरण**

खलियारी। सोनभद्र। 25 दिसम्बर से होने जा रहें सदर विधानसभा में विधायक खेल महाकुंभ को लेकर विकास खंड नगवां के खलियारी बाजार में बुधवार को ब्लाक प्रमुख नगवां आलोक कुमार सिंह पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल विधायक प्रतिनिधि विकास मिश्रा की अगुवाई में छात्र छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली गई रैली में स्वामी विवेकानंद स्कूल एवं किसान निर्मल इंटर कालेज के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया जिसमें सोन कि माटी सोन का दम, आवो मिलकर खेलें हम, खेलेगा इंडिया बढ़ेगा इंडिया, बंदे मातरम भारत माता कि जय के नारों के साथ खेल महाकुंभ में जुड़ने का आह्वान भी किया। बंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य वन्दे मातरम गीत का सामूहिक गान कर के विधायक खेल महाकुंभ जागरूकता



रैली का समापन किया गया। इसके पूर्व ब्लाक प्रमुख आलोक सिंह ने सभी को संबोधित करते कहा कि विधायक खेल महाकुंभ में क्षेत्र के छात्र छात्राओं युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का एक प्रमुख मंच है, जिसमें कबड्डी, बालिबाल, खो-खो, रस्साकसी, दौड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित कयी प्रतियोगिता होनी है। इच्छुक प्रतियोगी आफलाइन या फिर आनलाईन पंजीयन करा कर भाग ले सकते हैं। इसी संदर्भ में आज खलियारी बाजार में जागरूकता रैली निकाली गई है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल, मनोज जायसवाल ने भी रैली को संबोधित करते हुए सभी से खेल महाकुंभ में बढ़-चढ़कर भाग लेने कि अपील किया। विधायक प्रतिनिधि विकास मिश्रा ने सभी लोगों का आभार जताया। इस मौके पर अनिल सिंह संतोष दुबे, देवी सिंह, अरुण कुमार, राजेश चौरसिया, कैलाश जाय सवाल, रामकेश विश्वकर्मा, धीरेन्द्र पटेल, डब्लू दुबे, महेश, निशांत पटेल, राजबहादुर सिंह, पन्नालाल, रमाकांत, शिवाजी, शिवम पटेल, सुनील जायसवाल, कविता, सलिता, दुर्गावती देवी, अमरेश यादव, राजकुमार पासवान, सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के युवक एवं सैकड़ों कि संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

# चौथे स्तंभ को बदनाम करने पर तुले हैं कुछ कथित पत्रकार

समाज जागरण

सुशील शर्मा लोनी, 17 दिसंबरः हर समझदार नागरिक जानता है कि पत्रकारिता जनता और देश की उन तमाम गतिविधियों के बीच का एक वह सेतु है जिसके माध्यम से दोनों के बीच अच्छी व बुरी गतिविधियों का आदान-प्रदान संभव होता है। यानीकि सिद्धांतों को जनता के समक्ष परोसकर सच क्या है यह उन्हे बताना है। मगर आज के युग में जिस तरह कुछ कथित पत्रकारों की घटिया मानसिकता वाले कृत्य सुनने और देखने में आ रहे है वह निश्चित तौर पर देश के चौथे स्तंभ को कमजोर करने जैसी बात है।

गौरतलब है कि अगर पत्रकारिता पूरी निष्ठा व ईमानदारी से सकारात्मक सोच के साथ की जाए तो वह एक ऐसी शक्ति है जो किसी भी सत्ता को हिला कर रख सकती है। और यदि यही पत्रकारिता जिम्मेदारी को ताक पर रखकर अपने निजी स्वार्थ के लिए की जाए तो समाज और सरकार दोनों के लिए हानिकारक भी हो सकती है. जो पत्रकारिता क्षेत्र के लिए एक कलंक मात्र है।

ऐसे कथित पत्रकार पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों/कर्मचारियों की चापलूसी कर अपने को बड़ा पत्रकार सिद्ध कर लेते हैं. जो उनकी एक बड़ी भूल होती है, क्योंकि वह नहीं जानते होते कि अधिकारियों को भी कुछ ऐसे ही संकीर्ण बुद्धि वाले कथित पत्रकारों की आवश्यकता होती है।




दरअसल देश के इस चौथे स्तंभ से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह समझना जरूरी होता है कि वह इस मीडिया जगत में वाह वाही लूटने, अपना निजी स्वार्थ सिद्ध करने या लोकप्रिय होने के लिए नहीं आते हैं. बल्कि यह समाज के प्रति हमारा धर्म और कर्तव्य होता है. जिसकी जिम्मेदारी है कि कोई भी प्रकरण सामाजिक-प्रशासनिक हो या राजनैतिक, उसकी सच्चाई को तलाशे और अपने कार्य क्षेत्र के माध्यम से तबतक प्रयासरत रहे जबतक सच्चाई को उजागर न कर दो। पत्रकारिता का कार्य है, जनहित में महत्वपूर्ण जानकारी हासिल कर उसे जनता के बीच मर्यादित शब्दों में परोसना, उसे एक संदर्भ में रखना. ताकि उसका उपयोग समाज हित/देश हित में हो सके। पत्रकारिता का उद्देश्य बिना किसी भेदभाव मात्र सेवा करना है। इसी राह पर चलते हुए पत्रकारिता करोगे तो किसी भी तरह का भय आपको नहीं बल्कि सामने वाले को होगा और यदि उक्त वास्तविकता से भटक कर चापलूसी व निजी स्वार्थ भरी पत्रकारिता करते रहोगे तो आज नहीं तो कल अपमानित होना ही होगा जिसके कई उधारण क्षेत्र में समय-समय पर देखने व सुनने को मिलते रहते हैं जो पत्रकार के नाम पर एक भद्दी गाली है। इसलिए, हमेशा हर देशवासी के जहन में यह बात रहना अति आवश्यक है कि-

"बिकाऊ पत्रकार और सोई हुई जनता. यह दोनों ही काफी है किसी देश को बर्बाद करने के लिए"

# टेंट हाउस में लाखों की चोरी

समाज जागरण

लोनी, 17 दिसंबरः लोनी क्षेत्र में चोरी होने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। इस कड़ी में बीती रात एक बार फिर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत अशोक विहार कॉलोनी में अज्ञात बदमाशो ने अमर टेंट हाउस को अपना निशाना बनाया और वहां रखा लाखों रुपए कीमत का सामान समेट कर रफू चक्कर हो गए। घटना के मामले में जांच पड़ताल में जुटी पुलिस ने चोरी में गई मोटर साइकिल को बरामद करने के साथ-साथ एक युवक को शक की बिनाह पर हिरासत में लिया है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक

अशोक विहार कॉलोनी, मुख्य मार्ग पर नरेश पुत्र अमरपाल की अमर टेंट हाउस के नाम से दुकान/गोदाम हैं। बिजी रात अज्ञात बदमाश टेंट हाउस पर लगई ताले तोड़कर अंदर घुस गए और वहां से दो सिलेंडर, 12 भगोंने, 10 तप, सिलाई मशीन हैमर, मोटरसाइकिल व बर्तनों के अलावा अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए।

टेंट हाउस में चोरी हो जाने की सूचना पाकर नरेश ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी जिसने चोरी हुए



सामान की कीमत लख रुपए से भी ऊपर बताई हैं। मौके पर पहुंची पुलिस की जांच पड़ताल के दौरान ही घटनास्थल से कुछ दूरी पर किसी लावारिस मोटरसाइकिल के खड़े होने की सूचना मिली। पुलिस द्वारा बरामद की गई उक्त मोटरसाइकिल टेंट हाउस में हुई चोरी के समान में शामिल पाई गई. अनुमान लगाया जा रहा है कि चोरी की उक्त घटना को अंजाम देने वाले बदमाश फरार होने के दौरान बाइक को किसी मजबूरी वश छोड़कर गए हैं।

थाना प्रभारी का कहना है कि सीसीटीवी कैमरे की मदद के साथ-साथ दूसरे माध्यमों से पुलिस टीम बदमाशों की तलाश में जुट गई है, शक की बिनाह पर एक युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# कड़ाके की सर्दी होने से यहां भी जनजीवन पर बुरा असर पड़ा

**दैनिक समाज जागरण**

मुस्कान खान जनपद बिजनौर नजीबाबाद मौसम की पहली ठंड और कोहरे में सूर्य दिन भर लिहाफ में छुपा रहा, कड़ाके की सर्दी होने से यहां भी जनजीवन पर बुरा असर पड़ा, बाजार और मोहल्ले में मायूसी छाई रही।

यूं तो मंगलवार की देर शाम से ही घना कोहरा छा गया था जिससे



करीब का भी नहीं दिख पा रहा था। सुबह होते होते बुधवार को तड़के से ही घना कोहरे ने अपना रूप ओर विराट कर लिया। स्कूल जाते मासूम बच्चों को ठंड बढ़ने व धने कोहरे के चलते भरी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार की तड़के से हल्की-हल्की बफीर्ली शीत लहर के चलने और दिन भर सूर्य के दर्शन नहीं होने से मौसम की सर्दी ओर कोहरे भरा बुधवार का दिन सबसे ठंडा मौसम रहा। दिन भर सूर्य के दर्शन नहीं होने के कारण यहां नगर के मुख्य बाजारों में दुकानदार दिनभर अलाव जलाकर हाथ सेकते नजर आए, तथा मुख्य मार्ग और मोहल्लो में दिन भर सन्नाटा पसरा रहा। लोग लोग घरों में लिहाफ में छिपे रहने से जनजीवन प्रभावित रहा।

# प्रतीकात्मक फांसी के फंदे संग जंजीर में बंधकर धरने पर बैठे किसान

समाज जागरण

लोनी, 17 दिसंबरः पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बुधवार को किसानों ने लोनी तहसील पर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया।

दोपहर करीब 12 बजे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य वाहनों के साथ तहसील की ओर बढ़े प्रदर्शनकारी किसानों को पुलिस अधिकारियों ने रास्ते में ही रोक दिया. मगर काफी देर तक पुलिस और किसानों के बीच नोंकझोंक के बाद में आखिर किसानों को आगे बढ़ने की अनुमति तो दी गई। मगर

जैसे ही किसान तहसील गेट पर पहुंचे, वहां तहसील का मुख्य गेट बंद कर ताला लगा दिया और किसानों को अंदर परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया गया। इसके विरोध में किसानों ने तहसील गेट पर ही धरना शुरू कर दिया। इसके बाद पूरे दिन तहसील गेट पर बैठे रहने के बाद भी किसी जिम्मेदार



अधिकारी ने बाहर आकर उनकी समस्याएं सुनना उचित नहीं समझा। किसानों का आरोप है कि अधिकारी अंदर कमरों में बैठे रहे और आंदोलनकारी किसानों से दूरी बनाए रखी।

**शाम के लगभग**

शाम के लगभग 5 बजे उपजिला अधिकारी (एसडीएम) ने किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल को अपने कार्यालय में वार्ता के लिए बुलाया। हालांकि किसानों ने यह कहकर वार्ता से इंकार कर दिया कि पहले सभी महिला-पुरुष किसानों को सम्मान पूर्वक तहसील परिसर में बैठने दिया जाए, उसके बाद ही किसी भी तरह की बातचीत संभव होगी और प्रतिनिधिमंडल तहसील से बाहर आ गया।

**किसानों ने रात भर धरने पर बैठेंगे का लिया निर्णय**

प्रशासन द्वारा किसानों को समझाने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं, लेकिन किसानों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों को प्रशासन द्वारा गंभीरता से नहीं लिया जाएगा, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मजबूरी में किसान रात भी तहसील गेट पर ही खुले आसमान के नीचे गुजारने को विवश हैं।

**महिलाओं की सुविधाओं के लिए करी गई मांग**

धरने के दौरान किसानों ने बार-बार महिलाओं के लिए शौचालय व अन्य जनसुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए किसान बार-बार आवाज उठते रहे, लेकिन इस दिशा में कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई।समाचार लिखे जाने तक पुलिस बल मौके पर मुस्तैद रहा, लेकिन किसानों से उनकी दूरी दिखाई दी।

**जिला प्रशासन की कार्य प्रणाली पर उठे सवाल**

किसानों ने सवाल उठाया कि जब वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रख रहे हैं, तो अधिकारियों ने बाहर आकर बातचीत करने के बजाय कमरों में बैठना क्यों जरूरी समझा। मजे की बात तो जा रही थी इस दौरान पत्रकारों से भी प्रशासन ने दूरी बनाए रखी, जिससे स्थिति को लेकर अन्य सवाल खड़े हो गए हैं।

धरना प्रदर्शन के दौरान भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश संगठन मंत्री प्रवीण कुमार, सुनील बालियान, मास्टर महेंद्र सिंह त्यागी, टिकैत टीम से बिल्लू प्रधान, नीरज त्यागी, राजबीर त्यागी, टीनू चौधरी, बालक राम त्यागी, शहजाद चौधरी, बॉबी त्यागी, शाहरुख, मोमिन, राकेश कुमार, रामनरेश, सलीम, गौरव त्यागी, मनवीर प्रधान, रणवीर बैसला, पुरुषोत्तम त्यागी सहित सैकड़ों महिला व पुरुष किसान उपस्थित रहे।

# सेना में डॉ. बिलाल जफर सैफी के सेना में CMO पद पर चयनित होने पर क्षेत्र में उत्साह

लोनी, 17 दिसंबरः क्षेत्र वासियों के लिए यह अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है कि यहां के निवासी डॉ. बिलाल जफर सैफी का चयन भारतीय सेना में CMO (Chief Medical Officer) ऑफिसर के पद पर हुआ है। इस उपलब्धि के बाद क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों, रिश्तेदारों और कॉलोनीवासियों ने खुशी का इजहार व्यक्त करते हुए उन्हें और उनके परिवार को आज बधाइयां दीं।

डॉ बिलाल जफर सैफी की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में उत्साह व खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि उन्होंने लोनी ही नहीं बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। हर कोई उनकी मेहनत और लगन की सराहना कर रहा है। परिवार की शुरू से ही यह इच्छा थी कि डॉ बिलाल जफर सैफी अच्छी शिक्षा प्राप्त कर एक प्रतिष्ठित नौकरी हासिल करें और अपने परिवार के साथ-साथ समाज और देश का नाम रोशन करें। परिवारजनों ने बताया कि डॉ बिलाल पढ़ाई को लेकर बचपन से ही गंभीर और अनुशासित रहे हैं। इसी वजह से उन्हें हर स्तर पर परिवार का पूरा सहयोग मिला।

परिवार ने उनके चयन को गर्व की बात बताते हुए कहा कि आज जो खुशी उन्हें मिल रही है, उसे शब्दों में बयां करना संभव नहीं है। उनका कहना है कि बेटे ने न केवल परिवार का सपना पूरा किया है बल्कि देश सेवा का मार्ग भी चुना है, जो हर माता-पिता के लिए सम्मान की बात है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि डॉ. बिलाल जफर सैफी आज के नवयुवकों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत हैं। वर्तमान समय में जब कई युवा गलत संगत और भटकाव का शिकार हो रहे हैं, ऐसे में डॉ बिलाल की सफलता यह संदेश देती है कि सही दिशा, कड़ी मेहनत और शिक्षा से ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है। लोगों ने अपील की है कि आज के नवयुवक डॉ. बिलाल जफर सैफी से प्रेरणा लें और शिक्षा को अपना मजबूत हथियार बनाकर समाज और देश का नाम रोशन करें. उनकी यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के लिए एक मिसाल कायम करेगी।

# खादी एवं ग्रामोद्योग को मिलेगा आयाम, मंडल स्तरीय खादी प्रदर्शनी-2025 का आयोजन

*वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना करेंगे मंडल स्तरीय खादी प्रदर्शनी का उद्घाटन*

*लखनऊ मंडल के खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों को मिलेगा प्रदर्शन एवं बिक्री का मंच*

समाज जागरण

लखनऊ, 17 दिसंबर 2025। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता के तहत उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा मंडल स्तरीय खादी प्रदर्शनी-2025 का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी का उद्घाटन 18 दिसंबर को दोपहर 2:00 बजे प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा किया जाएगा। यह आयोजन केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के लखनऊ परिसर, गोमती नगर में आयोजित होगा।

योगी सरकार की आत्मनिर्भर ग्राम्य अर्थव्यवस्था की सोच को धरातल पर उतारते हुए उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा दस दिवसीय मंडल स्तरीय खादी प्रदर्शनी-2025 का आयोजन 18 दिसंबर से 28 दिसंबर तक किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में लखनऊ मंडल के खादी एवं ग्रामोद्योग से जुड़े कारीगरों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री का अवसर मिलेगा।

प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र से जुड़े कारीगरों, शिल्पकारों और उद्यमियों को सशक्त मंच प्रदान करना है। प्रदर्शनी में खादी वस्त्र, हस्तशिल्प उत्पाद, चमड़े के सामान, मिट्टी के बर्तन, बांस एवं काष्ठ शिल्प, जैविक एवं स्थानीय उत्पादों सहित विविध ग्रामोद्योग उत्पाद एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे। लगभग 50 स्टॉलों के माध्यम से उपभोक्ता सीधे कारीगरों से उत्पाद खरीद सकेंगे, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी और कारीगरों की आय में वृद्धि होगी।

योगी सरकार की युवोन्मुखी नीतियों के अनुरूप यह प्रदर्शनी युवाओं को ग्रामोद्योग से जोड़ने की दिशा में भी एक प्रभावी पहल है। प्रदेश में खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र से लाखों परिवार जुड़े हुए हैं और इस प्रकार के आयोजन ह्यआत्मनिर्भर भारतह्न अभियान को मजबूती प्रदान करते हैं। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, पलायन रोकने और सतत विकास को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगी।

प्रदर्शनी के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं कार्यशालाओं का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें कारीगर अपनी पारंपरिक कला, तकनीक और अनुभव साझा करेंगे। खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा प्रदेश भर में मंडल स्तर पर इस प्रकार की प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा रहा है, जो योगी सरकार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की नीति का सशक्त उदाहरण है।

# टीएमयू मेडिकल प्रीमियर लीग में एयरवे अवेंजर्स के सिर सजा ताज

समाज जागरण

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में टीएमयू मेडिकल प्रीमियर लीग-टीएमपीएल टेनिस बॉल क्रिकेट के कुल 14 मुकाबलों में भिड़ी पांच टीमें, डॉ. स्नेहिल देवडिया 35 बॉल्स पर 42 रन बनाकर मैन ऑफ दी मैच



तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में टीएमयू मेडिकल प्रीमियर लीग- टीएमपीएल टेनिस बॉल क्रिकेट पहली बार आईपीएल की तर्ज पर हुआ। बोलियां लगी और खिलाड़ी बिके, लेकिन खास बात यह रही कि टीएमपीएल का यह ऑक्शन वर्चुअली रहा। इस नीलामी में ऑलराउंडर शिवा सोलंकी और शान्तनु तोमर सर्वाधिक मंहगे बिके। इन मुकाबलों में मेडिकल स्टुडेंट्स के संग-संग फैकल्टीज ने भी अपना हुनर दिखाया। नौ दिनी इस लीग में पांच टीमों के बीच कुल 14 मैच हुए। टीएमयू के क्रिकेट मैदान पर हुए अंतिम मुकाबले में टीएमयू एयरवे अवेंजर्स की टीम ने टीएमयू टॉक्सिन को आठ विकेट से एकतरफा मात दी। समापन समारोह में तीर्थंकर मेडिकल कॉलेज में पैथोलॉजी की एचओडी प्रो. सीमा अवस्थी ने बतौर मुख्य अतिथि विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रो. आरके कौल, डॉ. आरिफ वकार, डॉ. शाहबाज आलम, डॉ. अरसद, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. आकाश गांधी आदि मौजूद रहे।

टॉस जीतकर एयरवे अवेंजर्स के कप्तान डॉ. अंकुर सिंह ने बॉलिंग चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए टॉक्सिन की टीम निर्धारित 20 ओवर में 167 रनों पर ढेर हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए टीएमयू एयरवे अवेंजर्स की टीम ने 18 ओवर में ही 02 विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। एयरवे अवेंजर्स के ऑलराउंडर डॉ. स्नेहिल देवडिया ने 35 बॉल्स पर 42 रन ठोककर 05 विकेट भी चटकाए। इस शानदार प्रदर्शन के बूते डॉ. स्नेहिल को मैन ऑफ दी मैच के संग-संग प्लेयर ऑफ द टूनामेंट भी चुना गया। बल्लेबाज डॉ. रजत जून ने सर्वाधिक 48 गेंदों में 82 रनों की जबर्दस्त पारी खेली। डॉ. जून ने अपनी पारी में 06 छक्के और 04 चौके भी जड़े। टीएमयू टॉक्सिन की ओर से डॉ. आमिर शेख की कप्तानी में डॉ. सिमरन सिंह का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। डॉ. सिमरन ने 06 मुकाबलों में 180 रन बनाए और 09 विकेट भी चटकाए। एम्पायर की भूमिका श्री चंद्रशेखर आदि ने निभाई।

# जनपद में यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति आवश्यकता अनुसार कराई जा रही- जिला कृषि अधिकारी

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर बिजनौर। जनपद के समस्त किसान भाइयों को सूचित किया जाता है जनपद में रबी फसलो गेहू की वुवाई का कार्य समाप्ति की ओर है एवं उनकी यूरिया की टाप ड्रेंसिग का कार्य भी प्रारम्भ हो गया है, जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह ने बताया कि जनपद के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 15 दिसम्बर तक 41415.00 मै0 टन यूरिया की आपूर्ति के सापेक्ष 12331.00 मै0 टन यूरिया का वितरण सहकारी एवं निजी क्षेत्र के माध्यम से कराया गया है। वर्तमान में सहकारिता एवं निजि क्षेत्र में 16638.00 मै0 टन यूरिया उर्वरक उपलब्ध है एवं आवश्यकता के अनुसार यूरिया की लगातार आपूर्ति करायी जा रही है और जनपद के कृषको को यूरिया निर्बाध रूप से सहकारी संस्थाओं और निजी प्रतिष्ठानों के माध्यम से उपलब्ध कराने हेतु निर्धारित दर पर यूरिया के वितरण करने के कडे निर्देश दिये गये है साथ ही सभी समितियो के गोदाम प्रभारी/विक्रेताओं को स्पष्ट रूप से यह भी निर्देशित किया गया है कि यूरिया अथवा अन्य मुख्य पोषक तत्व के उर्वरकों के साथ कोई अन्य उत्पादो की टैंगिग कदापि न की जाय एवं उर्वरको की बिक्री निर्धारित दर से अधिक दर पर न करने तथा कृषको की खतौनी एवं उनकी जोत/ बही व उनके द्वारा बोई गयी फसलों में वैज्ञानिक संस्तुति के आधार पर ही यूरिया उर्वरको की बिक्री करने के स्पष्ट निर्देश दिये गये है। जनपद के समस्त उर्वरक विक्रेताओं को पुनः निर्देशित किया गया है कि यदि उर्वरको की बिक्री निर्धारित दर से अधिक दर पर अथवा यूरिया व अन्य उर्वरको के साथ अन्य उत्पादो की टैंगिग करते हुए पाया गया तो कठोर दण्डात्मक वैधानिक/ विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। अतः समस्त किसान भाइयो से अनुरोध है कि उर्वरक प्रतिष्ठानो से उर्वरको के क्रय करते समय आधार कार्ड अवश्य ले जाये और पी0ओ0एस0 मशीन पर अपनी पहचान की पुष्टि कराते हुए अपनी जोत/बही एवं बोई गयी फसलों की संस्तुति के आधार पर ही उर्वरक क्रय करें और पी0ओ0एस0 मशीन से जारी की गयी रसीद अवश्य ले। यदि उर्वरक की बिक्री निर्धारित दर से अधिक दर पर करने अथवा यूरिया व अन्य उर्वरको के साथ जबरदस्ती अन्य उत्पादों की टैंगिग की जा रही है तो इसकी लिखित सूचना अधोहस्ताक्षरी कार्यालय अथवा व्हाटस एप्प नं0-9161889022 पर अवश्य दे, जिससे संबंधित विक्रेता के विरूद्ध दण्डात्मक विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# नेशनल ट्रेड कॉन्फ्रेंस ऑफ एल्युमिनियम यूटेंसिल्स मैन्युफैक्चरिंग में शामिल हुई रेखा गुप्ता

समाज जागरण

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ नेता रेखा गुप्ता ने नेशनल ट्रेड कॉन्फ्रेंस ऑफ एल्युमिनियम यूटेंसिल्स मैन्युफैक्चरिंग कार्यक्रम में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने उद्योग और सरकार के बीच सहयोग को देश के आर्थिक विकास के लिए आवश्यक बताया।

रेखा गुप्ता ने कहा कि इस तरह के मंच सरकार और उद्योग जगत को एक साथ जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं, जिससे उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार होता है, नवाचार को बढ़ावा मिलता है और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा कि टीम भावना के साथ कार्य करने से भारतीय उद्योग वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकता है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि दिल्ली



सरकार उद्योगों के साथ निरंतर



संवाद और सहयोग के माध्यम से व्यापार को मजबूत करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, ताकि उद्यमियों को बेहतर वातावरण मिल सके और रोजगार के नए अवसर सृजित हों। इस कार्यक्रम में सांसद श्री प्रवीण खंडेलवाल सहित एल्युमिनियम यूटेंसिल्स उद्योग से जुड़े अनेक गणमान्य प्रतिनिधि और उद्यमी उपस्थित रहे। सम्मेलन के दौरान उद्योग से जुड़े विभिन्न मुद्दों, संभावनाओं और चुनौतियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन पर दिल्ली मेट्रो म्यूजियम आम जनता के लिए खोला गया

समाज जागरण

नई दिल्ली। दिल्ली मेट्रो की गौरवशाली यात्रा और उसके विकासक्रम को दशार्ने वाला दिल्ली मेट्रो म्यूजियम अब आम जनता के लिए खोल दिया गया है। यह म्यूजियम सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन परिसर में स्थापित किया गया है, जहां दिल्ली मेट्रो के निर्माण, विस्तार और तकनीकी उपलब्धियों को आकर्षक रूप में प्रदर्शित किया गया है।

म्यूजियम के उद्घाटन अवसर पर कहा गया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली मेट्रो




ने जिस तीव्र गति से विस्तार किया है, वह देश के शहरी परिवहन विकास की एक मिसाल है। आधुनिक तकनीक, समयबद्ध परियोजनाएं और विश्वस्तरीय सुविधाओं के कारण दिल्ली मेट्रो आज राजधानी की जीवनरेखा बन चुकी है। उद्घाटन के दौरान आम जनता, विशेषकर युवाओं से अपील की गई कि वे इस म्यूजियम का अवश्य भ्रमण करें और दिल्ली के विकास में मेट्रो की महत्वपूर्ण भूमिका को करीब से समझें। म्यूजियम में दिल्ली मेट्रो के इतिहास, विभिन्न चरणों के विस्तार, इंजीनियरिंग नवाचारों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी गई है। इस अवसर पर कैबिनेट सहयोगी डॉ. पंकज कुमार सिंह सहित दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने म्यूजियम को ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बताते हुए इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए उपयोगी बताया।

# प्रदूषण के मद्देनजर श्रमिकों के हित में दिल्ली सरकार के दो बड़े फैसले

समाज जागरण

नई दिल्ली। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण और GRAP-3 U GRAP-4 लागू होने के मद्देनजर मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता के निर्देश पर श्रम मंत्रालय ने श्रमिकों और कर्मचारियों के हित में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। यह जानकारी श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने दी।

उन्होंने बताया कि दिल्ली के सभी वेरीफाइड मजदूरों के बैंक खातों में 10 हजार रुपये की मुआवजा राशि




सीधे ट्रांसफर की जाएगी, ताकि

प्रदूषण नियंत्रण उपायों के कारण

उनके रोजगार और आय पर कोई आर्थिक प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। यह सहायता विशेष रूप से GRAP-3 और GRAP-4 के चलते कार्य बाधित होने वाले श्रमिकों के लिए दी जा रही है।

इसके साथ ही श्रम मंत्रालय ने दिल्ली के सभी सरकारी एवं निजी संस्थानों को निर्देश जारी किए हैं कि वे अधिकतम 50 प्रतिशत कर्मचारियों के साथ ही कार्यालयों का संचालन करें, जबकि शेष कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था दी जाए। इस निर्णय का उद्देश्य प्रदूषण के प्रभाव को कम करना और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली सरकार श्रमिकों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं आर्थिक सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और प्रदूषण से निपटने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।